हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com धनबाद, रविवार, 22 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 171, मूल्य : 2 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में रविवार को सुबह 4:00 बजे से बंद रहेगी इंटरनेट सेवा

रांचीः झारखंड में रविवार के दिन यानी 22 सितंबर को सुबह 4:00 बजे से शाम 3:30 बजे तक इंटरनेट सेवा बंद रहेगी. इससे जुड़ा मैसेज प्रसारित किया गया है. इसमें लिखा गया है कि झारखंड सरकार के निर्देशानुसार पूरे राज्य में रविवार, 22 सितंबर को सुबह 4:00 से शाम 3:30 तक इंटरनेट की सभी सेवाएं बंद रहेंगी. इस समय पर आप इंटरनेट संबंधी किसी भी सेवा का उपयोग नहीं कर पाएंगे. 21 सितंबर को गृह विभाग की प्रधान सचिव के हवाले से जारी आदेश में स्पष्ट लिखा हुआ है कि सीजीएल परीक्षा को कदाचार मुक्त और पारदर्शिता से संपन्न करने के लिए 21 और 22 सितंबर को सुबह 8:00 बजे से 1:30 बजे तक पूरे राज्य में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी. इस मैसेज के वायरल होने के बाद झारखंड बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा है कि झारखंड में साढ़े पांच घंटे इंटरनेट बंदी की मियाद बढ़ाकर लगभग 12 घंटे का कर दिया है. इंटरनेट बंदी की आड़ में जेएसएससी परीक्षा की सीटें बाहरी लोगों के हाथों बेचने का खेल तो नहीं चल रहा? वजह चाहे जो भी हो, इंटरनेट बंदी के इस बेहुदे फैसले ने झारखंड के जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया है.

### अगले हफ्ते झारखंड और महाराष्ट्र का दौरा करेगा निर्वाचन आयोग

**चुनावी तैयारियों का लेगा जायजा**

नई दिल्ली : चुनाव आयोग (ईसी) अगले हफ्ते महाराष्ट्र और झारखंड का दौरा करेगा। यह दौरा विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए होगा। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की अगुवाई में आयोग 23-24 सितंबर को झारखंड और 27-28 सितंबर को महाराष्ट्र पहुंचेगा। पिछली बार महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव एक साथ हुए थे। लेकिन इ बार चुनाव आयोग ने दोनों राज्यों के चुनावों को अलग-अलग समय पर कराने का फैसला किया है। झारखंड में पिछले चुनाव अलग हुए थे। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त होगा। जबकि झारखंड विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी को खत्म होगा। जम्मू-कश्मीर में चुनाव पहले से चल रहे हैं। जबकि हरियाणा में पांच अक्तूबर को मतदान होगा। दिल्ली में विधानसभा चुनाव फरवरी में होने की संभावना है।

### हाईकोर्ट पहुंचा इंटरनेट बंद करने का मामला, कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

रांची(ईएमएस)।जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के कारण राज्य में इंटरनेट सुविधा बंद किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है।जिसपर शनिवार को हाईकोर्ट के न्यायधीश जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच ने सुनवाई की।सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार से पूछा कि इंटरनेट बंद करने के लिए क्या पॉलिसी है। क्या सभी परीक्षाओं में इसी तरह इंटरनेट बंद कर दीजियेगा।कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को चार सप्ताह में एफिडेविट के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा। वहीं स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राजेंद्र कृष्णा ने स्वयं बहस की।प्रार्थी की ओर से अदालत में कहा गया कि इंटरनेट सुविधा बंद किए जाने से रोजमर्रा के कई काम प्रभावित हो रहे हैं और इसका सीधा असर लोगों के कामकाज पर पड़ रहा है।वहीं राज्य सरकार की ओर से दलील पेश की गयी कि परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी ना हो, इसलिए एहतियातन सिर्फ मोबाइल का इंटरनेट बंद किया गया है।बाकि इंटरनेट की सुविधाएं पूर्व की तरह ही चल रही है।

### 3500 की रिश्वत लेते बैंक मैनेजर और चपरासी को सीबीआई ने दबोचा

करौंदी बाजार। देवरिया में सीबीआई लखनऊ की टीम ने 3500 रुपए की रिश्वत लेते बरियारपुर थाना क्षेत्र के रामपुर अवस्थी स्थित बड़ौदा यूपी बैंक शाखा के प्रबंधक व चपरासी को गिरफ्तार कर किया है। केसीसी ऋण देने के नाम पर किसान से पांच हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। गिरफ्तारी के बाद बैंक में खलबली मच गई। शुक्रवार देर रात तक सीबीआई दोनों से पूछताछ कर रही थी। बरियारपुर थाना क्षेत्र के लगड़ा गांव के रहने वाले रामभरोसा गुप्ता किसान हैं। उन्होंने अगस्त में केसीसी के लिए बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा रामपुर अवस्थी में आवेदन दिया था। पहली किस्त 55 हजार रुपए की खाते में आ गई। इसके बाद एक लाख रुपए खाते में भेजे गए, लेकिन खाता होल्ड कर दिया गया। आरोप है कि शाखा प्रबंधक प्रिंस जायसवाल ने प्राइवेट चपरासी अनूप कुमार के जरिए से पांच हजार रुपए रिश्वत की मांग की। किसान राम भरोसा बैंक गए, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। उनके बेटे मनीष ने भी शाखा प्रबंधक से मुलाकात की, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद मनीष ने चार दिन पहले सीबीआइ से शिकायत की जिसके बाद सीबीआई डीएसपी अमित राठी के नेतृत्व में सीबीआइ टीम शुक्रवार दोपहर को बैंक शाखा पहुंची।

### गढ़वा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हेलीकॉप्टर का ईंधन खत्म, सड़क मार्ग से रवाना

गढ़वा (ईएमएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को गढ़वा आए थे। वे यहां परिवर्तन यात्रा की शुरुआत किए।जाने के दौरान उनके हेलीकॉप्टर का ईंधन खत्म हो गया।जिसके बाद उन्हें सड़क मार्ग से रवाना होना पड़ा। गौरतलब है कि परिवर्तन यात्रा को संबोधित करने के बाद उन्हें हेलीकॉप्टर से रवाना होना था।लेकिन हेलीकॉप्टर का ईंधन खत्म हो जाने के कारण वे सड़क मार्ग से वाराणसी के लिए रवाना हो गए।राजनाथ सिंह चतरा जिले के इटखोरी में परिवर्तन यात्रा को संबोधित करने के बाद गढ़वा में परिवर्तन यात्रा को संबोधित करने पहुंचे। लोगों को संबोधित करने के बाद रक्षा मंत्री को रवाना होना था।लेकिन हेलीकॉप्टर का ईंधन खत्म हो जाने पर उन्हें इंतजार करना पड़ा।रांची से ईंधन मंगवाया जा रहा था। लेकिन आने में काफी देर हो गई। जिसके बाद वे सड़क मार्ग से ही वाराणसी के लिए रवाना हो गए।

### लैंड स्कैम में पूर्व डीसी छवि रंजन और विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर हुई सुनवाई

रांची(ईएमएस)।चेशायर होम रोड की ज़मीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम केस के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और व्यवसाई विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। शनिवार की सुनवाई के दौरान दोनों की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया जिसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए क्रमशः 27 सितंबर और 5 अक्तूबर की तिथि निर्धारित की है। दरअसल रांची के बड़गाईं अंचल के चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था। सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल भी हो चुकी है।

# आतिशी बनीं दिल्ली की सबसे युवा सीएम

## शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज के बाद तीसरी महिला; 5 मंत्रियों ने शपथ ली, मुकेश अहलावत नया चेहरा

नई दिल्ली(ईएमएस)। आतिशी ने शनिवार को दिल्ली की 17वीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राजनिवास में उन्हें एलजी विनय सक्सेना ने शपथ दिलाई। शपथ के बाद आतिशी ने अरविंद केजरीवाल के पैर छुए। वे दिल्ली की सबसे युवा और तीसरी महिला मुख्यमंत्री बन गईं। उनसे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित सीएम रह चुकी हैं। आतिशी के बाद सौरभ भारद्वाज. गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत ने मंत्री पद की शपथ ली। कैबिनेट में मुकेश अहलावत एकमात्र नया चेहरा हैं।

43 साल की आतिशी कालकाजी सीट से तीन बार की विधायक हैं। आतिशी दिल्ली की सबसे युवा सीएम होने का केजरीवाल का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। आतिशी 43 साल की हैं, जबकि 2013 में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के समय केजरीवाल 45 साल के थे। आप विधायकों ने 17 सितंबर को केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी का नाम सीएम के रूप में फाइनल किया था। आतिशी के शपथ ग्रहण समारोह में आम आदमी पार्टी कन्वेनर अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और पंजाब सीएम भगवंत मान शामिल रहे।

### सीएम आतिशी के पास 13 विभाग

मुख्यमंत्री आतिशी के पास वित्त, ऊर्जा, शिक्षा, सर्विसेज और पानी सहित कुल 13 विभाग रहेंगे. इसके साथ ही सौरभ भारद्वाज स्वास्थ्य विभाग समेत कुल 8 विभाग संभालेंगे तो गोपाल राय पहले की तरह पर्यावरण मंत्री बने रहेंगे. इसके साथ ही कैलाश गहलोत के पास भी पहले की तरह परिवहन विभाग होगा. साथ ही इमरान हुसैन को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग सौंपा गया है. वहीं मुकेश अहलावत को श्रम और एससी-एसटी विभाग का जिम्मा सौंपा गया है.



### नई सरकार में मुकेश अहलावत नया चेहरा

आतिशी के अलावा 5 मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण की. आतिशी सरकार में जिन लोगों को मंत्री बनाया गया है, उनमें से ज्यादातर पुराने चेहरे हैं. नई सरकार में मुकेश अहलावत अकेला नया चेहरा हैं. पुराने चेहरों में सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत, गोपाल राय और इमरान हुसैन ने भी मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की. यह चारों केजरीवाल सरकार में मंत्री रह चुके हैं.

आतिशी ने नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि वह निवर्तमान सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा उन पर जताए गए भरोसे से खुश हैं लेकिन इस बात से दुखी भी हैं कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह आगामी विधानसभा चुनाव के बाद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के रूप में वापस लाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगी.

साथ ही कहा, "सबसे पहले, मैं दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मेरे गुरु अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद देना चाहती हैं, जिन्होंने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी और इसके लिए मुझ पर भरोसा जताया. यह केवल आम आदमी पार्टी और केवल अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में ही हो सकता है कि कोई राजनेता पहली बार किसी राज्य का मुख्यमंत्री बने. मैं साधारण परिवार से आती हूं. अगर मैं किसी और पार्टी में होती तो शायद मुझे चुनाव का टिकट भी नहीं मिलता.''

### आतिशी ने पूर्व सीएम केजरीवाल से की मुलाकात

शपथ ग्रहण से पहले आतिशी और उनके मंत्रिमंडल में हिस्सा बनने वाले नेताओं ने यहां आप के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से भेंट कीं. आतिशी, आप नेताओं गोपाल राय, कैलाश गहलोत शपथ ग्रहण से पूर्व यहां सिविल लाइंस में केजरीवाल के निवास पर पहुंचे थे.

### केजरीवाल ने सीएम पद से दे दिया था इस्तीफा

इस सप्ताह के प्रारंभ में आतिशी को आप के विधायक दल का नेता चुना गया था. इससे पहले केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे की अप्रत्याशित घोषणा की थी और कहा था कि यदि लोग उन्हें 'ईमानदारी का प्रमाणपत्र' देते हैं तो ही वह मुख्यमंत्री पद पर लौटेंगे.

# आधुनिक तकनीक अपनाना है, इसके दुष्प्रभाव से भी बचना हैः राष्ट्रपति मुर्मू

रांची,(ईएमएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रांची के नामकुम में स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान (आईसीएआर) के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झारखंड से उनका विशेष लगाव रहा है और यह भगवान बिरसा मुंडा की धरती मेरे लिए तीर्थ स्थल है। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड के राज्यपाल के अपने कार्यकाल के दौरान वह 2017 में इस संस्थान में आ चुकी हैं। हमारे देश के कई राज्यों में लाह का उत्पादन होता है। भारत में लाह का उत्पादन मुख्य रूप से जनजातीय समुदाय द्वारा किया जाता है। इस संस्थान में लाह के साथ-साथ कई उत्पाद किए जा रहे हैं। यह



गर्व की बात है कि झारखंड में इसका उत्पादन देश के कुल उत्पादन का 55 फीसदी है।

उन्होंने कहा कि एसएजी समूह की बहनें बहुत मेहनती हैं जो कृषि के साथ अन्य उत्पाद से जुड़ी हुई हैं। महिलाएं सब्जी उत्पादन करती हैं, लेकिन उसे फ्रिजिंग करने की जरूरत है ताकि सब्जियां खराब न हो। आज का दौर आधुनिक तकनीक का है इसका इस्तेमाल करना है लेकिन इसके दुष्प्रभाव से भी बचना है। अभी भी अनेक क्षेत्र हैं जहां हम और आगे जा सकते हैं। लाह के उत्पादन, सप्लाई चैन और मार्केटिंग में सुधार किया जाए तो हम लाह की खेती में और आगे बढ़ सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि गांवों में कृषि आधारित भंडारण नीति बनाई जा रही है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी कृषि एवं उत्पाद कैसे आगे बढ़े, इसके लिए काम करने जरूरत है। आज भी हमारे किसानों गरीबी का जीवन जी रहे हैं। इस दिशा में काम करने की जरूरत है। सेकेंडरी कृषि इसका विकल्प हो सकता है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और वे गांव भी नहीं छोड़ेंगे। वेस्टेज वस्तुओं को हम रीसाइकलिंग करके उपयोगी एवं मूल्यवान वस्तुएं बना सकते हैं।

## झारखंड होमगार्ड में फर्जी तरीके से नौकरी करने के मामले में कंपनी कमांडर समेत 5 के खिलाफ मामला दर्ज, एक धराया



रांची : झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी करने के मामले में कंपनी कमांडर समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है. यह मामला गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन विभाग के डीजी अनिल पालटा के निर्देश पर धुर्वा थाना में शनिवार को दर्ज हुआ है. जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है उसमें कंपनी कमांडर कैलाश यादव के अलावा फर्जी तरीके से होमगार्ड की नौकरी कर रहे आरिफ अंसारी, आसिफ अंसारी, जगदीश टोप्पो और निसाद अहमद के नाम शामिल है. फर्जी तरीके के नौकरी करने वाले सभी रांची के कांके, रातू और नामकुम के रहने वाले हैं. चारों व्यक्ति कंपनी कमांडर कैलाश यादव की मदद से अभिलेख में छेड़छाड़ कर होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी कर रहा था. ये सभी पिछले दो साल से नौकरी कर रहा था और सरकार से वेतन भी ले रहा था. जांच के बाद इन लोगों के द्वारा फर्जी तरीके से नौकरी करने का मामला सामने आया. वहीं पूरे राज्य में फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे होमगार्ड के जवान को चिन्हित किया जा रहा है.

## झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस बने एमएस रामचन्द्र राव, अधिसूचना जारी

रांची : केंद्र सरकार ने 8 हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी है. केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुख्य न्यायधीशों की जानकारी साझा की है. रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, मध्य प्रदेश, केरल, मेघालय और मद्रास हाईकोर्ट के लिए चीफ जस्टिस के नाम की सिफारिश की है.





### पूरी लिस्ट देखें

जस्टिस मनमोहन (वर्तमान में दिल्ली हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश) – दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश.

जस्टिस राजीव शकधर (वर्तमान में दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश) – हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश.

जस्टिस सुरेश कुमार कैत (दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश) – मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश.

जस्टिस इंद्र प्रसन्न मुखर्जी (कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश) – मेघालय हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश.

जस्टिस नितिन मधुकर जामदार (बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायाधीश).- केरल हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश.

जस्टिस ताशी रबस्तान (जम्मू-कश्मीर एवं लद्धाख हाई कोर्ट के न्यायाधीश) – जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश.

जस्टिस केआर श्रीराम (बॉम्बे हाई के न्यायाधीश) – मद्रास हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

जस्टिस एमएस रामचंद्र राव (वर्तमान में HP & हाई कोर्ट के CJ) – झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश.

## झारखंड में 11 आईएएस का तबादला कई जिलों के एसडीओ भी बदले

रांची : झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 11 पदाधिकारी का स्थानांतरण पदस्थापन किया है. कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है. अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर देवघर आशीष अग्रवाल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक परियोजना निदेशक समेकित जनजातीय विकास अभिकरण सरायकेला खरसावां के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है. अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी अनिकेत सचान को अगले आदेश तक अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है. अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद पीयूष सिन्हा को स्थानांतरित करते हुए अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था धनबाद के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है. अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर रीना हंसदा को स्थानांतरित करते हुए परियोजना निदेशक समेकित जनजातीय विकास अभिकरण गुमला के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है. अवर सचिव वित्त विभाग शताब्दी मजूमदार को स्थानांतरित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम के पद पर नियुक्त किया गया है. प्रतीक्षारत श्रुति राज लक्ष्मी को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर के पद पर नियुक्त किया गया है.

प्रतीक्षारत रवि कुमार को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी देवघर के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है. प्रतीक्षारत दीपेश कुमारी को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी के पद पर नियुक्त किया गया है. प्रतीक्षारत कृष्णकांत कांवरिया को अगले आदेश तक हुसैनाबाद का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है. सुलोचना मीणा को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनी नगर सदर के पद पर नियुक्ति एवं पदस्थापित किया गया है.

# हिंद महासागर में युद्धक क्षमताओं को बढ़ाएगी नौसेना बैठक में बल के शीर्ष कमांडरों ने लिया फैसला

## यह कदम चीन की बढ़ती घुसपैठ और हिंद महासागर में देखी जा रही भू-राजनीतिक स्थिति की पृष्ठभूमि में लिया गया

नई दिल्ली : भारतीय नौसेना के शीर्ष अधिकारियों ने फैसला लिया है कि वे हिंद महासागर में अपनी युद्धक क्षमताओं को बढ़ाएंगे। यह कदम चीन की बढ़ती घुसपैठ और हिंद महासागर में देखी जा रही भू-राजनीतिक स्थिति की पृष्ठभूमि में लिया गया है। यह फैसला कमांडरों की चार दिवसीय बैठक में गहन चर्चा के बाद लिया गया। बैठक शुक्रवार को समाप्त हुई।

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कमांडरों को संबोधित करते हुए कहा कि समुद्री सुरक्षा और तटीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तट रक्षक और अन्य समुद्री एजेंसियों को सहयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नौसेना मुख्यालय के कमांडो और स्टाफ को एक संतुलित, बहुआयामी नेटवर्क से जुड़े बल के रूप में विकसित होना चाहिए, जो राष्ट्र के समुद्री हितों की सुरक्षा, रक्षा के लिए कभी भी, कहीं भी, किसी सी भी तरह तैयार हो।

नौसेना प्रमुख ने भू-राजनीतिक माहौल में हो रहे बदलावों और समुद्री क्षेत्र में विकसित हो रहीं रणनीतियों पर भी प्रकाश डाला। बल के लिए प्राथमिकता के क्षेत्रों में सभी नौसैनिक प्लेटफॉर्म, उपकरणों और हथियारों की तत्परता सुनिश्चित करना आवश्यक है, जिसका मुख्य फोकस लक्ष्य पर गोला-बारूद पहुंचाना होगा।

बैठक में समकालीन सुरक्षा परिस्थितियों और नौसेना की युद्धक क्षमताओं को बढ़ाने पर फोकस किया गया। कमांडरों ने क्षेत्र की बदलती भू-राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा की और यह तय किया कि इसके लिए भविष्य की योजना तैयार की जाएगा, ताकि हिंद महासागर क्षेत्र में पहला उत्तरदाता और सुरक्षा साझेदार बनने की दिशा में कदम बढ़ाए जा सकें। कमांडरों ने आत्मनिर्भरता के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के प्रति नौसेना के दृढ़ प्रतिबद्धता जताई। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कमांडरों से कहा कि उन्हें वैश्विक स्थिति को देखते हुए किसी भी सुरक्षा चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने भारत की नौसैनिक क्षमता को और अधिक बढाने आवश्यता पर जोर दिया। सिंह ने कहा कि भारत अब हिंद महासागर में एक पसंदीदा सुरक्षा साझेदार के रूप में देखा जा रहा है और नौसैना क्षेत्र में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



## केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इटखोरी हाई स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित किया, कहा

# झारखंड से घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा

चतरा : केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक दिवसीय दौरे पर आज झारखंड के चतरा पहुंचे। उनके साथ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे। माता भद्रकाली मंदिर में दर्शन-पूजन करने के बाद उन्होंने झारखंड सरकार के खिलाफ परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की। इसके बाद राजनाथ सिंह ने इटखोरी हाई स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) झारखंड में आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगी. घुसपैठियों को झारखंड से बाहर निकाला जाएगा. ये बातें शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहीं.



### इटखोरी में भाजपा के परिवर्तन रथ को दिखाई हरी झंडी

इटखोरी के हाई स्कूल मैदान में हजारीबाग प्रमंडल के भाजपा के परिवर्तन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद राजनाथ सिंह ने परिवर्तन सभा को संबोधित किया. परिवर्तन सभा में उन्होंने राहुल गांधी से लेकर हेमंत सोरेन तक पर हमला बोला. कांग्रेस, जेएमएम और आरजेडी को भी निशाने पर लिया. राजनाथ सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन पर हमला बोलते हुए कहा कि भारत किसी भी दागी व्यक्ति को कभी स्वीकार नहीं करेगा. उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन को सत्ता से हटाने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता में लाने का वक्त आ गया है.

### हेमंत सोरेन ने लोकतंत्र से खिलवाड़ किया

रक्षा मंत्री ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारत की स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रथाओं के साथ खिलवाड़ किया है. वह भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं. इस बार के विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता उन्हें सत्ता से उखाड़ फेंकेगी. झारखंड में इस बार भाजपा की सरकार बनेगी. हमारी सरकार बनते ही विकास के काम शुरू होंगे और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी होगी.

### राहुल गांधी ने सिखों को उकसाया है : राजनाथ सिंह

राजनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड के विकास की राह में तीन रोड़े हैं – झामुमो, कांग्रेस और राजद. उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर भी हमला बोला. कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की. उन्होंने सिखों को उकसाया है.

**रक्षा मंत्री ने भद्रकाली मंदिर में की पूजा-अर्चना:** हजारीबाग प्रमंडल के परिवर्तन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से पहले इटखोरी स्थित प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की. यहां से वह सड़क मार्ग से हाई स्कूल मैदान इटखोरी पहुंचे और विशाल जनसभा को संबोधित किया.

केंद्रीय मंत्री ने दावा करते हुए कहा कि झारखंड में इस बार बीजेपी की सरकार बनेगी। बीजेपी की सरकार बनते ही यहां विकास के काम शुरू होंगे और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

## घाटशिला में 24 को हिन्दी विषय पर वेबिनार

पूर्वी सिंहभूम। सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला में 24 सितंबर को हिन्दी पखवाड़ा पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे से आयोजित एक घंटे के वेबिनार में नॉन कॉलेजियट वीमेन एजुकेशन बोर्ड दिल्ली विश्वविद्यालय की डॉ रागिनी प्रिया संबोधित करेंगी। डॉ. रागिनी प्रिया ने पटना विश्वविद्यालय से वर्ष 2020 में हिन्दी विषय में पीएचडी की उपाधि हासिल की है। इनके शोध का विषय है गीतांजलि श्री के उपन्यासों में नारी मुक्ति की अवधारणा। इन्होंने बिहार और झारखंड राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में दो बार सफलता हासिल की है।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(पशुपालन प्रभाग)

राष्ट्रीय पशुधनमिशन(NLM)से सम्बंधित आवश्यक जानकारी

**जिला पशुपालन पदाधिकारी कार्यालय,गिरिडीह**

राश्ट्रीय पशुधनमिशन का उद्देश्य छोटेजुगाली करने वालेपशुओं, मुर्गीपालन और सूकरपालन क्षेत्र तथा चारा क्षेत्र में उद्यमिताविकास के माध्यम से रोजगारसृजन, नस्लसुधार के माध्यम से प्रतिपशु उत्पादकता में वृद्धि, मांस, अंडा, बकरी का दूध, ऊन और चारे के उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्योंको प्राप्तकरना है। इस योजना में कोई भी व्यक्ति, स्वयं सहायतासमूह(SHGs),कृशक उत्पादकसंघ(FPOs),कृशक सहकारिता संगठन(FCOs), joint LIABILITY Groups (JLGs)तथा धारा–8 के अंतर्गत पंजीकृत कम्पनियाँ आवेदनकर सकते हैं:

राष्ट्रीय पशुधनमिशन(NLM) पशुधन से संबंधितविभिन्न गतिविधियों को लिए 50%पूंजीसब्सिडी प्रदान करताहै:

- ग्रामीणपोल्ट्री में नस्ल सुधार फार्म: – रू. 25 लाख तक
- भेड़ और बकरी प्रजनन फार्म: – रू. 50 लाख तक
- सुकर प्रजनन फार्म: – रू.30 लाख तक
- चारामूल्य संवर्धन इकाइयाँ: – रू. 50 लाख तक
- चारा भंडारण इकाइयाँ: – रू. 50 लाख तक

इस योजना में सिर्फ ऑनलाइन ही आवेदन किया जा सकता है

पोर्टल से संबंधितप्रश्नों के लिए एनएलएम(NLM) पोर्टल हेल्पडेस्क से www.dahd.nic.invFkoknlm.support@sidbi-inij संपर्क किया जा सकता है।विशेश जानकारी के लिए अपने निकटतम प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी से संपर्क करें.

आवेदन करने हेतु आवश्यकलिंक https://nlm.udyamimitra.in

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी
गिरिडीह।

PR 336566 Animal Husbandry(24-25)D

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड युवा मोर्चा के सम्मेलन में गरजे विधायक सुदिव्य झारखंड को झारखंडी चलाएगा, बाहरी को पार्सल कर देना हैं

गिरिडीह(ईएमएस)।झामुमो ने भी गिरिडीह में चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में गिरिडीह में शनिवार को झामुमो के युवा मोर्चा का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में झामुमो के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कार्यकर्ताओ में जोश भरते हुए कहा कि झारखंड को झारखंडी चलाएगा या बाहरी ये चुनाव तय करेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड से बाहरियो को पार्सल कर देना हैं।उन्होंने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा किए गए कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक ले जाना हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी एक आदिवासी मूलवासी मुख्यमंत्री को हटाने के लिए षड्यंत्र कर रहा है।उससे सावधान रहने की जरूरत है।

### सांसद व विधायक ने किया तीन सड़क का शिलान्यास

पूर्वी सिंहभूम (ईएमएस)।जमशेदपुर के सांसद बिद्युत बरण महतो व बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार मोहंती ने शनिवार शाम को पीडब्ल्यूडी चौक से गंधानाटा तक, गम्हरिया चौक से बरहागाड़िया तक एवं एनएच 6 से जयपुर नदी घाट तक सड़क निर्माण का शिलान्यास किया।इन तीनों सड़क का निर्माण किरण कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जाएगा।मौके पर उपस्थित सांसद तथा विधायक ने बताया कि इन सड़कों का हाल विगत कई सालों से अति दयनीय था। जिससे लोगों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।इन सड़कों का निर्माण हो जाने से लोगों को यातायात करने में सहुलियत होगी।साथ ही समय की भी बचत होगी। शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष असित मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष चंडी चरण साउ, सांसद प्रतिनिधि गौरव पुष्टि, गौरी शंकर महतो, मानिक मंडल, मिथुन कर, बिशु ओझा, नाडु गोपाल माईती, लाल मोहन मुर्मू, पिंटू दत्त, विवास दास, शामल माईती, मलय बाड़ी, अणु राणा, समीर राणा आदि उपस्थित थे।

### पलामू कैश बरामदगी मामला : दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही एटीएस

पलामू(ईएमएस)।जेएसएससी सीजीएल परीक्षा से एक दिन पहले शाम में पुलिस ने एक होटल से छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति के पास से 93 लख कैश बरामद किए थे। यह कैश पलामू जिले के मेदिनीनगर शहर थाना की पुलिस ने मुख्य बाजार स्थित होटल साईं इन के कमरा नंबर-204 से शुक्रवार की रात बरामद किए थे। इस मामले में अब झारखंड एटीएस ने भी जांच शुरू कर दी है। एटीएस की एक टीम पलामू में कैंप कर रही है। वहीं एटीएस के अधिकारी हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों से पूछताछ कर रहे हैं।पुलिस ने औरंगाबाद के सदन यादव समेत दो को लिया है हिरासत में होटल में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में कैश बरामद होने पर पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया था।पुलिस ने जिस व्यक्ति के पास से कैश बरामद किया है, उसका नाम सदन यादव है।वह औरंगाबाद के बिजुलिया का रहनेवाला है। हिरासत में लिए गए दूसरे व्यक्ति का नाम नितिन कुमार बताया जा रहा है।पुलिस ने दोनों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं।पुलिस की शुरुआती जांच में यह बात सामने आईहै कि बरामद पैसा सोना कारोबार से जुड़ा है।हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों ने पुलिस को बताया कि वह वाराणसी से नकद लेकर पलामू पहुंचे थे।इस पैसे को उनको किसी को देना था। फिलहाल होटल के कमरे से बरामद कैश का सीजीएल परीक्षा से कोई कनेक्शन नहीं देखने को मिल रहा है।

### कुणाल षाड़ंगी की पहल पर बहरागोड़ा में 137 युवाओं को मिला रोजगार

पूर्वी सिंहभूम (ईएमएस)।बहरागोड़ा के जय प्रकाश नारायण भवन में शनिवार को पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के नेतृत्व में रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया।यह पहली बार है जब बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र में ऐसा रोजगार मेला आयोजित हुआ, जिसमें 600 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया और 137 युवाओं को स्थानीय कंपनियों में नौकरी के लिए चुना गया। साथ ही 25 लोगों को ऑन द स्पॉट ज्वाइनिंग लेटर दिया गया। प्रतिभागियों में महिलाएं भी भारी संख्या में मौजूद रहीं।इस मेले में 12 वीं पास, आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन, मैट्रिक, नॉन-मैट्रिक और इंजीनियरिंग योग्यताएं रखने वाले युवा शामिल हुए। रोजगार के अवसरों में वेल्डर, फिटर, गैस कटर, ग्राइंडर, मशीन ऑपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, बीपीओ, और कुक जैसी नौकरियां उपलब्ध थीं।कई प्रमुख कंपनियों ने इस मेले में भाग लिया और युवाओं को साक्षात्कार के माध्यम से नौकरियों के लिए चुना। कुणाल षाड़ंगी ने इस मौके पर कहा कि बहरागोड़ा विधानसभा के युवाओं को रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में न जाना पड़े। हम यहां ऐसे अवसर पैदा करेंगे, जिससे युवा अपने घर के पास ही आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में और भी रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा, ताकि हर युवा को उसकी योग्यता के अनुसार नौकरी मिल सके और वह क्षेत्र के विकास में योगदान दे सके।कुणाल षड़ंगी ने यह भी बताया कि कोविड काल के दौरान जब बहरागोड़ा के युवा मुझे कॉल करके घर वापसी के लिए मदद मांगते थे, तभी मुझे यह एहसास हुआ कि बहरागोड़ा के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।कैंप को सफल बनाने मे तपन ओझा, दीपक बारीक, सुदीप पटनायक, बुबलु पात्रो, राज पंडा, आकाश साधु, कुमारेश गिरी, अनूप रावत, मानश, जयंतो ओझा, संतोष कुइला, चंदन पात्र, पिनाक पात्र समेत कई युवा साथी का अहम योगदान रहा।

## राज्य और राज्यवासियों की आवश्यकता अनुरूप कार्य करना हमारा दायित्व : सुदेश महतो

रांची(ईएमएस)।सरकार का कर्तव्य अपनी नीतियों और फैसलों से जनता के जीवन को सहज बनाना होता है लेकिन वर्तमान सरकार ने अपने फैसलों से जनता के जीवन में परेशानियों को बढ़ाने का काम किया है। कदाचार मुक्त परीक्षा कराने में विफल सरकार ने बिना सोचे समझे सिर्फ अपनी नाकामी छिपाने के लिए इंटरनेट बंद करने का तुगलकी फरमान सुनाया है। उक्त बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित तमाड़ विधानसभा स्तरीय पंचायत एवं ग्राम प्रभारी सम्मेलन के दौरान कही।सरकार के इस फैसले ने आम जनता के जीवन पर प्रतिकूल असर डाला है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर डिजिटल लेनदेन, टिकट बुकिंग समेत हर कदम पर आज इंटरनेट की आवश्यकता होती है पर आम जनता के दर्द से दूर इस सरकार को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है।मौके पर उपस्थित सभी ग्राम व पंचायत प्रभारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ इस सरकार को अपना बहुमूल्य मत दिया था लेकिन इस सरकार ने अपने कार्यकाल के पांच वर्षों में जनता को सिर्फ ठगने का काम किया। हमारा राज्य विकास से दूर हो गया है। झारखंड को पुनः विकास की पटरी पर लाने के लिए आप सभी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। राज्य और राज्यवासियों की आवश्यकता अनुरूप कार्य करना हमारा दायित्व। विकास की शुरुआत गांवों से होनी चाहिए। मुख्यालय में बनी नीतियों को गांव तक पहुँचने में समय लग जाता है।इस अवसर पर जिप सदस्य परमेश्वरी सांडिल्य, सुधा मुण्डू, जिप सदस्य विजय सिंह मानकी, वरीय नेता सिंह राय टुटी, राम दुर्लभ सिंह मुण्डा, केशव चंद्र महतो, रमेश भगत, अड़की प्रमुख कृष्ण सिंह मुण्डा, हरिहर महतो, हिरादास, राजकिशोर कुशवाहा, उमेश नायक, राधिका देवी, सुनिता देवी, सुमित्रा देवी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।आजसू पार्टी द्वारा राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को बड़कागांव विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन+2 हाईस्कूल, फुटबॉल मैदान, बड़कागांव में किया जाएगा। मौके पर सभी चूल्हा प्रमुख पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में अपने पद की शपथ ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह कार्यक्रम पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व में किया जा रहा है।

## झारखंड में कड़ी निगरानी के बीच 823 केंद्रों पर हुई जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा

रांची। झारखंड में कड़ी निगरानी के बीच 823 केंद्रों पर शनिवार को झारखंड सामान्य स्नात्तक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता की परीक्षा आयोजित हुई। सीजीएल परीक्षा को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों में बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की गई थी।साथ ही दंडाधिकारी भी तैनात किए गए थे।इधर अभ्यर्थी सुबह साढ़े पांच से ही केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए थे। कड़ी सुरक्षा और जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों को केंद्र के अंदर दाखिल कराया गया। झारखंड सरकार ने जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा निष्पक्ष और कदाचार मुक्त कराने को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य में शनिवार को सुबह 8 बजे से लेकर 1:30 बजे तक इंटरनेट सेवा बंद रही।गृह विभाग ने इस संबंध में शुक्रवार की देर रात आदेश जारी कर दिया गया था।आदेश की कॉपी में इस बात की जिक्र की गयी है कि 21 और 22 सितंबर को राज्य के सभी 24 जिलों में 823 परीक्षा केंद्रों पर करीब 6 लाख 40 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे ।

## रिसालदार बाबा के मजार पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने की चादरपोशी

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने रिसालदार शाह बाबा के मजार पर चादरपोशी की। इस दौरान उन्होंने राज्य की उन्नति व अमन चैन के लिए दुआ किया।दोपहर बाद सुप्रियो भट्टाचार्य हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के मजार पहुंचे। दरगाह कमेटी ने सुप्रियो भट्टाचार्य का स्वागत पगड़ी व फूल माला पहनाकर किया।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स की 60वीं वार्षिक आमसभा में कई निर्णय, नयी कार्यकारिणी के लिए वोटिंग रविवार को



रांची(ईएमएस)।फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए रविवार को गुरुनानक स्कूल में सुबह 9 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान होगा।वोटिंग के बाद मतों की गिनती और परिणामों की घोषणा होगी।इससे पूर्व आज शनिवार को झारखंड चैंबर की 60वीं वार्षिक आमसभा अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में चैंबर भवन में 150 सदस्यों की उपस्थिति में हुई।आमसभा में देवघर,जामताडा, गिरिडीह,रामगढ,पाकुड, साहेबगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स, सम्बद्ध संस्थाओं के पदाधिकारियों समेत जिले के व्यवसायी उद्यमी एवं प्रोफेशनल्स शामिल हुए।आमसभा में महासचिव परेश गट्टानी ने चैंबर के इस सत्र की वार्षिक गतिविधियों को सभा के समक्ष पेश किया, जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने चैंबर के सत्र 2023-24 की बैलेंस शीट और आय-व्यय की रिपोर्ट पेश किया।जिसे सदस्यों ने ध्वनिमत से पारित किया।आमसभा द्वारा सर्वसम्मति से चैंबर के ऑडिटर की नियुक्ति की गयी। मेसर्स जेएन अग्रवाल एंड कंपनी को पुनः एक वर्ष के लिए चैंबर का ऑडिटर नियुक्त किया गया।आमसभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने चैंबर अध्यक्ष के दो वर्षों के कार्यकाल की प्रशंसा की और चैंबर के सभी सुझावों पर वर्षभर सहयोग का भरोसा दिया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि अपने दो वर्षों के कार्यकाल में हमने सरकार व ब्यूरोक्रेट्स के बीच फेडरेशन के प्रति एक सकारात्मक मोमेंटम बनाया है।जिसके सार्थक परिणाम आये हैं, करीब एक वर्ष से कृषि उपज विधेयक पारित होने के बाद भी अब तक इस गजट का प्रभावी नहीं होना, हमारे इन्हीं प्रयासों का प्रतिफल है।वर्तमान सत्र में स्टार्टअप कॉन्क्लेव के वृहद् आयोजन के माध्यम से हमने राज्य में स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रभावी बनाने तथा राज्य में होर्टिकल्चर, फ्लोरिकल्चर को प्रोत्साहन देने की दिशा में सफल कोशिश की है। न्यूनतम मजदूरी की दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए विभाग द्वारा कमेटी का गठन कराकर निरंतर बैठकें रही हैं. नीति निर्माण निर्णयों में स्टेकहोल्डर्स की सहभागिता हो, यह सुनिश्चित कराने का भरपूर प्रयास किया है।किशोर मंत्री ने कहा, हमारे निरंतर प्रयासों से झारखंड में भवन नियमितीकरण योजना जल्द ही प्रभावी की जायेगी।खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड करने, अभ्रक व आयरन-ओर की खदानों को शुरू करने, विद्युत व्यवस्था का निजीकरण करने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के उद्देश्य से ट्राइबल बिजनेस डेवलपमेंट एवं एमएसएमई ट्राइबल वूमन एंटरप्रिन्योर को बढ़ावा देने तथा व्यापार उद्योग की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये राज्य में आयोग का गठन हो, इसके लिए सरकार से सकारात्मक वार्ता जारी है. चैंबर भवन के सौंदर्यीकरण, काली मंदिर चौक का नवीनीकरण का कार्य प्रगति पर है, सरकार के स्तर से होनेवाले कुछ कार्य पाइपलाइन में हैंmउन्होंने वर्षभर चैंबर को सहयोग करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, विभागीय सचिव, समस्त कैबिनेट मंत्रिमंडल, जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

झारखण्ड सरकार,
गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग,झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

67वीं औपबंधिक सूची
जिला–बोकारो (पार्ट–2)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी लम्बोदर महतो एवं लखिन्द्रर महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | | |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–1655/24<br>2. आवेदक–सुधिर महतो , पिता–स्व0 जन्मेजय महतो<br>3. ग्राम–औलगाड़ा , पोस्ट–औलगाड़ा , थाना–पिण्ड्राजोरा , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–1656/24<br>2. आवेदक–रामधन महतो , पिता–लिलु महतो<br>3. ग्राम–सिजुआ , पोस्ट–कुमारदागा , थाना–पिण्ड्राजोरा , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–1657/24<br>2. आवेदक– कल्याण सुन्दरम , पिता–स्व0 जयदेव चौधरी<br>3. ग्राम–खमारबेन्दी , पोस्ट–खमारबेन्दी , थाना–चास , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–1658/24<br>2. आवेदक–बलदेव सिंह चौधरी , पिता–स्व0 तुलसी सिंह चौधरी<br>3. ग्राम–खमारबेन्दी , पोस्ट–खमारबेन्दी , थाना–चास , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें घुटने के निचे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–1659/24<br>2. आवेदक–पंचानन महतो , पिता–विराज महतो<br>3. ग्राम–भण्डरो , पोस्ट–कुरा , थाना–पिण्ड्राजोर , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–गले के निचे कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–1660/24<br>2. आवेदक–सुरेश कुमार प्रजापति, पिता–स्व0 हरेन्द्रनाथ महतो<br>3. ग्राम–बारहमसिया , पोस्ट–गांगजोरी , थाना–जरीडीह , प्रखण्ड–जरीडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–1661/24<br>2. आवेदक–फुटुक चन्द्र महतो , पिता–स्व0 हरदु महतो<br>3. ग्राम–चितामी , पोस्ट–घटिमाली , थाना–पिण्ड्राजोरी , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें सिर पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–1662/24<br>2. आवेदक–महादेव रजक , पिता–उपासी रजक<br>3. ग्राम–फुसरो , पोस्ट–घाघरी , थाना–चन्दनकियारी , प्रखण्ड–चन्दनकियारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–1663/24<br>2. आवेदक–कार्तिक सोरेन , पिता–स्व0 अर्जुन सोरेन<br>3. ग्राम–गायछन्दा , पोस्ट–गंगाजोरी , थाना–जरीडीह , प्रखण्ड–जरीडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–1664/24<br>2. आवेदक–जलधर रजक , पिता–सुरेन्द्र नाथ रजक<br>3. ग्राम–चिड़दा , पोस्ट–गम्हरिया , थाना–चन्दनकियारी , प्रखण्ड–चन्दनकियारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–1666/24<br>2. आवेदक–रमेश चन्द्र सिंह , पिता–स्व0 बंशीधर सिंह<br>3. ग्राम–चाकुलिया , पोस्ट–काशिझरिया , थाना–पिण्ड्राजोरा , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–गले पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–1667/24<br>2. आवेदक–यादु महतो , पिता–भदोरी महतो<br>3. ग्राम–ग्वालाडीह , पोस्ट–पिण्ड्राजोरी , थाना–पिण्ड्राजोरा , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–1668/24<br>2. आवेदक–कौशल महतो , पिता–स्व0 सरधु महतो<br>3. ग्राम–चितामी , पोस्ट–घटियाली , थाना–पिण्ड्राजोरा , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–1669/24<br>2. आवेदक–टेपु लाल महतो , पिता–खुदीराम महतो<br>3. ग्राम–खेड़ाबेडा , पोस्ट–बरमसिया , थाना–चन्दनकियारी, प्रखण्ड–चन्दनकियारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–1670/24<br>2. आवेदक–अशोक कुमार महतो , पिता–स्व0 हुबलाल महतो<br>3. ग्राम–खेड़ाबेडा , पोस्ट–बरमसिया , थाना–चन्दनकियारी, प्रखण्ड–चन्दनकियारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक के बायें तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–1671/24<br>2. आवेदक–गंभीर गोप , पिता–हरिपद गोप<br>3. ग्राम–भोजूडीह , पोस्ट–भोजूडीह , थाना–चन्दनकियारी, प्रखण्ड–चन्दनकियारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–कपाल के बायें तरफ कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–1672/24<br>2. आवेदक–राखोहरी गोप , पिता–स्व0 विरू गोप<br>3. ग्राम–मानटांड , पोस्ट–चान्द्रा , थाना–सियालजोरी , प्रखण्ड–चन्दनकियारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–मुँह पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–1673/24<br>2. आवेदक–अतुल गोप , पिता–स्व0 हारू गोप<br>3. ग्राम–बाँसगाड़ी , पोस्ट–गलगल टांड़ , थाना–चन्दनकियारी, प्रखण्ड–चन्दनकियारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष , पहचान चिन्ह–माथे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–1675/24<br>2. आवेदक–हाराधन गोप , पिता–स्व0 बुधु गोप<br>3. ग्राम–बाँसगाड़ी , पोस्ट–गलगल टांड़ , थाना–चन्दनकियारी, प्रखण्ड–चन्दनकियारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–1676/24<br>2. आवेदक–रंजीत कुमार महतो , पिता–नारायण महतो<br>3. ग्राम–बाबुडीह , पोस्ट–सिलफोर , थाना–पिण्ड्राजोरा , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–1677/24<br>2. आवेदक–महितोष मण्डल , पिता–रसराज मण्डल<br>3. ग्राम–सिजुआ , पोस्ट–कुमारदागा , थाना–पिण्ड्राजोरा , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–1678/24<br>2. आवेदक–नित्यानन्द महतो , पिता–स्व0 भोलानाथ महतो<br>3. ग्राम–सोनाबाद , पोस्ट–घटियाली , थाना–पिण्ड्राजोरा , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–1679/24<br>2. आवेदक–भादरी महली , पिता–स्व0 मेघु महली<br>3. ग्राम–बोराडीह , पोस्ट–सरदाहा , थाना–पिण्ड्राजोरा , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–1680/24<br>2. आवेदक–मनभूल महतो , पिता–स्व0 गोवर्धन महतो<br>3. ग्राम–बोराडीह , पोस्ट–सरदाहा , थाना–पिण्ड्राजोरा , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें अंगुली पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–1681/24<br>2. आवेदक–हिरालाल महतो , पिता–पतिराम महतो<br>3. ग्राम–बोराडीह , पोस्ट–सरदाहा , थाना–पिण्ड्राजोरा , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–पैर पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–1682/24<br>2. आवेदक–रतन महतो , पिता–स्व0 भुन्दा महतो<br>3. ग्राम–पैदाडीह , पोस्ट–सरदाहा , थाना–पिण्ड्राजोरा , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–1683/24<br>2. आवेदक–सुभाष महतो , पिता–स्व0 नगेन्द्र नाथ महतो<br>3. ग्राम–पैदाडीह , पोस्ट–सरदाहा , थाना–पिण्ड्राजोरा , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आँख के उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–1130/24<br>2. आवेदक–नेमो देवी , पति–सोनाराम टुडु<br>3. ग्राम–बेड़ाटाँड , पोस्ट–चन्दनकियारी , थाना–चन्दनकियारी , प्रखण्ड–चन्दनकियारी<br>4. लिंग– महिला, आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–1131/24<br>2. आवेदक–सतीश किस्कू , पिता–बहादुर किस्कू<br>3. ग्राम–मूरीबाद , पोस्ट–चन्द्रा , थाना–चन्दनकियारी , प्रखण्ड–चन्दनकियारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–1132/24<br>2. आवेदक–रवीन्द्र नाथ मंडल , पिता–कलेवर मंडल<br>3. ग्राम–जाराहारा , पोस्ट–चन्द्रा , थाना–चन्दनकियारी , प्रखण्ड–चन्दनकियारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–1133/24<br>2. आवेदक–अबनी कान्त माहथा , पिता–किरण माहथा<br>3. ग्राम–कुरमा , पोस्ट–काशीझरीया , थाना–पिण्ड्राजोरा, प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के बायें तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–1134/24<br>2. आवेदक–गंभीर महतो , पिता–श्रीधर महतो<br>3. ग्राम–बाबुडीह , पोस्ट–सिलफोर , थाना–पिण्ड्राजोरा, प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–1135/24<br>2. आवेदक–गयाराम महतो , पिता–जयनाथ महतो<br>3. ग्राम–बाबुडीह , पोस्ट–सिलफोर , थाना–पिण्ड्राजोरा, प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–1136/24<br>2. आवेदक–मानिक महतो , पिता–प्रहलाद महतो<br>3. ग्राम–अमाईनगर , पोस्ट–अमनडीहा , थाना–चन्दनकियारी , प्रखण्ड–चन्दनकियारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–1137/24<br>2. आवेदक–योगेश्वर महतो , पिता–लखीराम महतो<br>3. ग्राम–बाबुडीह , पोस्ट–सिलफोर , थाना–पिण्ड्राजोरा , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के तलवे में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 336250 Home(24-25).D

## संक्षिप्त खबरें

### आजीविका महिला मंडल का द्वितीय वार्षिक आमसभा आयोजित

बरकट्ठा। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलकप्पी में आजीविका महिला मंडल का द्वितीय वार्षिक आमसभा आयोजित किया गया।कार्यक्रम संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के बैनर तले किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, मुखिया ललिता देवी, पंसस विकास पांडेय, झारखंड आंदोलन कारी धीरेंद्र पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता क्लस्टर अध्यक्ष निलम हेंब्रम ने की व संचालन लेखापाल प्रतिमा पांडेय ने किया। कार्यक्रम में बेलकप्पी महिला संकुल संगठन अंतर्गत गोरहर, शिलाडीह, बरकट्ठा उत्तरी एवं बेलकप्पी पंचायत कि जेएसएलपीएस की 186 महिला समूह की महिलाओं ने भाग लिया। इस मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि जेएसएलपीएस के द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास काफी सराहनीय है। इससे जुड़कर महिला ऋण प्राप्त कर अपना रोजगार शुरू कर अपने परिवार का भरन पोषण कर रही हैं।कोर्डिनेटर प्रदीप कुमार ने बताया कि क्लस्टर में चार पंचायत के 17 गांव, 2505 सदस्य और 12 ग्राम संगठन जुड़ा है. इस अवसर पर सचिव सोनिका कुमारी, आईपीआरपी सरस्वती देवी, अंजली देवी, प्रकाश कुमार, नारायण प्रसाद समेत बड़ी संख्या में महिला सदस्य मौजूद रहीं।

### दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय परिसर में दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल वितरण किया गया। छह दिव्यांग के बीच मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, प्रखंड प्रमुख रेणू देवी, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, सीओ श्रवण कुमार झा ने ट्राई साइकिल वितरण किया।इस मौके पर विधायक अमित यादव ने कहा कि दिव्यांगो को ट्राई साइकिल के मिलने से कहीं आने जाने में सहुलियत होगी। ट्राई साइकिल प्राप्त करने वालों में छोटी भुइयां, श्रीराम कुमार, विजय यादव, संजय यादव, धौलवा कुमारी, शांति कुमारी शामिल हैं।इस अवसर पर सीडीपीओ नीलू रानी, झारखंड आंदोलन कारी धीरेंद्र पांडेय, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, समीम अंसारी, डेगलाल साव, रमेश कुमार, प्रेमलता कुमारी, राजकुमार यादव समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### मुखिया रीता देवी ने अपने खर्च पर करवाया सड़क मरम्मत

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी बहुत क्षेत्र सिजुआ में मुखिया ने अपनी खर्च पर सड़क मरम्मत करवाया है। जानकारी हो कि एक सप्ताह पूर्व लगातार हुई बारिश के कारण सड़क टूट जाने के कारण ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। गांव में एक और सड़क से आवागमन का रास्ता पूरी तरह से बंद हो चुका था। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने चेचकप्पी मुखिया रीता देवी और मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव को दिया। मुखिया ने सड़क कि समस्या पदाधिकारी को अवगत कराया लेकिन समस्या का निदान नहीं हुआ। जिसके बाद मुखिया ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर अपने निजी खर्चे से सीमेंट व बालू देकर ग्रामीणों के सहयोग से श्रमदान कर सड़क को बनाया गया। ग्रामीणों ने मुखिया के इस नेक कार्य पर आभार व्यक्त किया। मौके पर श्रमदान कर सड़क बनाने में वार्ड सदस्य रिंकी देवी, कामेश्वर सिंह, अरुण सिंह, नारायण सिंह, विशनुधारी सिंह, विद्या देवी, कौशल्या देवी समेत अन्य कई लोग शामिल रहे।

### पारस हॉस्पिटल में नौ साल के बच्चे का हुआ सफल इलाज




रांचीः एचइसी स्थित पारस हॉस्पिटल, धुर्वा के डॉक्टर संजीव कुमार शर्मा ने कोडरमा के रहने वाले नौ साल के मरीज का सफल इलाज किया। उस बच्चे को लगातार मिर्गी के दौरे आ रहे थे। कई माह से मनोचिकित्सक व्यवहार के कारण लोगों से गाली गलौज करना, कपड़े खोल देना, मारना, जोर जोर से चिल्लाना आदि कर रहा था। इसका इलाज बाहर के हॉस्पिटल में चल रहा था। इसके बाद उस मरीज के परिजनों ने पारस हॉस्पिटल के न्योरोलॉजी डॉ संजीव कुमार शर्मा से संपर्क किया। डॉ संजीव ने उनका इलाज प्रारंभ किया। जांच के बाद मरीज में ऑटोइम्यून एन्सेफ़ेलाइटिस चिन्हित हुआ। ऑटोइम्यून एन्सेफ़ेलाइटिस एक दुर्लभ बीमारी है जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली गलती से मस्तिष्क पर हमला करती है. इससे मस्तिष्क में सूजन आ जाती है, जिससे कई तरह के लक्षण दिख सकते हैं। एंटी-एनएमडीए रिसेप्टर एन्सेफलाइटिस एक ऑटोइम्यून बीमारी है जो तब होती है जब शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा उत्पादित एंटीबॉडी मस्तिष्क में एनएमडीए रिसेप्टर्स पर हमला करती है। एनएमडीए रिसेप्टर्स प्रोटीन होते हैं जो मस्तिष्क में विद्युत आवेगों को नियंत्रित करते हैं। उनके विघटन से कई न्यूरोलॉजिकल समस्याएं हो सकती हैं। यह परीक्षण मस्तिष्कमेरु द्रव (सीएसएफ) में एनएमडीए रिसेप्टर के खिलाफ आईजीजी एंटीबॉडी का पता लगाता है, जो मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के आसपास का तरल पदार्थ है। एक माह के इलाज के बाद बच्चा पुरी तरह स्वस्थ है। बच्चे को किसी भी तरह की परेशानी नहीं है। डॉ संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि इस बीमारी में कुछ ऐसे एंटी बॉडी बनते हैं, जो अपने ब्रेन को डैमेज करते हैं। जिसमें एनएमडीए एक मुख्य कारण होता है। जिसमें मरीज को साइकेट्रिक व्यवहार होते है। मरीज मानसिक संतुलन खो देता है और मिर्गी के दौरे पड़ते हैं। इसमें एमआरआइ की जांच में 30 से 40 प्रतिशत मरीज का रिपोर्ट नॉर्मल आता है। इस मरीज में एमआरआइ टेस्ट का रिपोर्ट नॉर्मल आया था। पॉज़िट्रॉन एमिशन टोमोग्राफ़ी (पेट) सिटी ब्रेन में कुछ एनके फ्लाइ टेस्ट के लक्षण थे। इसको एनएमडीए एंटी बॉडी पॉजीटिव आया। इसके बाद इलाज प्रारंभ किया गया। मरीज अब नॉर्मल जिदंगी जी रहा है। पारस हॉस्पिटल के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस हॉस्पिटल में कई क्रिटकल बीमारियों का इलाज अनुभवी डॉक्टरों और उनकी टीम की ओर से किया जा रहा है। कई ऐसे मरीज हॉस्पिटल आते हैं, जिसका इलाज कई अन्य हॉस्पिटल नहीं कर पाते हैं। कोडरमा का रहने वाला बच्चा का भी केस बहुत ही क्रिटकल था। पारस हॉस्पिटल में उनका इलाज हुआ और अब वह ठीक है एवं सामान्य जीवन बिता रहा है।

# 32 दलों ने वन नेशन-वन इलेक्शन का किया समर्थन, 15 खड़े हुए विरोध में



नई दिल्ली (ईएमएस)। वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव को केंद्र ने मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव के तहत, भारत में सभी चुनावों को एक ही समय पर कराने की योजना बनाई गई है। अब इस प्रस्ताव को संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक के रूप में पेश किया जाएगा। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी समिति ने इस प्रस्ताव पर सिफारिश की थी। समिति ने 62 राजनीतिक दलों से सलाह-मशविरा किया, जिनमें से 32 दलों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि 15 दलों ने इसका विरोध किया। समिति ने 18,626 पन्नों की रिपोर्ट तैयार की, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दी गई। वन नेशन-वन इलेक्शन के लागू होने के लिए संविधान संशोधन और कानून में बदलाव करना होगा। इसके लिए राज्यों की सहमति भी जरूरी है। केंद्र सरकार को इस प्रक्रिया में राज्यसभा और लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत प्राप्त करना होगा। लोकसभा में 543 में से 362 सांसदों का समर्थन आवश्यक होगा, जबकि राज्यसभा में 245 में से 164 सांसदों की जरूरत होगी। वर्तमान में, भाजपा और एनडीए के सहयोगी दल इस प्रस्ताव के समर्थन में हैं। इनमें आजसू, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान), जनता दल (यूनाइटेड), नेशनल पीपुल्स पार्टी, शिवसेना, और कई अन्य दल शामिल हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), माकपा, बसपा, और अन्य विपक्षी दल इस प्रस्ताव का विरोध कर रहे हैं। विपक्ष का कहना है कि यह प्रस्ताव लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर सकता है और चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी ला सकता है। सरकार के लिए इस प्रस्ताव को दोनों सदनों से पास कराना एक बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। विपक्ष को मनाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, और संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये मंत्री विपक्षी दलों से चर्चा कर सर्वसम्मति बनाने का प्रयास करेंगे। वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव के समर्थन में जिन दलों ने सहमति जताई है, उनमें बीजेडी, एआईएडीएमके, अकाली दल, मिजो नेशनल फ्रंट, और अन्य शामिल हैं। वहीं, सरकार को विपक्ष की चिंताओं और विरोध को भी ध्यान में रखते हुए कदम उठाने होंगे। इस प्रस्ताव को लेकर सरकार का कहना है कि इससे चुनावी खर्चों में कमी आएगी और प्रशासनिक कामकाज में भी सुधार होगा।

### बेंगलुरु में देश की पहली हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन बनेगी, 3 घंटे में पहुंचेगी मुंबई से अहमदाबाद

नई दिल्ली । आईटी हब के तौर पर उभरे बेंगलुरु शहर में देश की पहली हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन बनने जा रही है। इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) ने 5 सितंबर को दो चेयर-कार हाई-स्पीड ट्रेनों के निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित की। स्टेनलेस स्टील कारबॉडी ट्रेनों की अधिकतम गति 280 किमी प्रति घंटा और परिचालन गति 250 किमी प्रति घंटा होगी। बोली जमा करने की अंतिम तिथि गुरुवार को थी। ट्रेन में मानक 3+2 सीटिंग व्यवस्था वाली सात बोगियां और 2+2 सीटिंग वाली एक कार्यकारी बोगी होगी। सूत्रों के मुताबिक, कुल बैठने की क्षमता लगभग 174 होने की उम्मीद है। यात्रियों की मांग के आधार पर, भविष्य में ट्रेन में 12 या 16 बोगियां और जोड़ी जा सकती हैं। दक्षिण पूर्व एशिया और अफ्रीका जैसे निर्यात बाजारों पर नजर रखते हुए, ट्रेनों को मानक गेज ट्रैक के लिए बनाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रेन का निर्माण बीईएमएल के बेंगलुरु स्थित प्लांट में किया जाएगा। इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई के महाप्रबंधक यू सुब्बा राव ने बताया कि केवल बीईएमएल ने दो आठ-कार ट्रेन सेट बनाने के लिए बोली प्रस्तुत की है, और टेंडर को एक सप्ताह में अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

# इंटरनेट बंद करने के मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जबाव




रांची. झारखंड में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के कारण इंटरनेट सेवा बंद किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच में इस मामले की शनिवार को सुनवाई की गयी. खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से पूछा कि इंटरनेट बंद करने के लिए क्या पॉलिसी है? क्या सभी परीक्षाओं में इसी तरह इंटरनेट बंद कर दिया जाएगा? हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को चार सप्ताह में एफिडेविट के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया. सरकार ने शुक्रवार को इंटरनेट सेवा बंद किए जाने को लेकर आदेश जारी किया था. इसमें कहा गया था कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में धांधली रोकने को लेकर 21 और 22 सितंबर को इंटरनेट सेवा बंद की जा रही है. परीक्षा के दौरान इंटरनेट बंद रखा जाएगा. पेपर लीक रोकने और पारदर्शी परीक्षा कराने को लेकर ये कदम उठाया जा रहा है. प्रार्थी अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण ने आज शनिवार को ही हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी. इसे शनिवार को अवकाश के बावजूद अधिसूचित किया गया और खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की. जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई के बाद राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. झारखंड में इंटरनेट सेवा शनिवार को दोपहर पौने दो बजे से बहाल हो गयी है. इंटरनेट सेवा शुरू होते ही राज्य के लोगों ने राहत की सांस ली. झारखंड स्टेट सर्विस कमीशन (जेएसएससी) की ओर से आयोजित जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर सुबह 5 बजे से इंटरनेट सेवा ठप थी. पौने दो बजे के बाद इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गयी है.

### ओ0 बी0 सी0 एकता अधिकार मंच के प्रतिनिधि मंडल ने शिवराज सिंह चौहान से मिलकर 11 सूत्री माँग पत्र सौंपा



रांचीः केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव (बी॰ डी॰) प्रसाद के नेतृत्व में ओ॰ बी॰ सी॰ एकता अधिकार मंच के प्रतिनिधि मंडल, केंद्रीय कृषी मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर 11 सूत्री माँग पत्र सौंपा जातीय जनगणना कराकर देश में सभी क्षेत्रों में राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षणिक एंव् नौकरी में आरक्षण बढ़ाने का माँग किया तथा झारखंड में लगभग 85% किसानों की आबादी है जिसमें 50% ओ॰ बी॰सी॰ किसान परिवार निवास करते है । झारखंड के किसानों के हीत में केंद्रीय सरकार द्वारा ग्रामीण स्तर पर बाज़ार की व्यवस्था उनके उत्पाद का उचित समर्थन मूल्य देने का माँग किया तथा किसानों के लिए सभी प्रखंड मुख्यालय में उनके उत्पाद के लिए प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने का माँग किया एंव् राज्य में ओ॰बी॰सी॰ की हालत व उनके उत्थान कैसे होगा उस विषय पर विस्हेतु रूप से चर्चा हुआ एंव् ओ॰बी॰सी॰ एकता अधिकार मंच का 11 सूत्री माँग को चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने का माँग किया । जिसमें केंद्रीय महासचिव श्रवण कुमार, केंद्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष शकुंतला जयसवाल, केंद्रीय सदस्य पंकज साहू, केंद्रीय सदस्य शुभम् कुमार, अम्बर कुमार, पवन साहू केंद्रीय कार्यालय प्रभारी हिमालय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह के आस्मिक निधन पर स्टेट बार कौंसिल के सदस्य अधिवक्ता कलाम रशीदी ने शोक व्यक्त किया

रांची : भारतीय कम्यूनिस्ट के वरीय सदस्य सह झारखंड हाई कोर्ट में पार्टी के अधिवक्ता संघ एवम केंद्रीय सरकार यूपीए के समय सहायक अधिवक्ता के तौर पर वर्तमान में राज्य सरकार के वकील के तौर पर कार्यरत अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह के आस्मिक निधन पर जिला सचिव अजय सिंह और स्टेट बार कौंसिल के सदस्य अधिवक्ता कलाम रशीदी ने शोक व्यक्त किया है और दोनो ने संयुक्त रूप से कहा की कॉमरेड अशोक सिंह का असमय जाना पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है वे मात्र 63.वर्ष के थे वे1984 से सीपीआई के सक्रिय सदस्य रहे है। गरीबों और वंचितों के लिए हमेशा खड़े रहते थे, सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे और सामाजिक जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई।पार्टी ने एक योद्धा को खो दिया ।पार्टी उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करती है ।

# महाराष्ट्र में दिग्गज नेताओं की घर वापसी की तैयारी अशोक चव्हाण के 3 करीबी कांग्रेस में शामिल



मुंबई(ईएमएस)। महाराष्ट्र में जिस तरह की राजनीति हो रही है वो काफी उथल पुथल के संकेत दे रही है। अपनी पार्टी छोड़ भाजपा में आए कई दिग्गज नेता अपनी अपनी अपेक्षाऐं लिए बैठे हैं। यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो प्लान बी पर भी काम चल रहा हैं। इस तरह की स्थिति लगभग हर एक दल में देखी जा रही है। यहां सीट शेयरिंग ही विवाद का सबसे बड़ा कारण बनेगा इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसकी शुरुआत कई नेताओं ने अपने बयानों से कर दी है। कांग्रेस से भाजपा में आए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हान के तीन करीबियों ने कांग्रेस में जाकर बता दिया है कि विकल्पों की कमी नहीं है। पूर्व सीएम अशोक चव्हाण के बहनोई और पूर्व सांसद भास्करराव पाटील खतगांवकर, उनकी बहन डॉ मीनल पाटील खतगांवकर और पूर्व विधायक ओम प्रकाश पोकर्णा ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है।राज्य में कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि भासकरराव बिना किसी पद के लालच के ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इस तरह के जमीनी कार्यकर्ता के स्वागत से उन्हें खुशी हो रही है। बता दें कि नांदेड़ लोकसभा सीट पर कांग्रेस के सांसद रहे वसंत चव्हाण के निधन के बाद उपचुनाव होने हैं।नाना पटोले ने कहा कि नांदेड़ में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। कांग्रेस से निकलकर बीजेपी में शामिल होने के बाद कांग्रेस अशोक चव्हाण पर हमलावर नहीं हुई थी। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस ने अशोक चव्हाण को जवाब देने के लिए यह तरीका निकाला है। ऐसे में कांग्रेस में परिवार में ही सेंध लगा दी। मीनल पाटिल खतगांवकर ने लोकसभा चुनाव के दौरान बीजेपी से टिकट मांगा था। हालांकि बीजेपी ने पूर्व सांसद प्रताप पाटिल चिखलीकर को ही टिकट दिया था। ऐसे में वह बीजेपी से असंतुष्ट थीं जिसका फायदा कांग्रेस को मिला। कांग्रेस ने बिना अशोक चव्हाण के भी नांदेड़ सीट पर जीत दर्ज की थी। वहीं कांग्रेस के एक सीनियर नेता ने यह भी कहा कि चव्हाण के करीबियों के इस तरह स्वागत से पार्टी कार्यकर्ताओं में गलत संदेश भी जा सकता है। जिसका असर आने वाले चुनावों पर भी पड़ सकता है। नाना पटोले ने कहा कि कांग्रेस नेताओं और सीनियर पदाधिकारियों से चर्चा के बाद भास्करराव पार्टी में आए हैं। नांदेड़ में उनके स्वागत में बड़े कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भास्करराव के आने से नांदेड़ का संगठन और मजबूत होगा। भास्करराव पाटील खतगांवकर ने कहा, मुझे लगता है कि कांग्रेस जॉइन करने केबाद मैं घर लौट आया हूं। कांग्रेस पार्टी ने मुझे विधायक,सांसद और मंत्री के तौर पर सेवा देना का अवसर दिया था। कुछ समय के लिए दूसरी पार्टी में रहने के बाद मैं लौट आया हूं। नाना पटोले के नेतृत्व में महाराष्ट्र में पार्टी मजबूत हुई है। इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को पहले से काफी ज्यादा सीटें मिलने वाली हैं। शुक्रवार को दादर में तिलक भवन में भास्करराव के साथ दो अन्य ने कांग्रेस का दामन थामा। पटोले ने कहा कि खतगांवकर को पार्टी में शामिल करने का फैसला सहमति से लिया गया है।

# प्रसाद के प्रति शंका पैदा करती है तिरुपति तिरुमाला जैसी घटनाएंः रामनाथ कोविन्द




वाराणसी (ईएमएस)। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा कि इस समय तिरुपति तिरुमाला प्रसादम की खबर आ रही है। लोगों के मन में प्रसाद के प्रति श्रद्धा होती है, लेकिन ऐसे मामले शंका उत्पन्न करते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार मुझे बाबा विश्वनाथ के दर्शन का सौभाग्य नहीं प्राप्त हो सका, लेकिन मेरे कुछ सहयोगी मंदिर गए थे। वह प्रसाद लेकर आए तो उस समय मेरे मन में तिरुमाला प्रसादम की बात खटकी। हर मंदिर और तीर्थस्थल की कहानी हो सकती है। मिलावटपन को हिंदू शास्त्रों में पाप कहा गया है। बीएचयू (बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी) के आयुर्वेद विभाग की राष्ट्रीय संगोष्ठी में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने तिरुपति तिरुमाला प्रसादम में मलिावट की खबरों पर कहा कि लोगों के मन में प्रसाद के प्रति श्रद्धा होती है लेकिन ऐसे मामले शंका उत्पन्न करते हैं। हर मंदिर और तीर्थस्थल की कहानी हो सकती है। मिलावटपन को हिन्दू शास्त्रों में पाप कहा गया है। रामनाथ कोविन्द शनिवार को बीएचयू के आयुर्वेद विभाग की ओर से कृषि प्रेक्षागृह में भारतीय गाय, जैविक खेती व पंचगव्य चिकित्सा विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने खाद्य पदार्थों में हो रही मिलावट को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कहा कि किसान भी सोचता है कि अगर उसके पास सौ बीघा खेत है तो वह 10 बीघा खेती रासायनिक पदार्थों के इस्तेमाल के बगैर करना चाहता है। जो अन्न उन्हें या उनके परिवार को उपभोग करना है, इतना हिस्सा वह गौ आधारित खेती कर रहे, लेकिन वह किसान भूल जाता है कि गेहूं व धान की खेती तो ऐसे कर सकता है। मसाला और बाकी अन्न की खेती के लिए बाजार पर ही निर्भर रहना पड़ेगा। वह आइसोलेट होकर कैसे सोच सकते हैं। ऐसे में गोवंश के विज्ञानी देश को समाधान बताएं।

### आइकॉनिक डेंटिस्ट ऑफ द ईयर इंटरनेशनल विजियोनरी अवॉर्ड - 2024 से डेंटल सर्जन डॉ.ललित किशोर हुए सम्मानित




रांचीः किशोर डेंटल क्लिनिक,रांची एवं बोकारो के प्रबंध निदेशक एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच के संरक्षक प्रख्यात डेंटल सर्जन डॉ.ललित किशोर जी को बिजनस इन भारत संस्था ने विगत दिनों रांची जिमखाना क्लब मे एक भव्य सम्मान समारोह आयोजन कर दंत चिकित्सा के क्षेत्र मे 12 वर्षों से सफल एवं उत्कृष्ठ सेवा कार्य के लिए आइकॉनिक डेंटिस्ट ऑफ द ईयर इंटरनेशनल विजियोनरी अवॉर्ड - 2024 से मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया।उन्हें यह अवॉर्ड मुख्य अतिथि देश की मशहूर फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री के हाथों द्वारा प्रदान किया गया।इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी रमेश सिंह,छात्र क्लब चिकित्सक मंच के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांस सहित डॉ. ललित किशोर जी के माता जी यशोदा देवी, पिताजी जगदीश चंद्र महतो,पत्नी स्मित किशोर आदि मौजूद थे।

इस अवार्ड शिरोमणि कार्यक्रम के मुख्य आयोजक श्रीकांत जी, आलोक सिंह एवं रणधीर जी थे।उन्हें यह अवार्ड मिलने पर छात्र क्लब चिकित्सक मंच,अनेक मित्रगण एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

### महिला समिति की दीदियों का वार्षिक आम सभा आयोजित




रांचीः जेएसएलपीए स के अंतर्गत शनिवार क़ो नेवरी आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड ने वार्षिक आम सभा का आयोजन नेवरी पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं अतिथियों का स्वागत कर किया गया,कार्यक्रम मे नेवरी सीएलएफ का एक साल 2023-24का प्रगति आडिट किया गया साथ ही अगले वर्ष का कार्ययोजना एवम जेआरसी के बारे में उपस्थित महिलाओं के सामने प्रस्तुत किया गया।साथ ही नया 4 फूलो झानो योजना के लाभुको के बीच 25-25हजार रूपये राशि का वितरण किया गया. इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला परिषद सदस्य कांके के संजय महतो ने अपने संगठन में कहा कि महिलाएं जागरूक हो रही है, समूह बनाकर महिलाएं तरक्की की ओर बढ़ रही है, महिलाएं सशक्त एवं जागरूक होगी तो समाज और राष्ट्र जागरूक होगा,वहीं उन्होंने महिलाओं से कहा कि समाज के उत्थान के लिए अपने बाल बच्चों को अच्छा शिक्षा दें,और समाज में फैली कुर्तियों को दूर करने में अपना अहम योगदान दे, आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं यह सब जेएसएलपीएस की देन है. इस अवसर पर मुख्य रूप से बीपीएम अभिषेक कुमार राव नेवरी उपमुखिया मजहर, मुखिया रजनी देवी,लक्ष्मी देवी , पंचायत समिति सदस्य ,नेवरी के प्राचार्य महोदय सीएलएफ की अध्यक्ष लक्ष्मी देवी सचिव सरस्वती देवी,कोषाध्यक्ष वाजदा खातून,कुमारी सरिता ,प्रियंका कुमारी,डॉली देवी , सृष्टि महतो अर्चना देवी नारायण महतो कार्तिक कुमार एवम सीएलएफ के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नर्सिंग छात्रा की संदिग्ध मौत, परिवार ने हत्या का लगाया आरोप

पटना,(ईएमएस)। गुरुदेव पारा मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में एक 22 वर्षीय नर्सिंग छात्रा की मौत ने सुसाइड और मर्डर के बीच गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस और कॉलेज प्रबंधन इसे आत्महत्या बता रहे हैं, जबकि मृतका के परिवार ने हत्या का आरोप लगाते हुए कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज कराया है।मृतका नालंदा के इस्लामपुर की रहने वाली थी। मृतका का शव 8 सितंबर को खाजेकलां थाना क्षेत्र के गुरुगोविंद सिंह अस्पताल स्थित लिच्छवी नर्सिंग गर्ल्स हॉस्टल में संदिग्ध हालत में फंदे से लटका हुआ मिला था। इस मामले में छात्रा की मां का दावा है कि उनकी बेटी की रेप के बाद हत्या की गई है। उन्होंने कहा, कि घटना के दो घंटे पहले मैंने अपनी बेटी से बात की थी। वह बहुत खुश थी और कुछ दिन पहले कॉलेज के प्रोग्राम में भी उसने हिस्सा लिया था। अचानक ऐसा क्या हुआ कि मेरी बेटी ने खुदकुशी कर ली? इस मामले में कॉलेज प्रबंधन का हाथ है।वहीं दूसरी तरफ कॉलेज प्रबंधन इसे आत्महत्या बता रहा और कह रहा है कि छात्रा का अपने बॉयफ्रेंड से झगड़ा हुआ था, जिससे वह मानसिक तनाव में थी। इसके विपरीत परिवारजन कह रहे हैं कि ऐसी कोई स्थिति नहीं थी जो उसे आत्महत्या की ओर प्रेरित करे।पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि वह इस दिशा में सभी पहलुओं को ध्यान में रखे हुए है। छात्रा के परिवार ने न्याय की गुहार लगाई और कॉलेज प्रबंधन की भूमिका की जांच की मांग की है। इस घटना ने कॉलेज परिसर के माहौल, प्रबंधन और नर्सिंग की शिक्षा पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अनेक छात्राओं ने चिंता जाहिर की है।

### दो लाख देकर बना फर्जी आईपीएस गिरफ्तार

जमुई (ईएमएस)। बिहार के जमुई जिला से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जमुई पुलिस ने एक फर्जी आईपीएस को गिरफ्तार किया है। जो 2 लाख रुपये देकर आईपीएस अधिकारी बना था। पुलिस पूछताछ के बाद जो तथ्य सामने आए हैं, वो बेहद चौंकाने वाले हैं। अब जमुई पुलिस गिरोह का भंडाफोड़ करने में लगी है। जो युवकों को ठगते हैं।दरअसल मिथलेश नामक शख्स लखीसराय जिले के हलसी थाना क्षेत्र के गोवर्धन बीघा गांव का रहना वाला है। वह आईपीएस की वर्दी पहनकर और कमर में पिस्टल लटका अपने करीब 2 लाख की बाइक पर बैठ घर से निकला था। इस दौरान वह एक चौक पर किसी काम से रुका और उसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। लोगों को मिथलेश का हुलिया कुछ अटपटा था। इस दौरान ही किसी ने थानाध्यक्ष को इसकी सूचना दी। फिर पुलिस ने मिथलेश को चौक से पकड़ लिया। जमुई पुलिस अब इससे पूछताछ कर रही है। मिथलेश से बातचीत में जो बातें सामने आईं वो बेहद गंभीर और चौंकाने वाली हैं। फर्जी आईपीएस के रुप में गिरफ्तार युवक मिथिलेश ने बताया कि खैरा इलाके के मनोज नाम के एक व्यक्ति ने उसे पुलिस में नौकरी लगाने का ऑफर दिया था और इसके बदले में उससे 2 लाख 30 हजार रुपये मांगे थे। मिथलेश ने अपने मामा से 2 लाख रुपये ले मनोज को दिये ताकि उसकी नौकरी पुलिस में लग जाए।मनोज ने उसके शरीर का नाप लिया फिर दूसरे दिन बुलाकर उसे आईपीएस की वर्दी, बैच और पिस्टल दिया। मिथलेश वर्दी पहनकर खुशी-खुशी अपने घर गया और अपनी मां से आशीर्वाद लेकर फिर मनोज से मिलने निकल गया। मिथलेश ने कहा कि उसे वर्दी पहनाने मनोज ने बुलाया था। बाकी के 30 हजार रुपये भी मांग रहा था। मिथलेश उससे से ही मिलने जा रहा था। कुछ देर के लिए एक चौक पर रुका तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ सतीश ने कहा कि फर्जी आईपीएस की वर्दी में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। यदि मिथलेश ने सही मायने में दो लाख रुपये देकर फर्जी आईपीएस की वर्दी ली है तो पुलिस के सबसे बड़ी चुनौती ये होगी कि पुलिस उस गिरोह का भंडाफोड़ करे।

### पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया पीआरएस डाटाबेस केंद्र का शुभारंभ

पटना/हाजीपुर, (ईएमएस)। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा शनिवार दिनांक 21सितंबर को पटना में यात्री आरक्षण प्रणाली डाटाबेस केंद्र (पीआरएस डाटाबेस केंद्र) का शुभारंभ किया गया। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) से संबंधित सभी ऑनलाइन गतिविधियाँ, जो अब तक कोलकाता स्थित डाटाबेस में की जाती थीं, उन्हें अब पटना में किया जाएगा। इससे कोलकाता डाटाबेस पर पूर्व मध्य रेल की निर्भरता नहीं रहेगी। इसके प्रारंभ हो जाने से नियत समय पर ट्रेनों की चार्टिंग, ट्रेनों के कोचों में किसी तरह के बदलाव, गाड़ियों का निरस्तीकरण/मार्ग परिवर्तन सहित रेल परिचालन से जुड़ी समस्त जानकारी अब अद्यतन रूप से उपलब्ध होगी। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी तथा दानापुर मंडल एवं मुख्यालय के वरिष्ठ उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे।

### शक में दोस्त की हत्या

मुजफ्फरपुर (ईएमएस)। यहां के नर्सरी व्यवसायी की 17 सितंबर को पुणे में हत्या हुई थी। इसमें दोस्त समेत 4 लोगों को पुणे पुलिस ने अरेस्ट किया था। अब इस मामले में नया मोड़ सामने आया है।पुणे पुलिस के अनुसार राजीव को शक था कि उसकी पत्नी का व्यवसायी से प्रेम-प्रसंग है। इसी शक में उसने नर्सरी में पहले से काम कर चुके कई लोगों के साथ उसकी हत्या की साजिश रची। रात पुणे में नर्सरी में वह सो रहा था। इसी दौरान इन लोगों ने गला काट कर उसकी हत्या कर दी। बता दें कि आरोपी प्राइमरी स्कूल का शिक्षक है।

### साइकिल पर लाश, हत्या का खुलासा

मोतिहारी (ईएमएस)। बिहार में पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन में पिछले दिनों साइकिल पर लदी बोरे में बंद युवक की लाश मिली थी। इस मामले का खुलासा हो गया है। मृतक को उसकी प्रेमिका के भाई ने मारा था। इसमें प्रेमिका के परिवार वालों ने सहयोग किया था। पुलिस ने हत्या में शामिल पिता-पुत्र को अरेस्ट कर लिया है। उनके परिवार के बाकी लोग फरार हैं। मृतक और आरोपी परिवार एक ही मोहल्ले में रहते हैं। मामले में एक खुलासा यह भी हुआ कि प्रेमिका के भाई की गर्लफ्रेंड से भी नजदीकी थी। शादीशुदा बहन का प्रेमी होने से भायी वैसे ही उससे चिढ़ाता था। ऊपर से उसने गर्लफ्रेंड पर भी बुरी नजर रखी थी। इन्हीं बातों से गुस्साए भायी ने परिवार का सहयोग लेकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार भायी मनचला था। किसी न किसी के साथ छेड़खानी करता था। कुछ दिन पहले उसने एक लकड़ी के साथ छेड़खानी की थी। जिस पर उसकी पिटाई हुई थी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग,**
**पथ प्रमण्डल, धनबाद**

अति–अल्पकालीन
ई–प्रोक्योरमेंट सूचना (1st Call)
ई–निविदा प्रसंग संख्या - RCD/DHANBAD/1595/2024-25
(1st Call)
दिनांक – 20.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | "पथ प्रमण्डल, धनबाद अन्तर्गत लोहापट्टी से चन्द्रपुरा पथ के चैनेज– 0.00 कि0मी0 से 1.600 कि0मी0 पथ (कुल लंबाई– 1.60 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य, वर्ष 2024–25" |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | रुपये 1,94,73,200/– रूपये मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 45 दिन। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 07.10.2024 (12:00 बजे दिन तक) |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 27.09..2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न) |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद। |
| 7. | प्रोक्युरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 06432-275640 |
| 8. | ई–प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, धनबाद।

PR.NO.336458 Road(24-25):D

बागेश्वरधाम वाले बाबा को बिहार के पंडित ने दी नसीहत, कहा

# इस विधान को न भूलें धीरेंद्र शास्त्री

पटना : पितृपक्ष मेला-2024 के दौरान भक्तो के पुरखों का पिंडदान कराने 26 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय धर्म नगरी सह मोक्ष नगरी गया आ रहे बागेश्वर धाम के सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री को औरंगाबाद के एक पंडित ने बड़ी नसीहत दी है। उन्हे यह नसीहत औरंगाबाद के जम्होर के पास स्थित आदि गंगा पुनपुन के तट पर पितृपक्ष में पिंडदानियों को गयाजी में पिंडदान के पूर्व सर्वप्रथम पहला पिंड दिलाने वाले पंडित कुंदन पाठक ने दी है। कहा है कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री अपने भक्तों के पुरखों का पिंडदान कराने जरूर गयाजी आए लेकिन पुनपुन नदी में प्रथम पिंड दिलाने के पौराणिक विधान को नहीं भूले। यह भूल उनके भक्तों के लिए महंगा पड़ेगा। उनके भक्त यदि गयाजी में पुरखों का पिंडदान करने के पहले गया श्राद्ध तर्पण के प्रवेश द्वार पुनपुन नदी में पित्तरों को सर्वप्रथम पिंड नही देंगे, तो उनके द्वारा गयाजी में पुरखों को किया गया पिंडदान व्यर्थ चला जाएगा। यह उनके पुरखों को प्राप्त नही होगा और पुरखें अतृप्त रह जाएंगे। कहा कि धीरेंद्र शास्त्री अपने भक्तों के साथ इतना बड़ा अनर्थ नहीं होने दें।

#### पुनपुन में पित्तरों को प्रथम पिंड दिए बिना गया श्राद्ध व्यर्थ

पंडित कुंदन पाठक ने कहा कि उन्हें दुःख इस बात का है गयाजी के सभी पंडे-पुरोहित यह भलीभांति जानते और मानते भी हैं कि पितृपक्ष में गया में श्राद्ध तर्पण के पूर्व सर्वप्रथम आदि गंगा पुनपुन में पित्तरों को



प्रथम पिंड देने का पौराणिक विधान है, जो सदियों से चला आ रहा है। इसके बावजूद गयाजी के पंडे-पुरोहित पुनपुन नदी के बदले वहां के गोदावरी सरोवर में पूरक विधि से पिंडदानियों से उनके पित्तरों को प्रथम पिंड दिला देते है। पूरक विधान से पित्तरों को गया में प्रथम पिंड दिला देने से गया श्राद्ध दोषपूर्ण और अपूर्ण रह जाता है तथा यह पुरखों को प्राप्त नही होता है और वें संतृप्त नही होते है। इसलिए उनकी धीरेंद्र शास्त्री से करबद्ध प्रार्थना है कि भक्तों के पुरखों का पिंडदान कराने गया आने के पहले पुनपुन नदी के किसी भी घाट पर पित्तरों को पहला पिंड दिलाए। इसके बाद ही गया में विधि विधान से श्राद्ध तर्पण कराए।

#### बार-बार की गई भूल अक्षम्य

उन्होंने कहा कि बागेश्वर धाम के सरकार धीरेंद्र शास्त्री पिछले साल 2023 में भी पितृपक्ष में भक्तों के पुरखों का पिंडदान कराने गया आए थे। पिछली बार भी वें भक्तों के पुरखों को आदि गंगा पुनपुन में प्रथम पिंड दिलाने के धार्मिक विधान को पूरा कराने का दायित्व और कर्तव्य भूल गए। इस बार यह भूल न हो, इस बात का उन्हें वें स्मरण करा रहे है क्योकि बार-बार की गई भूल अक्षम्य होती है और ईश्वर भी इसे माफ नही करते। इसलिए उनसे आग्रह है कि इस बार भूल की पुनरावृति नही होने दे। कहा कि आप सनातन धर्म और सनातनी परंपरा के झंडाबरदार है। आपसे बड़ी उम्मीदें। आपसे उम्मीद है कि निःसंदेह आप अपने भक्तों से पुरखों का पिंडदान कराने के दौरान आदि गंगा पुनपुन में पित्तरों को प्रथम पिंड दिलाने की पौराणिक मान्यता को कायम रखेंगे और इसकी पुर्नस्थापना पर भी काम करेंगे। उन्होने कहा कि त्रेता में प्रभु श्रीराम, द्वापर में युधिष्ठिर और कलियुग में विक्रमादित्य जैसे युग पुरूषों द्वारा पुनपुन नदी में ही पित्तरों को प्रथम पिंड देने का धार्मिक पुस्तकों में वर्णन है। पुनपुन नदी की धार्मिक महत्ता का वर्णन 'पुनपुन महात्मय' में भी है।

## पटना एनआईटी में आंध्र प्रदेश की छात्रा की संदेहास्पद मौत, छात्रों ने किया हंगामा

पटना, (ईएमएस)। पटना से सटे बिहटा के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) के नवनिर्मित कैंपस में आंध्र प्रदेश की छात्रा की संदेहास्पद मौत को लेकर हंगामा मचा हुआ है। दरअसल छात्रा का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतका इसी इंस्टीट्यूट में सेकेंड इयर की छात्रा थी। छात्रा की मौत से गुस्साए साथी छात्रों ने शुक्रवार देर रात जमकर हंगामा किया। वह हाथों में तख्ती लिए एनआईटी के गेट पर बैठकर धरना दिया। इस बीच घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। देर रात तक बिहटा और पटना दोनों एनआईटी के छात्र घटना की जांच कराने की मांग को लेकर गेट पर बैठे रहे। जानकारी के मुताबिक घटना शुक्रवार देर रात बिहटा स्थित एनआईटी कैंपस की है। एनआईटी पटना की एक छात्रा की वहां संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। छात्रा की मौत की खबर सुनते ही पूरे कैंपस में सनसनी फैल गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक छात्रा का नाम पल्लवी रेड्डी है। वह संस्थान में इलेक्ट्रॉनिकस एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, सेकेंड इयर की छात्रा थी। मृतक छात्रा आंध्र प्रदेश के अनंतपुर की निवासी बतायी जा रही है। छात्रा संस्थान में 2023 बैच में अपनी पढ़ाई कर रही थी। उधर छात्रा की संदिग्ध हालत में मौत होने के बाद एनआईटी पटना के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौत के पीछे की वजह को खंगालने में जुटी हुई है। छात्रा की मौत की खबर पाकर रात में ही पटना और बिहटा एनआईटी के छात्र कैंपस में इकट्ठा हो गए। वह घटना की जांच और कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। पुलिस ने छात्रों को काफी समझाया। गुस्साए छात्र कैंपस के गेट के बाहर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौके से साक्ष्य जुटाए गए हैं। मृतक छात्रा के दोस्तों से पूछताछ की जा रही है। मृतका के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि छात्रा की मौत किन कारणों में हुई है इसकी जांच की जा रही है।

## तीन प्रिंसिपल सहित 1 शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

दरभंगा : शिक्षा विभाग दरभंगा द्वारा बच्चों को दिए जाने वाले एमडीएम में बड़े घोटाले के सामने आने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी समर बहादुर सिंह ने बड़ी कार्रवाई की है। सिंहवाड़ा प्रखंड के तीन स्कूलों के प्रिंसिपल सहित एक शिक्षक पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। बता दें कि इस महीने के चार सितबंर को तारडीह प्रखंड के न्यू प्राथमिक विद्यालय देवना मुसहरी के 14 महीने से निलंबित प्रभारी शिक्षक रामाधीन महतो के खिलाफ चल रही जांच का रिपोर्ट अभी तक नहीं आया है। हालांकि, जिला शिक्षा पदाधिकारी ने तीन दिनों के भीतर ही जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया था। जबकि मध्य विद्यालय कटका के प्रधानाचार्य दीन बंधु ठाकुर को निलंबित करते हुए उनसे 58,720 रुपये की रिकवरी करने का आदेश दिया। जबकि प्राथमिक विद्यालय निस्ता के पति-पत्नी एक ही स्कूल में पदस्थापित रहते हुए अर्धवार्षिक परीक्षा में देर से स्कूल पहुंचने को लेकर कार्रवाई की गई है। पत्नी निशा कुमारी स्कूल की प्रिंसिपल हैं। इन पर पहले से सरकारी बैठकों से भी अनुस्थित रहने का मामला है। जबकि पति संजीव कुमार सहायक शिक्षक हैं। इनसे परीक्षा के दौरान लेट पहुंचने को लेकर जवाब-तलब किया गया है। वहीं, विभाग ने इसी प्रखंड के नप्रावि पैरा गांव के प्रिंसिपल इंद्र मोहन ठाकुर पर आरोप है कि स्कूल में मिलने वाला 11 एफएलएन किट स्कूल और बच्चों को मिलने वाली किताबों के स्कूल के बगल वाले मंदिर परिसर में फेंका हुआ पाया जा रहा है।इस मामले को लेकर विभाग ने पहले शिक्षक ने स्पष्टीकरण पूछा था। लेकिन जवाब से असंतुष्ट होने के कारण नियोजन इकाई को इंद्र मोहन ठाकुर पर कठोर कार्रवाई के लिए लिखा गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी समर बहादुर सिंह ने सिंहवाड़ा प्रखंड के दो स्कूलों के प्रिंसिपल सहित एक शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है।

## सरकारी वाहन ने तीन लोगों को मारी टक्कर, दो की मौत, एक घायल

जहानाबाद,(ईएमएस)। बिहार के जहानाबाद में एक जीप ने तीन लोगों को टक्कर मार दी जिसमें दो की मौत हो गई। एक घायल है। मृतकों में एक महिला भी है। मृतकों की पहचान करण कुमार और धमंती देवी के रूप में की गई है। वहीं घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज जारी है।एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि परसबिगहा इलाके में एक तेज रफ्तार जीप ने तीन लोगों को टक्कर मार दी। इसके बाद चालक भागने की कोशिश कर रहा था लेकिन वहां मौजूद लोगों उसे दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। लोगों ने तीनों घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां दो घायलों ने दम तोड़ दिया। एक अन्य घायल की हालत स्थिर बताई जा रही है।एसपी सिंह ने कहा कि जीप के चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उसे एक पेड़ से बांध कर उसकी पिटाई शुरु कर दी। जब पुलिस गांव पहुंची और चालक को बचाकर थाने ले आई।

## लखुआ और चिरैया थानाध्यक्ष की कार्यशैली पर सवाल

सहरसा : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने शनिवार को सहरसा जिले के सलखुआ और चिरैया थानाध्यक्ष के कार्यशैली की जांच करने और थाने को दलाल मुक्त करने सहित अन्य मांगों को लेकर समाहरणालय पर प्रदर्शन किया। भाकपा नेता ओमप्रकाश नारायण के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चिरैया थानाध्यक्ष कर्मवीर सिंह, सलखुआ थाना अध्यक्ष विशाल कुमार और सहयोगी सोनू कुमार की गलत कार्यशैली की जांच करने, दारू माफिया दलालों अपराधिक तत्वों से थाने को मुक्त करने सहित अन्य मांगों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चिरैया थानाध्यक्ष क्षेत्र में अच्छे और गरीब जनता पर भय और आतंक कायम कर लूटने में लगे हैं। 12 सितंबर 2024 को भिरखी टोला निवासी राजकुमार सादा के पुत्र जीतो सादा को चिकनी टोला में ग्राम पंचायत अलानी को शराब पीने के नाम पर बेरहमी से पीटकर उसका जबड़ा तोड़ दिया। घटना स्थल पर ही वह खून की उल्टी करने लगा। अभी गंभीर हालत में इलाजरत है, संपूर्ण घटना की जांच हो। कर्मवीर सिंह अपने को बचाने के लिए चिरैया थाना कांड संख्या-41/24 के सभी निर्दोष आरोपियों को बरी करें एवं कर्मवीर सिंह पर जीतो सादा का जबड़ा तोड़ने का मुकदमा दर्ज करें। चिरैया थाना कांड संख्या-11/2024 के संदर्भ में सुमित्रा देवी पति त्रिवेणी पंडित का आवेदन जो 12 अप्रैल 2024 को पुलिस अधीक्षक सहरसा को प्रेषित है की जांच हो। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अजय कुमार की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई और उनके पिता केस करने थाना गए तो उनको थाने के हाजत में बंद करके पीटा गया। इस तरह के कई मामले उच्चाधिकारी के संज्ञान में हैं। कर्मवीर सिंह पर विभागीय कार्रवाई की भी मांग की। वहीं, सलखुआ थानाध्यक्ष विशाल कुमार एवं उनके सहयोगी सोनू कुमार निर्दोष नागरिकों को अपनी ओर से अवैध हथियार देकर पीट-पीट कर रुपये वसूलते हैं, नहीं देने पर जेल भेज देते हैं। ऐसा कर निर्दोष नागरिक को अपराधी बना रहे हैं। वरुण कुमार पिता चंदेश्वरी यादव सलखुआ थाना कांड संख्या 127/24 है। 28 मार्च 2024 को सितुआहा गांव में घटित निंदनीय घटना पर सलखुआ थाना कांड संख्या-93/24 में एक तरफा कार्रवाई न्याय संगत नहीं है। शराब के नाम पर सितुआहा गाव में 28 मार्च 2024 को पीट-पीट कर कई को बेहोश भी कर दिया गया, जबकि शराब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश यादव पिता सिकन्दर यादव, ओम प्रकाश कुमार पिता सिकन्दर यादव से 40 हजार रुपये लिया, तब पीटना बंद किया।रामफल यादव, पिता मुसहरु यादव से 50 हजार रुपए लिया गया। विवेक कुमार पिता सुरेश यादव, नूतन कुमारी पति विवेक कुमार दोनों पति-पत्नी को पीटा और मोटर साइकिल उठा कर ले गया। अजीत कुमार पिता रामफल यादव हैं। इसके अलावा कई किसानों को फसल तैयार करने के दौरान जात पूछ तक पीटा एवं महिलाओं को भी प्रताड़ित किया गया है।

**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

67वीं औपबंधिक सूची
जिला– बोकारो (पार्ट–5)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री शनिचर मांझी , फागु बेसरा एवं भुनेश्वर ठाकुर द्वारा माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 203. | 1. आवेदन क्र0–1206/24 2. आवेदक–महानन्द प्रसाद , पिता–स्व0 गोखुल साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–होठ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 204. | 1. आवेदन क्र0–1207/24 2. आवेदक–गोपीलाल महतो , पिता–स्व0 भोला महतो 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 205. | 1. आवेदन क्र0–1208/24 2. आवेदक–चिन्तामनी साहु , पिता–स्व0 सोमर साहु 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 206. | 1. आवेदन क्र0–1209/24 2. आवेदक–सुरेश कुमार महतो , पिता–स्व0 डालचन्द महतो 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 207. | 1. आवेदन क्र0–1210/24 2. आवेदक–प्रदीप प्रसाद , पिता–स्व0 त्रिवेणी साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 208. | 1. आवेदन क्र0–1211/24 2. आवेदक–भुनेश्वर प्रसाद , पिता–स्व0 जितन साहु 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 209. | 1. आवेदन क्र0–1212/24 2. आवेदक–धनेश्वर साव , पिता–स्व0 जीतन साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 210. | 1. आवेदन क्र0–1213/24 2. आवेदक–राम कुमार प्रसाद , पिता–स्व0 गोकुल साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 211. | 1. आवेदन क्र0–1214/24 2. आवेदक–जोधन साव , पिता–स्व0 चरण साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 212. | 1. आवेदन क्र0–1215/24 2. आवेदक–तुलसी महतो , पिता–स्व0 राजू महतो 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही | कंडिका–2(ix) |
| 213. | 1. आवेदन क्र0–1216/24 2. आवेदक–चतुर्भुज प्रसाद , पिता–स्व0 जगदीश साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 214. | 1. आवेदन क्र0–1217/24 2. आवेदक–प्रमेश्वर साव , पिता–स्व0 चरण साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 215. | 1. आवेदन क्र0–1218/24 2. आवेदक–माला साव , पिता–स्व0 चरण साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 216. | 1. आवेदन क्र0–1219/24 2. आवेदक–महेन्द्र साव , पिता–माला साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 217. | 1. आवेदन क्र0–1220/24 2. आवेदक–गंगेश्वर साव , पिता–स्व0 चरण साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 218. | 1. आवेदन क्र0–1221/24 2. आवेदक–पुरण साव , पिता–स्व0 चरण साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 219. | 1. आवेदन क्र0–1401/24 2. आवेदक–महाबीर महतो , पिता–स्व0 पुरन महतो 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड़ , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाएं आँख के पास मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 220. | 1. आवेदन क्र0–1402/24 2. आवेदक–भुगल महतो , पिता–स्व0 रती महतो 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड़ , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन के बाएं तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 221. | 1. आवेदन क्र0–1403/24 2. आवेदक–मोहन प्रसाद , पिता–स्व0 बेचन साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड़ , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–सीर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 222. | 1. आवेदन क्र0–1404/24 2. आवेदक–रोशन लाल महतो , पिता–जानकी महतो 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड़ , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाएं हाथ में जले का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 223. | 1. आवेदन क्र0–1405/24 2. आवेदक–बोधराम महतो , पिता–स्व0 धर्मनाथ महतो 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड़ , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 224. | 1. आवेदन क्र0–1406/24 2. आवेदक–कालेश्वर रविदास , पिता–स्व0 बनवारी रविदास 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड़ , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 225. | 1. आवेदन क्र0–1407/24 2. आवेदक–नसरूल अंसारी , पिता–अल्लाउद्दीन अंसारी 3. ग्राम–जगेश्वर , पोस्ट–तिरला , थाना–जगेश्वर बिहार , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 226. | 1. आवेदन क्र0–1408/24 2. आवेदक–शिवनन्दन कुमार महतो , पिता–लालजी महतो 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड़ , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाये पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 227. | 1. आवेदन क्र0–1409/24 2. आवेदक–किशुन कुमार महतो , पिता–गुरूचरण महतो 3. ग्राम–बारीड़ारी , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड़ , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 228. | 1. आवेदन क्र0–1410/24 2. आवेदक–राजू प्रसाद , पिता–स्व0 बेचन साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड़ , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष , पहचान चिन्ह–माथे पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 229. | 1. आवेदन क्र0–1411/24 2. आवेदक–अशोक कुमार साहू , पिता–स्व0 बिलू साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड़ , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–माथे पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 230. | 1. आवेदन क्र0–1412/24 2. आवेदक–खिरोधर महतो , पिता–स्व0 गंगा महतो 3. ग्राम–महुआटाँड़ , पोस्ट–महुआटाँड़ , थाना–महुआटाँड़ , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 231. | 1. आवेदन क्र0–1413/24 2. आवेदक–उमा चरण महतो , पिता–अमलु महतो 3. ग्राम–महुआटाँड़ , पोस्ट–महुआटाँड़ , थाना–महुआटाँड़ , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–दोनो पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 232. | 1. आवेदन क्र0–1414/24 2. आवेदक–गिरधारी महतो , पिता–महाबीर महतो 3. ग्राम–महुआटाँड़ , पोस्ट–महुआटाँड़ , थाना–महुआटाँड़ , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 233. | 1. आवेदन क्र0–1415/24 2. आवेदक–परमेश्वर साव , पिता–स्व0 बेचन साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड़ , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 234. | 1. आवेदन क्र0–1416/24 2. आवेदक–बसंत प्रसाद , पिता–स्व0 बेचन साव 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटाँड़ , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–माथे पर जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 235. | 1. आवेदन क्र0–1205/24 2. आवेदक–प्रदीप कुमार ठाकुर , पिता–तिलेश्वर ठाकुर 3. ग्राम–मिर्जापुर , पोस्ट–मिर्जापुर , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाएं गाल पर लहसन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 236. | 1. आवेदन क्र0–2031/24 2. आवेदक–काशीनाथ महतो , पिता–दन्दु महतो 3. ग्राम–होन्हे , पोस्ट–कण्डेर , थाना–महुआटांड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 237. | 1. आवेदन क्र0–2032/24 2. आवेदक–गुलैची मुण्डा , पिता–करूआ मुण्डा 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटांड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 238. | 1. आवेदन क्र0–2033/24 2. आवेदक–रिझनी देवी , पति–स्व0 तेजू महतो 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटांड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे के दायें भाग में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 239. | 1. आवेदन क्र0–2034/24 2. आवेदक–रामजी महतो , पिता–अनहद महतो 3. ग्राम–तिरला , पोस्ट–तिरला , थाना–महुआटांड , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | PR 336254 Home (24-25)_D | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

# संक्षिप्त खबरें

## प्रसादम में मिलावट सनातन धर्म के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय साजिश

आचार्य प्रमोद कृष्णम का आरोप कुछ नेता इससे जुड़े

गाजियाबाद (ईएमएस)। विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसादम में मिलावट को आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सनातन धर्म के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय साजिश बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में कुछ दल और उनके नेता शामिल है। आचार्य ने कहा, यह बहुत ही खतरनाक बात है। यह सनातन धर्म के खिलाफ साजिश है। इस बार हमारे धर्म को भ्रष्ट करने की साजिश हुई है। यह सिर्फ भारत में नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है। विदेशी ताकतें भारत को बर्बाद करना चाहती हैं। विदेशी ताकतें जानती है कि भारत को तब तक बर्बाद नहीं किया जा सकता, जब तक सनातन को मिटा न दिया जाए। उन्होंने कहा कि दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है। तब वाईएसआर कांग्रेस की सरकार थी। जगन मोहन रेड्डी ने हिंदुओं के साथ छल किया है। यह घोर पाप है। इसका प्रायश्चित करना बड़ा मुश्किल है। अब समय आ गया है जब पूरे सनातन धर्म को एक होना पड़ेगा। सनातन धर्म को बचाने के लिए एक होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में सनातन धर्म की रक्षा के लिए कोई एक संस्था की स्थापना करना बहुत जरूरी है, जो हमारे तमाम मंदिर और मठों की, तमाम आस्था के केंद्रों की अच्छी तरह से देख रेख और संचालन कर सके।

## गुजरात में भी ट्रेन बेपटरी करने की साजिश

गुजरात(ईएमएस)। गुजरात के सूरत में शुक्रवार रात किम रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक के साथ छेड़छाड़ की गई। कुछ अनजान लोगों ने अप लाइन की पटरी से फिश प्लेट और कीज हटा दी थी। उन्हें उसी पटरी पर रख दिया था। साथ ही रेलवे पटरियों को जोडऩे वाले 71 ताले भी हटा दिए थे। स्थानीय लोगों से मामले की जानकारी मिलने पर अप स्टेशन सुपरिटेंडेंट ने की-मैन सुभाष कुमार को सतर्क कर दिया। ट्रैक की जांच की गई तो पता चला कि किसी ने ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश रची थी। इसके बाद रूट को बंद कर दिया गया। हालांकि थोड़ी ही देर में नई फिश प्लेट लगने के बाद रेलवे सेवा फिर से शुरू कर दी।

## नर्सिंग छात्रा की संदिग्ध मौत, परिवार ने हत्या का लगाया आरोप

पटना,(ईएमएस)। गुरुदेव पारा मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में एक 22 वर्षीय नर्सिंग छात्रा की मौत ने सुसाइड और मर्डर के बीच गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस और कॉलेज प्रबंधन इसे आत्महत्या बता रहे हैं, जबकि मृतका के परिवार ने हत्या का आरोप लगाते हुए कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मृतका नालंदा के इस्लामपुर की रहने वाली थी। मृतका का शव 8 सितंबर को खाजेकलां थाना क्षेत्र के गुरुगोविंद सिंह अस्पताल स्थित लिच्छवी नर्सिंग गर्ल्स हॉस्टल में संदिग्ध हालत में फंदे से लटका हुआ मिला था। इस मामले में छात्रा की मां का दावा है कि उनकी बेटी की रेप के बाद हत्या की गई है। उन्होंने कहा, कि घटना के दो घंटे पहले मैंने अपनी बेटी से बात की थी। वह बहुत खुश थी और कुछ दिन पहले कॉलेज के प्रोग्राम में भी उसने हिस्सा लिया था। अचानक ऐसा क्या हुआ कि मेरी बेटी ने खुदकुशी कर ली? इस मामले में कॉलेज प्रबंधन का हाथ है। वहीं दूसरी तरफ कॉलेज प्रबंधन इसे आत्महत्या बता रहा और कह रहा है कि छात्रा का अपने बॉयफ्रेंड से झगड़ा हुआ था, जिससे वह मानसिक तनाव में थी। इसके विपरीत परिवारजन कह रहे हैं कि ऐसी कोई स्थिति नहीं थी जो उसे आत्महत्या की ओर प्रेरित करे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि वह इस दिशा में सभी पहलुओं को ध्यान में रखे हुए है। छात्रा के परिवार ने न्याय की गुहार लगाई और कॉलेज प्रबंधन की भूमिका की जांच की मांग की है। इस घटना ने कॉलेज परिसर के माहौल, प्रबंधन और नर्सिंग की शिक्षा पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अनेक छात्राओं ने चिंता जाहिर की है।

## अभिनेता प्रवीण डबास सड़क दुर्घटना में घायल, आईसीयू में भर्ती

मुंबई (ईएमएस)। माई नेम इज खान, रागिनी एमएमएस 2 और खोसला का घोसला के लिए मशहूर अभिनेता प्रवीण डबास सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं। अभिनेता को आईसीयू में भर्ती किया गया हैं, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उनकी दुर्घटना से जुड़ी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है, फैंस उनके जल्द ठीक होने की दुआ मांग रहे हैं। अभिनेता प्रो पंजा लीग के सह-संस्थापक भी हैं। प्रो पंजा लीग के प्रतिनिधियों ने मीडिया के साथ आधिकारिक बयान साझा किया। बयान में कहा गया कि हमें यह बताते हुए खेद है कि प्रो पंजा लीग के सह-संस्थापक प्रवीण डबास को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और शनिवार सुबह तड़के एक दुर्भाग्यपूर्ण कार दुर्घटना के बाद वे आईसीयू में हैं। घटना के विवरण अभी भी सामने आ रहे हैं, लेकिन हम पुष्टि कर सकते हैं कि श्री डबास को वर्तमान में चिकित्सा सहायता मिल रही है। फरवरी 2020 में, अभिनेता ने किरन रिजुजू और ओलंपिक बॉक्सिंग स्टार विजेंदर सिंह के साथ प्रो पंजा लीग टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। प्रो पंजा लीग की 6 टीमों के साथ पहला पूर्ण सत्र 28 जुलाई से 13 अगस्त, 2023 तक लांच किया गया था। अभिनेता सुनील शेट्टी अगस्त 2023 में प्रो पंजा लीग के अल्पसंख्यक हितधारक के रूप में शामिल हुए। परवीन डबास को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म खोसला का घोसला में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। हाल ही में उन्हें प्राइम वीडियो सीरीज़ मेड इन हेवन में देखा गया था।

## मुकेश खन्ना का पान मसासा विज्ञापन पर तंज, पैसा दो और कुछ भी बुलवा लो

मुंबई (ईएमएस)। महाभारत के भीष्मपिता उर्फ अभिनेता मुकेश खन्ना अक्सर अपने बड़बोलेपन के कारण सुर्खियां में रहते हैं। मुकेश खन्ना को अक्सर अभिनेताओं पर कटाक्ष करते दिखाई देते हैं। इसी कडी में उन्होंने पान मसाला से लेकर पैसा कमाने वाले रमी जैसे तमाम विज्ञापनों के बारे में बात की है। इसमें अजय देवगन से लेकर अक्षय कुमार, महेश मांजरेकर सहित अन्य स्टार्स पर तंज कसा है। उन्होंने पोस्ट शेयर कर एक साइड अजय देवगन पान मसाला के विज्ञापन में दिख रहे हैं और दूसरे साइड महेश मंजरेकर विज्ञापन कर रहे हैं। पोस्ट में लिखा, क्या विज्ञापन की दुनिया चकाचौंध की दुनिया, पैसों की दुनिया बन कर रह गई है? पैसा फैंक तमाशा देख! यही इसका आधार बन गया है? पैसा दो और कुछ भी बुलवा लो। उन्होंने लिखा, उनका जमीर, उनका दायित्व समाज के प्रति, युवाओं के प्रति नगण्य हो गया है। किसी भी चीज, किसी भी प्रोडक्ट के बारे में अच्छा बोलना चाहे वहां कितनी भी बुरी क्यों ना हो, उनका धर्म बन गया है?? क्योंकि उन्हें इस काम के लिए पैसा मिल रहा है!! पैसा पैसा पैसा!!! कितना कमाओगे पैसा!! इसके बावजूद कि ये आपके पास जरूरत से ज्यादा भी है। मुकेश ने कहा कि जी हां मैं बड़े बड़े स्टार्स की बात कर रहा हूं। विज्ञापन बनाने वाले मदारी बन गए हैं और कलाकार उनकी डुग डुगी पर बंदर नाच दिखा रहे हैं। फिर चाहे ये केसरिया आदाब क्यों ना हो, जंगली रमी क्यों ना हो, गुटका शराब क्यों ना हो। बिना प्रोडक्ट की विश्वसनीयता जांचे कुछ भी बोले चले जा रहे हैं ये लोग!

## आखिर कौन सा जानवर कर रहा हमला भेड़िए, सियार, डॉग या अन्य कोई

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच सहित कई जिलों में भेड़िए, तेंदुए, सियार जैसे जंगली जानवरों का आतंक रुक नहीं रहा है। करीब दो माह से वन विभाग इन जानवरों को पकड़ने की कोशिश कर रहा है। विभाग ने अभी तक सिर्फ पांच भेड़ियों को पकड़ा सका है। लेकिन अब गुत्थी भी उलझती जा रही है, कि जितने भी हमले हो रहे हैं, वहां भेड़िए ही कर रहा है या सियार, डॉग या अन्य जानवर कर रहा है। इस गुत्थी सुलझाने के लिए भी वन विभाग जुड़ गया है। विभाग अब हमला किस जानवर ने किया इसका पता लगाने जांच के अन्य तरीके के बाद अब हमला करने वाले वन्यजीव के सलाइवा यानी लार की डीएनए जांच भी करवा रहा है। वन विभाग ने फिलहाल भेड़िए के हमले में मृत एक महिला के शरीर से सैंपल लेकर देहरादून स्थित वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया को भेजा है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कि किस जानवर ने हमला किया है। गौरतलब है कि बहराइच के महसी तहसील अंतर्गत घाघरा नदी के कछार में स्थित 50 गांवों के हजारों नागरिक भेड़ियों के हमलों से दहशत में हैं। पिछली 17 जुलाई से इन जानवरों के हमले में सात बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो चुकी है जबकि करीब 36 लोग भेड़िए अथवा अन्य जानवरों के हमलों से घायल हुए हैं।

# तिरुमला तिरुपति देवस्थानम, पवित्र प्रसाद की शुद्धता बहाल कर दी गई

## कर्नाटक में प्रसाद बनने में इस्तेमाल होगा नंदिनी घी

तिरुपति (ईएमएस)। आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर के 'लड्डू प्रसादम में इस्तेमाल होने वाले घी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इन लड्डुओं में जानवरों की चर्बी की खबर सुनकर देशभर के श्रद्धालु चिंता में पड़ गए हैं। इस बीच अब इस लड्डू विवाद पर तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) का बयान आया है। टीटीडी ने साफ किया कि इस पवित्र प्रसाद की शुद्धता बहाल कर दी गई है। तिरुमला पर्वत पर स्थित श्री वेंकेटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन करने वाले टीटीडी ने कहा कि श्रीवारी लड्डू की पवित्रता अब बेदाग है। टीटीडी सभी भक्तों की संतुष्टि के लिए लड्डू प्रसादम की पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। टीटीडी ने लैब की रिपोर्ट का हवाला देकर कहा कि घी में 'चर्बी' और दूसरी अशुद्धियां पाई गई हैं। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव ने कहा कि लैब टेस्ट में नमूनों में पशु वसा और चर्बी पाई गई है। बोर्ड इस 'मिलावटी' घी की सप्लाई करने वाले ठेकेदार को 'ब्लैकलिस्ट' करने की तैयारी में है। उधर कर्नाटक के मुजराई मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने बताया कि जिन मंदिरों में प्रसाद बनाने के लिए नंदिनी घी का इस्तेमाल नहीं होता है, उन्हें नंदिनी घी का इस्तेमाल करने को कहा जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और अच्छी क्वालिटी का प्रसाद मिल सके। कर्नाटक के मंत्री रेड्डी ने कहा, 'तिरुपति विवाद के बाद कर्नाटक के मंदिरों में दिए जाने वाले प्रसाद को लेकर भी लोगों के मन में संदेह होगा। किसी भी तरह की आशंका या चिंता को दूर करने के लिए सरकार ने मैसूर के लैब में उनकी जांच कराने का फैसला किया है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वे अब से केवल नंदिनी घी का ही इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा, 'हम केवल केएमएफ और नंदिनी उत्पादों को ही बढ़ावा देने वाले हैं, और इसलिए हमारे मंदिर भी अब केवल उनके घी का ही इस्तेमाल होगा। मंत्री ने कहा कि देवताओं और भक्तों को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में इस्तेमाल होने वाली चीजों की शुद्धता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



# मेजर की मंगेतर ने पुलिस पर लगाए रोंगटे खड़े कर देने वाले आरोप

## पुलिस के आरोप के बाद भुवनेश्वर में मेजर की मंगेतर ने सुनाई




भुवनेश्वर (ईएमएस)। ओडिशा के भुवनेश्वर में तीन दिन पहले खबर आई कि एक मेजर और उनकी मंगेतर ने थाने में घुसकर हंगामा किया। दोनों कुछ कथित गुंडों की शिकायत करने थाने पहुंचे थे। पुलिसवालों ने आरोप लगाया कि मेजर की मंगेतर ने थाने में पुलिसवालों को पीटा। हालांकि यह सब किसी को हजम नहीं हो रहा था कि थाने के अंदर एक महिला ने पुलिसवालों को पीटा। इसके बाद मेजर की मंगेतर जेल से बाहर आईं। उन्होंने जो बताया वह रोंगटे खड़े कर देने वाला है। पुलिस स्टेशन के अंदर उसके और मंगेतर मेजर के साथ पुलिसवालों ने प्रताड़ना की सारी हदें पार कर दी थीं। युवती ने बताया कि बंगाल में तैनात उनके मेजर मंगेतर ओडिशा आए थे। युवती भुवनेश्वर में एक रेस्तरां चलाती है। वहां अपना रेस्तरां बंद करके मेजर के साथ अपने घर लौट रही थी। तभी बदमाशों ने उन्हें घेरकर छेड़खानी की। मेजर ने लड़कों की हरकतों पर आपत्ति की, तब बदमाशों ने मिलकर मेजर को पीटा। मेजर और उनकी मंगेतर भरतपुर पुलिस स्टेशन शिकायत करने के लिए पहुंचे। यहां पुलिसवालों ने उनकी शिकायत नहीं दर्ज की। मेजर और उनकी मंगेतर ने सवाल खड़े किए, तब पुलिसवालों ने उन्हें टॉर्चर करना शुरू कर दिया। क्योंकि युवक भारतीय सेना में है, इसलिए बड़ा मामला हो सकता था इसलिए पुलिस ने उन्हें कुछ नहीं किया, बल्कि उनकी मंगेतर को पकड़ लिया। युवती ने बताया, महिला पुलिस ने मुझे पीटना शुरू कर दिया। कॉरिडोर से खींचकर एक कमरे में ले जाया गए। यहां मेरे हाथ-पैर बांधकर मुझे पीटा गया। एक पुलिसवाली ने मेरा गला दबाया तब मैंने अपने बचाव के लिए उसके हाथ में काट लिया। उसके बाद वे और बौखला गए और मुझे और ज्यादा पीटा। कमरे में अधमरा करके बंद कर दिया। मैं दर्ज से लगातार चीख रही थी। युवती ने बताया, कुछ देर बाद मेल पुलिसवाले आए। उन्होंने मेरे कपड़े उतार दिए। यहां तक कि मेरी ब्रा उतार दी। ब्रेस्ट पर सामने से लातें मारनी शुरू कर दी। मैं दर्द से चीख रही थी तब उन्होंने मेरी पैंट्स उतार दी। अपने पैंट्स की जिप खोली और अपना पीनस निकालकर कहा लेगी? कितने बार लोगी? लेना चाहोगी कि चुप रहोगी। मैं मदद के लिए बहुत ज्यादा चिल्ला रही थी। युवती ने बताया कि इस दौरान पुलिसवालों ने उससे बहुत ही गंदी बातें कीं।

## गुजरात हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाना दुष्कर्म नहीं



अहमदाबाद (ईएमएस)| गुजरात हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में बड़ा फैसला दिया है| हाईकोर्ट ने कहा कि कोई व्यक्ति बालिग महिला के साथ वादा करता है और उसके बाद उन दोनों के बीच शारीरिक संबंध बनते हैं तो उस व्यक्ति पर दुष्कर्म का मुकद्दमा चलाया नहीं जा सकता| उस व्यक्ति पर तब भी दुष्कर्म का केस नहीं चल सकता है, जब वह व्यक्ति अपना वादा निभाने में असफल रहा हो| हाईकोर्ट ने कहा कि पुरुष को तभी दोषी ठहराया जा सकता है जब यह साबित हो जाए कि शादी का वादा बिना किसी इरादे से किया गया हो| क्योंकि यही एक मात्र कारण था जिसके कारण महिला ने शारीरिक संबंध बनाने की सहमति दी थी| गुजरात हाईकोर्ट के न्यायधीश दिव्येश जोशी ने अपने आदेस में कहा कि उपर्युक्त प्रावधान का सरसरी तौर पर अवलोकन करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि पूरे प्रावदान में किसी व्यक्ति द्वारा किसी महिला के साथ दुष्कर्म करने के बारे में एक शब्द भी नहीं है जो उसका प्रेमी है|

क्योंकि प्यार शब्द अपने आप में सहमति को दर्शाता है| हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि धारा 376(2)(जे) उस महिला से संबंधित है जो सहमति देने में असमर्थ है, जिसका अर्थ है कि वह या कम उम्र की लड़की है जो उसके द्वारा दी जा रही सहमति के परिणामों को समझने के लिए पर्याप्त रूप से परिपक्व नहीं है, या मानसिक रूप से विकलांग लड़की या महिला है| हाईकोर्ट ने कहा कि अब सवाल यह बनता है कि क्या आरोपी द्वारा महिला से शादी के वादे पर इतना भरोसा किया जा सकता है कि आरोपी को बलात्कार के अपराध में दोषी ठहराया जा सके| इसका जवाब नहीं है| हर मामले में पुरुष जहां किसी महिला से वादे के बावजूद शादी करने में विफल रहता है तो उसे बलात्कार के अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। हाईकोर्ट ने कहा कि पुरुष को तभी दोषी ठहराया जा सकता है जब यह साबित हो जाए कि बिना किसी इरादे के शादी का वादा किया गया था और यही एकमात्र कारण था कि महिला उसके साथ यौन संबंध बनाने के लिए सहमत हुई। झूठे वादे और वादे के उल्लंघन के बीच अंतर पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि झूठा वादा एक ऐसे वादे से संबंधित है जिसे आरोपी का शुरू से निभाने का कोई इरादा नहीं था। हाईकोर्ट ने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे कि अगर कोई लड़का किसी से प्यार करता है, तो वह किसी दूसरे साथी के साथ संबंध बना सकता है| अगर उसके परिवार वाले उसे किसी और से शादी करने के लिए मजबूर करते हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वादा किया गया था|

**Government of Jharkhand**
**Urban Development And Housing Department**
**Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad**

**Short e-Procurement Tender Notice No. DMC/25/2024-25**

Reference No. : DMC/25/2024-25 Date : 21.09.2024

| क्रम सं0 | Group No. | वार्ड सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति का अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DMC/ 25/2024-25/01 | 14 | Construction of Road and Drain from Ara More KGN Complex (Shankar Sweet) to ahead of Kali Mandir Matkuria Basti and near Noory Mosque Shaukat Ali to Salamat house in ward no. 14 under DMC, Dhanbad | 92,81,600.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 180 दिन |
| 2 | DMC/ 25/2024-25/02 | | Construction of Chain Link Fencing Work in Dhanbad Municipal Corporation Area in Different Location Under DMC, Dhanbad | 2,43,734.00 | 2 % of BOQ | 1000.00 | 60 दिन |

Date of Publication of Tender on website :- **24.09.2024 At 03.00 PM**
Online Last Date / Time for receiving of bids :- **08.10.2024 (Online) till 03:00 PM**
Date of Bid Opening :- From **09.10.2024 at 03:00 PM** (Online)
**NOTE:-** (i) Only e-Tenders will be accepted. Further details can be seen on website http://www.jharkhandtenders.gov.in.
(ii) Contractor should be registered in appropriate class as per NIT
(iii) Estimated Cost / Quantity May Vary
(iv) Municipal Commissioner, Dhanbad reserves the right to reject any or all the tender(s) received without assigning any reasons thereof.

S/d-
Executive Engineer,
Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad

PR 336591 Urban Development(24-25)#D

झारखण्ड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
कम्बाइंड बिल्डींग, ओल्ड चास कोट एरिया, बोकारो।
ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई– अल्पकालीन निविदा संख्या :- 24/2024-25/RWD/EE/BOKARO दिनांक – 21.09.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/BOKARO/ 62/2024-25 | कुरपनिया बाजार से खासमहल कॉलोनी तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.500 कि0मी0)। | 1,64,61,000.00 | एक करोड़ चौसठ लाख इकसठ हजार रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/EE/BOKARO/ 63/2024-25 | हिरक रोड घुटवे से घुटवे बस्ती तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.200 कि0मी0)। | 1,24,21,900.00 | एक करोड चौबीस लाख इक्कीस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/EE/BOKARO/ 64/2024-25 | हिरक रोड झरना बस्ती से चिमनी होते हुए जमुनिया नदी तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.500 कि0मी0)। | 1,73,13,900.00 | एक करोड़ तिहत्तर लाख तेरह हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 26.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.10.2024 अपराह्न 03.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो, कम्बाइंड बिल्डींग, सिविल एस0डी0ओ0, ऑफिस ओल्ड चास कोट एरिया, चास बोकारो, झारखंड, पिन– 827013
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9431060119

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, बोकारो।

PR 336555 Rural Work Department(24-25)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह
ई– अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई– अति अल्पकालीन निविदा सूचना सं०–RDD/SD/GIRIDIH/20/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गिरिडीह जिला के पीरटांड़ प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत मंडरो के ग्राम गोयचोका एवं चिरुडीह के बीच नदी में पुल निर्माण कार्य। (पुल की लंबाई–44.72 मीटर) | 24078500.00 | 481000.00 | 10000.00 | 15 माह |
| 2 | गिरिडीह जिला के पीरटांड़ प्रखण्ड अंतर्गत कुडको पंचायत के ग्राम कुडको टोला बड़कीटॉड़ बीरगड्डी में कुड़को नदी पर पुल निर्माण कार्य। (पुल की लंबाई–44.72 मीटर) | 24230200.00 | 485000.00 | 10000.00 | 15 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 23.09.2024 से दिनांक 28.09.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –30.09.2024 अपराह्न 12:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431323435 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)।
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गिरिडीह।

PR 336595 Rural Work Department(24-25)D

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

### नेहरू की राह- मोदी का नया राजनीतिक दांवः एक देश एक चुनाव...?

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के 17 वर्षीय कार्यकाल से अपने प्रधानमंत्री काल को बेहतर सिद्ध करने की तमन्ना रखने वाले हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी ने जवाहरलाल की ही 6 दशक पुरानी रणनीति एक देश एक चुनाव को अपनाने का फैसला लिया है, आजादी के बाद के दो आम चुनाव नेहरू जी की इसी नीति पर आधारित थे, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुए थे, जिससे नेहरू की कीर्ति में अभिवृद्धि हुई थी, अब नरेंद्र भाई मोदी की सरकार ने भी इसी नीति को अपनाने का फैसला लिया है और इसे लागू करने की संवैधानिक औपचारिकताओं के बाद इसे 5 साल बाद अर्थात 2029 में चुनावों के समय अमल में लाया जाएगा, इस नीति के तहत संसद (लोकसभा) और देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होंगे तथा संसद विधानसभाओं के चुनावों के 100 दिन बाद देश की सभी स्थानीय निकायों के चुनाव होंगे। इस घोषणा के साथ सरकार ने दावा किया है कि इस प्रयास से न सिर्फ देश में चुनाव पर होने वाले अरबो रुपए के खर्चे में कटौती होगी साथ ही समय की भी बचत होगी तथा फिर सरकारी और स्थानीय संस्थाएं बिना किसी तरह के अवरोध या विघ्न के जनहित के कार्य कर सकेगी। वैसे मोदी जी की यह सोच कोई नई नहीं है भारत में आजादी के बाद पहले चार आम चुनाव 1951-52 से 57, 1962 से 67 और 1971 के दौरान देश के मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव के साथ अपने राज्यों की विधानसभाओं के लिए भी वोट डाले थे, बाद में नए राज्य बनने और कुछ राज्यों के पुनर्गठन के बाद यह प्रक्रिया बंद हो गई। 1968 में कुछ राज्यों की विधानसभाओं को भंग किया गया इससे लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी, 1983 में चुनाव आयोग ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव कराने की व्यवस्था फिर से शुरू करने का सुझाव दिया था। 1999 में विधि आयोग की रिपोर्ट में भी एक देश एक चुनाव का उल्लेख किया गया था, 2018 में विधि आयोग ने दोबारा एक देश एक चुनाव का समर्थन किया, बाद में मोदी सरकार ने इस मसले पर विस्तृत विचार कर अपनी सिफारिशें देने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था, जिसने पिछले मार्च माह में अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति जी को सौपी और उसी की सिफारिशों पर करीब 6 महीने विचार विमर्श के बाद मोदी सरकार ने स्कवीकार कर पूरे देश में संसद व विधान मंडलों के चुनाव एक साथ कराने का फैसला लिया तथा इन चुनावों के 100 दिन बाद पूरे देश की स्थानीय संस्थाओं के चुनाव कराने की घोषणा की, सरकार ने यह महत्वपूर्ण घोषणा तो कर दी किंतु संविधान के अनुसार इस फैसले को सरकार इससे संबंधित संविधान में संशोधन के बिना लागू नहीं कर सकती, इसलिए सरकार ने अब संसद के अगले शीतकालीन सत्र में संबंधित संविधान संशोधन करवा कर इसे लागू करने का फैसला लिया। किंतु इसके लिए देश के सभी राजनीतिक दलों की सर्वसम्मति जरूरी होगी, फिलहाल देश में 62 राजनीतिक दल हैं जिनमें से 13 ने इस प्रस्ताव को मंजूर नहीं किया है तथा 13 ने हीं इस पर मौन धारण कर रखा है, शेष 32 राजनीतिक दलों ने केंद्र के इस प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की है सरकार के प्रयास है कि शीतकालीन सत्र के पहले रूठे हुए दलों को मना लिया जाए तथा सर्वसम्मति से इसे संसद से मंजूरी दिलाई जाए, इस दिशा में प्रयास जारी है। वैसे मुख्य प्रतिपक्षी दल कांग्रेस ने सरकार के इस प्रस्ताव को भारतीय संविधान के खिलाफ मानकर इसका विरोध शुरू कर दिया है, कुछ अन्य प्रतिपक्षी दलों की भी यही मानता है, इसलिए मौजूदा स्थिति में तो सर्व समिति से प्रस्ताव पारित होना मुश्किल प्रतीत हो रहा है, किंतु अभी शीतकालीन सत्र में कुछ समय बाकी है, इसी दौरान यदि सरकार विरोधियों को मना लेती है तो शीतकालीन सत्र में संविधान संशोधन की प्रक्रिया पूरी हो सकती है और इसे कानूनी रूप से अगले आम चुनाव 2029 से लागू किया जा सकेगा, वैसे फिलहाल इसकी अंतिम मंजिल काफी दूर है।

### झारखण्ड की नदियाँ एवं पर्यावरण : बचाने के लिए सामूहिक और सजीव प्रयासों का वक्त

**डॉ रामचंद्र कुमार**

किसी भी प्रदेश कि नदियाँ केवल एक जलस्त्रोत मात्र नहीं होती बल्कि सतह के निर्माण और परिवर्तन से जुड़ी एक महत्वपूर्ण भू-आकृतिक प्रक्रम भी है. नदी अपने प्रवाह मार्ग में मिट्टी, चट्टानों, और अन्य अवसादों को काटती और बहा ले जाती है, जिससे घाटियाँ, जलप्रपात, क्षिप्रिकाएं जैसी भू-आकृतियाँ बनती हैं. नदी द्वारा लाए गए अवसादों के संचय से निचले इलाकों में मैदानों और डेल्टा का निर्माण होता है, जो जैव-विविधता एवं कृषि के लिए उर्वर भूमि प्रदान करता है. साथ ही, नदियों का निरंतर प्रवाह भूमिगत जलस्तर को भी पुनर्भरित करता है और जलचक्र को संतुलित बनाए रखता है. नदियाँ प्राकृतिक पर्यावास के साथ –साथ मानवीय पर्यावास के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. ये न केवल पेयजल और सिंचाई के स्त्रोत के रूप में कार्य करती हैं, बल्कि कृषि, उद्योग और ऊर्जा उत्पादन में भी योगदान देती हैं. इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं की नदियाँ मानव सभ्यता एवं संस्कृति की जननी एवं पोषक है. झारखण्ड जैसे राज्यों में जहाँ की जनसँख्या का एक बड़ा हिस्सा गांवों, पहाड़ी क्षेत्रों, पठारी भागों में रहता है, अपनी जीवन-यापन के लिए सीधे तौर पर नदियों एवं इसके प्राकृतिक क्षेत्र पर निर्भर हैं. नदियाँ जैव विविधता का संरक्षण, पुनर्जनन, भूजल पुनर्भरण, तापमान नियंत्रण कर पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. अर्थात नदियाँ एक ओर जहाँ प्राकृतिक संसाधनों का सतत् विकास सुनिश्चित करती हैं तो वहीं सतत मानवीय जीवन का आधार तैयार करती हैं. भौगोलिक दृष्टिकोण में झारखण्ड राज्य भारत के उन महत्वपूर्ण राज्यों में एक है जो अपनी अनुपम प्राकृतिक विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध है. एक नए राज्य के निर्माण के विभिन्न आधारों में सबसे महत्वपूर्ण आधार यह भी था कि भौगोलिक दृष्टि से प्रकृति ने इस राज्य की रचना बिहार से भिन्न की है. वन्नाछादित भूमि, कई छोटी-बड़ी पहाड़ियों से युक्त पठारी क्षेत्र, सुंदर जलप्रपातों का निर्माण करने वाली नदियाँ, प्राकृतिक जलाशय, भूमि के गर्भ में संचयित बहुमूल्य खनिज संसाधनों का भंडार आदि, जिससे न सिर्फ विशेष प्राकृतिक पर्यावास बल्कि विशेष मानव पर्यावास को भी सृजित किया. इन प्राकृतिक विशेषताओं से युक्त इस भौगोलिक क्षेत्र की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि मानव विकास के नवीन आर्थिक प्रतिमानों ने जो उद्योगों पर आधारित हैं का एक आकर्षक भू-भाग बन कर रह गया. उद्योगों एवं कथित मानवीय विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति इस क्षेत्र की प्राकृतिक प्रचुरता को नष्ट करने के कीमत पर भी जारी है जिसका परिणाम यह है कि यहाँ की नदियाँ अवनयन के खतरनाक स्तर से गुजर रही है. मानवजनित प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों, अनियंत्रित खनन, औद्योगिकीकरण एवं नगरीकरण के कारण नदियों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है. झारखंड की नदियों को प्रवाह की दिशा के अनुसार दो भागों में बाँटा गया हैः उतरवर्ती और दक्षिणवर्ती नदियाँ. उतरवर्ती नदियाँ वे हैं जो पठारी क्षेत्रों से निकलकर उत्तर की ओर बहती हुई गंगा में मिलती हैं जैसे- सोन, उत्तरी कोयल, पुनपुन, फल्गु, सकरी, चानन आदि. दूसरी ओर, दक्षिणवर्ती नदियाँ वे हैं जो पठार के दक्षिणी भाग से निकलकर दक्षिण या पूर्व दिशा की ओर बहती हैं. इनमें दामोदर, स्वर्णरेखा, बराकर, दक्षिणी कोयल, शंख, अजय, मोर/मयूराक्षी, ब्राह्मणी, गुमानी और बंसललोई प्रमुख हैं। ये नदियाँ मुख्यतः बरसाती हैं, इसके बावजूद पहले इन नदियों में पानी का बहाव वर्ष भर होता रहता था किंतु अब ऐसा नहीं होता. अब अधिकांश नदियाँ वर्षा काल के बाद सूखने लगती हैं और गर्मी आते-आते प्रायः सुख जाती हैं. दामोदर, सुवर्णरेखा, दक्षिणी कोयल, शंख, अजय, मोर/मयूराक्षी, ब्राह्मणी, गुमानी, बंसललोई आदि प्रमुख नदियों की कई सहायक नदियाँ अब विलुप्त हो गई हैं और कुछ विलुप्तप्राय हैं. जैसे - रांची में नकटी नदी, ढोड नदी, पोटपोटो नदी, हरमू नदी. एक रिपोर्ट की माने तो धनबाद में कतरी, जमुनिया, गोबई, खुदिया और इजरी नदी समेत लगभग 100 छोटी-बड़ी नदियाँ विलुप्त हो गई है या विलुप्त होने के कगार पर है. यही स्थिति झारखण्ड के हर जिलों में है. ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही स्थिति है बड़े दुष्प्रभाव देखने को मिल रहें हैं. नदियों के सिकुड़ने या सुख जाने से कृषि, पशुपालन जैसी जीवन निर्वाहक आर्थिक क्रियाकलाप प्रभावित हुवा हैं वहीं गर्मी के दिनों में पेयजल संकट भयावह हो जाता है. इसके लिए सबसे बड़ा कारण है नदियों के प्राकृतिक क्षेत्र में मानवीय अतिक्रमण, दूसरा कारण है जनसँख्या में वृद्धि एवं अनियंत्रित शहरीकरण में तीव्रता, वहीं प्रदुषण तीसरा सबसे बड़ा कारण खनन एवं औद्योगिक गतिविधियाँ है. झारखण्ड की नदियों के जल में प्रदुषण का स्तर, अपवाह क्षेत्र में अतिक्रमण एवं मानवीय दखल के प्रभावों पर लगातार अध्ययन होते रहें हैं.

# अब इंडिया में लड्डू पलटिक्स का दौर

**राकेश अचल**



कलियुग में सब कुछ बदल रहा है। सियासत भी। अब सियासत में बाक़ी तमाम मुद्दे पीछे चले गए हैं और अब लड्डू पॉलटिक्स शुरू हो गयी है। ये पॉलटिक्स तिरुपति में प्रसादम केलिए बनने वाले लड्डुओं में घी के नाम पर चर्बी के इस्तेमाल को लेकर शुरू हुई है। इस मामले में सूप तो सूप छलनियाँ भी बोलने लगीं हैं ,जिसमें की सैकड़ों छेद होते हैं। लड्डू पॉलटिक्स में अब टीडीपी वायएसआर पॉर्टी ही नहीं बल्कि भाजपा और कांग्रेस भी कूद पड़ी है। दरअसल देश में नेताओं को जब राजनीति के लिए कुछ नहीं मिलता तो वे लड्डुओं तक का इस्तेमाल करने लगते हैं और इस तरह की पॉलटिक्स की शिक्षा भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को भी देना शुरू कर दी है। प्रसादम के लड्डुओं में चर्बी के इस्तेमाल का मुद्दा भाजपा की सहयोगी टीडीपी ने उठाया। टीडीपी की सरकार ने ही लड्डुओं की जाँच एक गुजराती प्रयोगशाला में कराई ,जबकि देश की सबसे बड़ी प्रयोगशाला हैदराबाद में मौजूद थी। लड्डू पॉलटिक्स के मामले में फांसी और सीबीआई जांच तक की मांग हो गई है. दरअसल, आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू के पिछली जगनमोहन रेड्डी सरकार पर मंदिर में प्रसाद में घी की जगह मछली का तेल और जानवरों की चर्बी मिलाई जाने के आरोपों के बाद से विवाद जारी है. वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष और आंध्र के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने नायडू पर पलटवार करते हुए कहा है कि अपनी सरकार के 100 दिन की नाकामी छुपाने के लिए चंद्रबाबू नायडू भगवान के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। क्योंकि, उनके सभी आरोप निराधार हैं. अब इस मामले में देश भर के संतों में भी नाराजगी देखी जा रही है. संत कह रहे हैं कि आस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं कर सकते। आप भी जानते हैं और हम भी की इस देश में जब इंदिरा गाँधी और राजीव गाँधी के हत्यारों को फांसी नहीं हो पाती तो लड्डुओं में चर्बी और मछली का तेल मिलाने वालों को क्या ख़ाक फांसी होगी ? हाँ ये तय है की इस मुद्दे पर अब पालटिक्स होगी ,क्योंकि टीटीडी यानि तिरुपति देवस्थानम के पास अकूत सम्पत्ति है। आंध्र प्रदेश की हर सत्ता इस सम्पत्ति का उपभोग करना चाहती है। लड्डू तो एक बहाना भर हैं। आंध्र प्रदेश में सत्ता बदलते ही 12 जून को ही तिरुपति मंदिर के प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी की जांच के नमूने लिए गए थे। जांच रिपोर्ट 23 जून तक तैयार हो गई, लेकिन खुलासा सितंबर में हुआ जब नायडू सरकार के 100 दिन पूरे हुए। जो रिपोर्ट सामने आई उसमें लड्डू बनाने वाले घी में जो चीजें पाई गई थीं, वो बताती थी कि इसमें गाय के शुद्ध घी की जगह अन्य तिलहन और वस्पतियों के अलावा मछली के तेल और अन्य जानवरों की चर्बी हो सकती है। ये जांच नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड यानी एनडीडीबी के सेंटर फॉर एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइवस्टॉक एंड फूड यानी सीएएलएफ लैब में कराई गई थी। इस सब को जाने दीजिये,क्योंकि लड्डू तो एक बहाना हैं लेकिन असल बात ये है कि देश के राजनितिक दलों के पास जितना पैसा था और है और आगे होगा उससे कई गुना पैसा तिरुपति के बालाजी भगवान के पास है।तिरुपति के बालाजी भगवान ने ये पैसा किसी इलेक्टोरल बांड के जरिये नहीं कमाया बल्कि ये अकूत दौलत देश के अमीर -गरीब भक्तों ने उन्हें स्वेच्छा से भेंट की है।

साल 2023 में 773 करोड़ की कीमत का एक हजार 31 किलो सोना भगवान वेंकटेश को चढ़ाया गया. इतना ही नहीं, बालाजी मंदिर का बैंकों में 11 हजार 329 किलो सोना जमा है। मंदिर के नाम से 13 हजार 287 करोड़ रुपए फिक्स डिपॉजिट किया गया है. अप्रैल 2024 तक 18 हजार 817 करोड़ रुपए मंदिर के नाम से बैंक में जमा हो चुका है।टीटी डी ट्रस्ट बोर्ड ने 2024-2025 के लिए कुल 5 हजार 141.74 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है. ये पहली बार है, जब मंदिर का वार्षिक बजट 5,000 करोड़ रुपये के.आंकड़े को पार कर गया है। लड्डू पलटिक्स के जरिये जहाँ टीडीपी अपने राजनितिक प्रतिद्वंदियों को निबटना चाहती है वहीं भाजपा इनके जरिये अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों से हिसाब बराबर करना चाहती है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आंध्र के सीएम चंद्रबाबू नायडू से फोन पर बात की और प्रसाद की रिपोर्ट मांगी है। साथ ही जेपी नड्डा ने जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। सवाल ये है कि क्या इस मामले में केंद्र सरकार को हस्तक्षेप का अधिकार है ? हर मामले में बिना बोले न रहने वाले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तो दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग कर दी है. वहीं, कांग्रेस ने सीएम नायडू पर सवाल खड़े किए हैं कि तीन महीने तक सीएम ने खुलासा क्यों नहीं किया। अब कांग्रेस ने सीबीआइ जांच की मांग की है। गुजरात की अमूल कम्पनी ने इस मामले में अपना नाम आते ही सफाई दी है की अमूल ने कभी भी टीटीडी को घी की आपूर्ति नहीं की।

यानि चोर की दाढ़ी में तिनका। लड्डू पलटिक्स में अभी तक माननीय प्रधानमंत्री नहीं बोले है। वे इस समय चुनावी रैलियों में व्यस्त हैं,वैसे भी वे इस तरह के पचड़ों से दूर रहते हैं ,पास तभी आते हैं जब उन्हें या उनकी सरकार और पार्टी को ऐसे मामलों से कोई लाभ हो। लेकिन लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तिरुपति के लड्डू से जुड़े मामले पर चिंता जताई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पूरे देश में प्रशासन को धार्मिक स्थलों की पवित्रता की रक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर मंदिर में प्रसाद के अपवित्र होने की खबरें परेशान करने वाली हैं। भगवान बालाजी भारत और दुनियाभर में लाखों श्रद्धालुओं के लिए पूजनीय देवता हैं। यह मुद्दा हर श्रद्धालु को आहत करेगा और इस पर गहराई से विचार करने की जरूरत है।

चूंकि भाजपा की नजर में राहुल गांधी देश के नंबर एक आतंकवादी हैं इसलिए उनकी बात सुनेगा कौन ? सवाल ये है कि इस लड्डू पॉलटिक्स का अंत क्या होगा ? क्या जगमोहहं रेड्डी जेल जायेंगे ? क्या आईएनडीआईए पर इन लड्डुओं के बहाने देश में हो रहे विधानसभा चुनावों में हमले किये जायेंगे ? या सचमुच देश की जनता की आस्थाओं और जन स्वास्थ्य के प्रति खिलवाड़ को रूकने के लिए राजनीति से ऊपर उठकर कोई कार्रवाई की जाएगी ? मुमकिन है कि मामले का लाभ लेने के लिए राज्य सरकार इस मामले की सीबीआई जाँच के लिए अपनी सहयोगी केंद्र सरकार को खत लिख दे। मुमकिन है कि केंद्र सरकार इस जाँच की आड़ में कांग्रेस और कांग्रेस के सहयोगी जगन मोहन रेड्डी को जेल भेजने की तैयारी करे ,लेकिन कोई भी इस बात की गारंटी नहीं दे सकता कि भविष्य में प्रसादम के लड्डुओं में किसी चर्बी या मछली के तेल युक्त देशी घी का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

टीटीडी के पास इतनी दौलत है कि वो चाहे तो अपने यहां आपूर्ति किये जाने वाले घी,बेसन,मेवों की जांच के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की लैब स्थापित कर ले ,लेकिन वो भी ऐसा शायद ही करे ,क्योंकि उसने भी सब कुछ भगवान व्यंकटेश के भरोसे छोड़ दिया है। होगा वही जो पॉलटिक्स तय करेगी। भगवान और भक्त इसमें कुछ नहीं कर सकते। क्योंकि राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली ,भोपाल और बनारस में मुकदमा दर्ज करना जितना आसान है उतना प्रसादम में चर्बी युक्त घी सप्लाई करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करना कठिन है।

# चुनाव की जीत बेगुनाही का सबूत नहीं

**सनत कुमार जैन**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी पर लगे, दिल्ली शराब घोटाले के आरोपों और उनके इस्तीफे ने राजनीतिक गलियारों में कई सवाल खड़े कर दिये हैं। केजरीवाल आरोपों को एक राजनीतिक साजिश का हिस्सा बता रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा होने पर उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। जिस तरह से जमानत की शर्तें कोर्ट ने लगाई थी। उन शर्तों के कारण वह मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए भी कोई भी निर्णय करने की स्थिति में नहीं थे। नाही वह मुख्यमंत्री सचिवालय में जा पाते। इस स्थिति को देखते हुए, उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर जनता के बीच जाने का फैसला किया है। दिल्ली विधानसभा के चुनाव में यदि उन्हें बहुमत से जीत हासिल हो जाती है। तो उनका कहना है कि जनता की न्यायालय ने उन्हें ईमानदार माना है। वह जनता की अदालत से निर्दोष साबित होकर बाहर निकलेंगे। जिस तरह से चुनावी जीत को आरोपों से निर्दोष होने की बात उन्होंने कही है। इसे किस रूप में देखा जाए इसको लेकर अब राजनीतिक हल्कों में एक नई बहस छिड़ गई है।

केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद, नोटबंदी के फैसले को चुनावी जीत से जोड़ा था। पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने जनता के समर्थन को सबसे ऊपर रखते हुए, बार-बार कहा है। जनता ने उन्हें समर्थन दिया है। उनकी नीतियों को सही माना है। एक तरह से चुनावी जीत को केंद्र सरकार ने अपनी नीतियों की जीत बताया है। भाजपा की केंद्र सरकार और राज्यों की भाजपा सरकार बहुमत के आधार पर अपने हर निर्णय को चुनावी जीत से जोड़कर उसे बेगुनाही का सबूत बताती हैं। चुनावी जीत से किसी भी आरोप को समाप्त नहीं माना जा सकता है। चुनावी जीत का जनता के समर्थन का जुड़ाव हो सकता है। लेकिन चुनाव की जीत न्याय और अदालत के फैसले का विकल्प नहीं हो सकती है। नेता,चाहे वह कितना भी लोकप्रिय क्यों न हो, कानूनी प्रक्रिया से उसे गुजरना ही पड़ेगा। न्यायालय को ही यह अधिकार है, कानून के दायरे में रहते हुए अपने अधिकारों का प्रयोग किया है, या नहीं किया है। कानून के अनुसार अपराध निर्दोष होने का अंतिम फैसला न्यायालय का ही हो सकता है। 1975 में आपातकाल लगाया गया था। आज तक कांग्रेस को आपातकाल का दंस झेलना पड़ रहा है। जबकि लोकसभा और राज्यसभा में आपातकाल को लेकर बिल पास हुआ था। उसके बाद भी कांग्रेस यह कहकर आज भी नहीं बच पाती है, कि संसद ने आपातकाल का बिल पास किया था। निर्वाचित सरकारें बहुमत के आधार पर बहुत सारे निर्णय लेती हैं। जो समय-समय पर गलत भी साबित होते हैं। नोटबंदी के मामले में आज भी विपक्षी दल केंद्र सरकार पर हमलावर होते हैं। नोटबंदी का निर्णय सही था, या गलत यह तो समय बताएगा। नोटबंदी के मामले में यदि कोई गड़बड़ी हुई है, तो उसकी जिम्मेदारी, जिसने गड़बड़ी की है उसी के ऊपर आएगी, वह हमेशा न्यायिक समीक्षा के अधीन रहेगी। इलेक्ट्रॉल बांड वाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उसे असवैधानिक बताकर निरस्त किया है। इलेक्ट्रोल बांड के जरिए कोई आर्थिक गड़बड़ी हुई है, तो उसके लिए संबंधित व्यक्ति, पार्टी अथवा जो भी जिम्मेदार होगा। वह न्यायिक समीक्षा के अधीन हमेशा रहेगा। इस मामले का फैसला जब भी करेगी, न्यायपालिका ही करेगी। कोई भी राजनीतिक दल या राजनेता यह कहकर नहीं बच सकता है, कि उसने चुनाव जीत लिया है। इसलिए उसके खिलाफ सारे आरोप खत्म हो गए हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भले दिल्ली विधानसभा का चुनाव जीत जाएं। न्यायपालिका से ही वह दोषी या निर्दोष साबित होंगे। पिछले एक दशक में जिस तरह से राजनीतिज्ञ अपने-अपने अनुकूल व्याख्या, राजनीतिक दल और राजनेता करने लगे हैं। उनका कोई ओर छोर नहीं है। अरविंद केजरीवाल जिस तरह से अपने आप को ईमानदार साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। वह एक राजनीतिक प्रयास जरूर हो सकता है। संविधान के अनुसार उन्हें क्लीन चिट न्यायपालिका से ही लेनी पड़ेगी। न्यायपालिका यदि उन्हें क्लीन चिट देगी, तभी वह शराब घोटाले के आरोपों से मुक्त हो पाएंगे यही सत्य है।

# भूजल की कंगाली और अनुपम मिश्र की प्रासंगिकता

**कुमार कृष्णन**

हाल में दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल सप्ताह का उद्घाटन करते हुए कहा- संकट से जूझ रहे लोगों की संख्या को कम करने का लक्ष्य पूरी मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सतत विकास लक्ष्यों के तहत जल और स्वच्छता प्रबंधन में सुधार के लिए स्थानीय समुदायों की भागीदारी को जरूरी है। जल-संचयन, जल निकासी और जलोपयोग के बीच पूर्ण अनुशासनहीनता जल संकट का मूल है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक ढाबों में एक सा खाना, भिन्न मौसम ताप के वाबजूद इमारतों की एक सी डिजाइन, एक से मेटेरियल का इस असंतुलन से गहरा नाता है। बारिश की बूंदों को संजोने की बजाय, पुरखों द्वारा संजोये पताली पानी को बोतलों में बंद करने,उससे मुनाफा कमाने,बांध, नहर नदी जोड़ जैसी मूढ़ परियोजनाओं के चित्र को जैसे ही सामने रखेंगें हम, समझ जाएंगें कि जल संकट प्राकृतिक नहीं, शैतानी इंसानी प्रवृति का दुष्परिणाम है। बात जब जल संकट की होती है तो अनुपम मिश्र सहज याद आ जाते हैं। उनका चिंतन आज भी प्रासंगिक है।अनुपम जी अपनी पीढ़ी के आखिरी ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत को पर्यावरण की राजनीति समझाई। वही वो व्यक्ति थे,जो चिपको आंदोलन में गए जब वापस आए तो एक हकीकत भरी कहानी उनके साथ लौटी।उन्होंने बताया कि चिपको आंदोलन सिर्फ पेड़ों तक सीमित नहीं था बल्कि लोगों के राजनीतिक पक्षपात से भी जुड़ा हुआ था। लोग पर्यावरण के लिए लड़ रहे थे क्योंकि यह उनके अस्तित्व की लड़ाई थी। उन्होंने पर्यावरण की विशुद्ध राजनीति को समझाया, यह भी समझाया कि इस देश में हाशिए पर खड़े गरीबों की राजनीति कौन सी है और आखिर उनका भूलाया हुआ और उपेक्षित किया जाने वाला ज्ञान कैसे विकास का हिस्सा बनेगा।अपने ढंग से उन्होंने गांधी के आश्रित हो लोक को समझने का प्रयास किया। गांधी शांति प्रतिष्ठान में साथ बिताए वर्षों के दौरान, अनुपम मिश्र चंडी प्रसाद भट्ट के नेतृत्व वाले चिपको आंदोलन से बहुत प्रभावित हुए। सत्येंद्र त्रिपाठी के साथ, उन्होंने चिपको आंदोलन लिखा, जो भारत और दुनिया भर के लोगों का ध्यान "पेड़ों को गले लगाने" के इस अनूठे आंदोलन की ओर आकर्षित करने में बहुत प्रभावशाली था। सामूहिक अहिंसक प्रतिरोध के इस प्रेरक और प्रभावी रूप में, महिलाओं और पुरुषों ने मांग की कि अगर कोई पेड़ काटा जाना है, तो उन्हें भी उसके साथ काटा जाना चाहिए। भारत में सदियों से अपनाई जा रही जल संरक्षण तकनीकों की जानकारी में उन्हें महारथ हासिल था। उन्होंने देश-विदेश में बताया कि किस तरह भारत के अलग-अलह हिस्सों में रहने वाले लोग अपनी भौगोलिक स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता और जरूरतों को समझते हुए जल संरक्षण के कारगर तरीके अपनाते थे। उनका कहना था कि आधुनिक जल परियोजनाएं इन पारंपरिक तरीकों के आगे फीकी और कम असरदार हैं। उनके निधन के बाद धीरे- धीरे लोगों ने उन्हें विस्मृत कर दिया। पर्यावरण के संदर्भ में वे देशज ज्ञान के वाहक थे। गांधी शांति प्रतिष्ठान जो उनकी कर्मभूमि थी, उनकी स्मृतियों को खत्म किया जा रहा है। वहीं झारखंड के रांची में 29 सितम्बर को गोदावरी फांउडेशन द्वारा अनुपम मिश्र को याद किए जाने के कई मायने हैं। वे ऐसे व्यक्ति थे जो बिना किसी नाम के, बिना आवाज के, बिना गाजे-बाजे के, बस अच्छे काम कर रहे थे। अनुपम जी व्यक्ति खोजते थे, उसे तराशते थे और उसके साथ काम करते थे। इनमें जल पुरूष राजेन्द्र सिंह के साथ साथ कई हस्तियों के नाम हैं। पर्यावरण संरक्षण आज के युग की बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। भारत में इसका असर विविध रूपों में देखने को मिल रहा है।देश में पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए तक़रीबन 200 से भी अधिक कानून हैं, लेकिन लगभग सभी कानूनों का खुलेआम उल्लंघन होता है इसलिए भारत सर्वाधिक प्रदूषित देशों की सूची में आता है और पर्यावरण संरक्षण के लिए कोई कदम अभी तक प्रभावी सिद्ध नहीं हो पाए हैं।गांधी ने अपनी जीवन यात्रा पहले पूरी की, पर्यावरण शब्द बाद में जन्मा। गांधी वातावरण का जिक्र करते। सारा कुछ प्राकृतिक संसाधनों के उपभोग का अतिरेक है,यह संकट। सूखा और जंगली आग अधिक बार होने लगी है, वर्षा के पैटर्न बदल रहे हैं, ग्लेशियर और बर्फ पिघल रहे हैं और वैश्विक औसत समुद्र स्तर बढ़ रहा है। भारत में हाल ही में आई जानलेवा गर्मी और सूखे के लिए आंशिक रूप से जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार ठहराया गया है। विश्लेषण से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन ने ऐसी घटना की संभावना को लगभग 30 गुना बढ़ा दिया है। इसके अलावा, अतिरिक्त वैश्विक तापमान वृद्धि के साथ इसी तरह की घटनाओं की संभावना बढ़ती रहेगी। अनुपम मिश्र को साल 1996 में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने इंदिरा गांधी पर्यावरण पुरस्कार से सम्मानित किया था। जमना लाल बजाज पुरस्कार सहित कई अन्य पुरस्कार भी उनके नाम हैं। अनुपम के पिता भवानी प्रसाद मिश्र हिंदी के प्रख्यात कवि थे।जल संरक्षण के क्षेत्र में उन्होंने काफी योगदान दिया है। भारत के गांवों में घूम-घूमकर वह लोगों को पानी बचाने और जल का संरक्षण करने के पारंपरिक तरीकों के बारे में जागरूक करते थे। भारत के पारंपरिक जल संरक्षण तकनीकों की उनकी समझ को लेकर वह ना केवल भारत, बल्कि विदेशों में भी काफी मशहूर थे। उनकी पुस्तकें, खासकर "आज भी खरे हैं तालाब" तथा "राजस्थान की रजत बूंदें", पानी के विषय पर प्रकाशित पुस्तकों में मील के पत्थर के समान हैं, और आज भी इन पुस्तकों की विषयवस्तु से कई समाजसेवियों, वाटर हार्वेस्टिंग के इच्छुकों और जल तकनीकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को प्रेरणा और सहायता मिलती है।

सबसे बड़ी खासियत है कि अनुपम जी ने खुद की लिखी इन पुस्तकों पर किसी प्रकार का "कॉपीराईट" अपने पास नहीं रखा है। इसी वजह से "आज भी खरे हैं तालाब" पुस्तक का अब तक विभिन्न शोधार्थियों और युवाओं द्वारा ब्रेल लिपि सहित 19 भाषाओं में अनुवाद किया जा चुका है। सामाजिक पुस्तकों में महात्मा गाँधी की पुस्तक "माय एक्सपेरिमेंट्स विथ ट्रुथ" के बाद सिर्फ़ यही एक पुस्तक ब्रेल लिपि में उपलब्ध है। सन् 2009 तक, इस अनुकरणीय पुस्तक "आज भी खरे हैं तालाब" की एक लाख प्रतियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं। सही अर्थों में भारतीय परिवेश, प्रकृति को गहराई तक समझने वाले अद्भुत विचारक,पर्यावरणविद, निश्चित ही अपनी तरह के विरले कर्मयोगी।अनुपम मिश्र जी पानी बचाने के लिए हमेशा आगे रहे, एक बार गांधी शांति प्रतिष्ठान के परिसर में उनसे मिला, साथ में सूचना एवं जनसंपर्क के उपनिदेशक शिवशंकर सिंह पारिजात थे, उन्होंने पूछा - कितना पानी पियोगे - आधा गिलास या उससे ज्यादा या फिर पूरा गिलास, जितना पियोगे उतना ही दूंगा। पानी बहुत कम है। इसे बर्बाद मत करना। पत्रकार प्रसून लतांत के अनुसार झारखंड में याद करने और उनकी स्मृति में पर्यावरण के क्षेत्र में काम रहे लोंगो को लोगों को सम्मानित किए जाने के कई मायने हैं। एक तो उनके काम की पहचान और अच्छे कार्यो के लिए प्रोत्साहित करना है। अच्छे काम करनेवालें की कमी न हो। उनके मुताबिक उनकी स्मृति में घनश्याम झारखंड, निलय उपाध्याय, बिहार सुरेश भाई उत्तराखंड, अमरनाथ पटना बिहार, कमल कश्यप दिल्ली, डॉक्टर दुर्गा दत्त पाठक चंपारण, डॉक्टर कुंदन कुमार, राम प्रकाश रवि, सुपोल बिहार, शिरोमणि कुमार भागलपुर, राजेश कुमार सुमन रोसड़ा, बिहार, निर्भय सिंह कटनी मध्य प्रदेश,राकेश कुमार, मुंगेर बिहार, इस्लाम हुसैन उत्तराखंड, प्रेमलता सिंह बिहार, प्रोफेसर डी एन चौधरी, भागलपुर, डॉ उत्तम पीयूष मधुपुर शेखर, रांची,अमित मकरंद, वैशाली, बिहार, समीर अंसारी, देवघर, संदीप कुमार शर्मा, उत्तर प्रदेश संतोष बंसल, दिल्ली,बरखा लकड़ा, झारखंड, संजीव भगत, झारखंड,विनोद भगत झारखंड, धीरज कुमार सिंह, जमुई, संजय कुमार, पटना,प्रमोद झिंझड़े सोलापुर महाराष्ट्र, दर्शन ठाकुर उज्जैन, खेम नारायण शर्मा छत्तीसगढ़, जितेंद्र कुमार समस्तीपुर,, संजय कुमार दरभंगा, नंदकिशोर वर्मा उत्तर प्रदेश, निशांत रंजन सारण को रांची में अनुपम मिश्र की स्मृति में राष्ट्रीय पर्यावरण सेवी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।झारखंड के संदर्भ मे अनुपम मिश्र को याद किया काफी महत्वपूर्ण है। वे हमेशा कहते थे- हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कभी भी अकाल अकेले नहीं आता। अच्छे विचारों और अच्छे कामों का अभाव पहले आ जाता है। यहां विचार और काम दोनों में कोई अंतर नहीं है। झारखंड की बात करें तो जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया और इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, धनबाद की ओर से राज्य भर के लिए किए गए एक अध्ययन के मुताविक पिछले दो वर्षों में रांची और झारखंड के अन्य हिस्सों में जल स्तर में लगातार गिरावट आ रही है। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट में बताया गया कि रांची में अत्यधिक आबादी, पिछले 50 सालों में तालाबों का अस्तित्व खत्म होने, कम बारिश की वजह से घटते जल स्तर की वजह से भी पानी की कमी हुई है। इस हाल में अनुपम मिश्र की पुस्तक आज भी खरे हैं तालाबकी प्रासंगिकता बढ़ गयी है। उनका मानना था कि तालाबों का महत्व न केवल पानी की आपूर्ति में होता है, बल्कि इससे समुदाय के आत्मिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। संस्कृति और परंपराओं के साथ तालाबों के सांस्कृतिक महत्व भी है। उन्होंने विकास की तरफ़ बेतहाशा दौड़ते समाज को कुदरत की क़ीमत समझाने वाले अनुपम ने देश भर के गांवों का दौरा कर रेन वाटर हारवेस्टिंग के गुर सिखाए। वह ज्ञान समय की मांग है। नदी के सवाल पर उनका चिंतन था— नदी का भी अपना एक धर्म होता है। एक स्वभाव होता है। नदी का धर्म है बहना। बहते रहना।पिछले एक दौर में हमने विकास के नाम पर, तकनीक की सहायता से नदी के इस धर्म को पूरी तरह बदल दिया है। खेती, उद्योग और शहर में पीने का पानी जुटाने हमने गंगा समेत हर नदी से पानी खींच लिया है। साफ पानी लिया है और फिर इन तीनों गतिविधियों से दूषित हुआ पानी वापस नदियों में डाल दिया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ऊर्जा मंत्री तोमर ने ग्वालियर में सफाई मित्रों को किया सम्मानित

लक्ष्मण तलैया व मौनी बाबा आश्रम क्षेत्र में झाड़ू लगाकर की साफ-सफाई

भोपाल(ईएमएस)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत शनिवार को लक्ष्मण तलैया पर चलाए गए विशेष सफाई अभियान में शामिल हुए। उन्होंने लक्ष्मण तलैया तथा मौनी बाबा आश्रम में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। साथ ही तीन सफाई मित्रों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।ऊर्जा मंत्री तोमर ने वरिष्ठ सफाई मित्र को दो हजार रुपए एवं अन्य दो सफाई मित्रों को एक-एक हजार रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन किया।इससे पहले ऊर्जा मंत्री तोमर ने लक्ष्मण तलैया क्षेत्र में अतिवृष्टि से निर्मित हुई जलभराव की स्थिति के बाद कराए गए सुधार कार्यों का जायजा लिया। साथ ही सड़क, सीवर, पानी तथा बिजली से सम्बन्धित समस्याओं का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि खासतौर पर सीवर की सफाई का काम प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लक्ष्मण तलैया क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हुए मकानों का निरीक्षण भी किया और संबंधित अधिकारियों को इस क्षेत्र का सर्वे कराने के निर्देश दिए।ऊर्जा मंत्री तोमर ने लक्ष्मण तलैया क्षेत्र के अलावा सिंधिया नगर, रविदास नगर, विनय नगर सेक्टर-2 तथा उरवाई गेट क्षेत्र में भी जनसमस्याओं को सुना और उनके समाधान के निर्देश दिए।

### ऊर्जा मंत्री तोमर ने ग्वालियर में सफाई मित्रों को किया सम्मानित

लक्ष्मण तलैया व मौनी बाबा आश्रम क्षेत्र में झाड़ू लगाकर की साफ-सफाई

भोपाल(ईएमएस)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत शनिवार को लक्ष्मण तलैया पर चलाए गए विशेष सफाई अभियान में शामिल हुए। उन्होंने लक्ष्मण तलैया तथा मौनी बाबा आश्रम में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। साथ ही तीन सफाई मित्रों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।ऊर्जा मंत्री तोमर ने वरिष्ठ सफाई मित्र को दो हजार रुपए एवं अन्य दो सफाई मित्रों को एक-एक हजार रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन किया।इससे पहले ऊर्जा मंत्री तोमर ने लक्ष्मण तलैया क्षेत्र में अतिवृष्टि से निर्मित हुई जलभराव की स्थिति के बाद कराए गए सुधार कार्यों का जायजा लिया। साथ ही सड़क, सीवर, पानी तथा बिजली से सम्बन्धित समस्याओं का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि खासतौर पर सीवर की सफाई का काम प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लक्ष्मण तलैया क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हुए मकानों का निरीक्षण भी किया और संबंधित अधिकारियों को इस क्षेत्र का सर्वे कराने के निर्देश दिए।ऊर्जा मंत्री तोमर ने लक्ष्मण तलैया क्षेत्र के अलावा सिंधिया नगर, रविदास नगर, विनय नगर सेक्टर-2 तथा उरवाई गेट क्षेत्र में भी जनसमस्याओं को सुना और उनके समाधान के निर्देश दिए।

### संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा में संस्कृति अध्ययन को प्रोत्साहित करें : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल(ईएमएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा में संचालित संस्कृत विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययन को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया है। प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए जन सहयोग से रहने व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था भी कराई जाये। उन्होंने कहा कि प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए प्रवेश शुल्क में भी छूट दिलाई जाएगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने संस्कृत के विद्वानों व सेवानिवृत्त संस्कृत प्राध्यापकों से अपेक्षा की कि वह स्वेच्छा से विश्वविद्यालय में अध्यापन का कार्य करें। विद्वानों ने इस पर अपनी सहमति व्यक्त की। उप मुख्यमन्त्री शुक्ल ने रीवा के राजनिवास सर्किट हाउस में संस्कृत विश्विद्यालय के संचालन की स्थिति की समीक्षा की।उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रवेशी छात्रों की संख्या कम है। छात्रों को व्याकरण, साहित्य, वेद एवं ज्योतिष के पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इन संकायों में अभी प्राध्यापक नियुक्त नहीं हैं। रोस्टर बनाकर संस्कृत के विद्वान व पूर्व प्राध्यापक छात्रों को शिक्षित करें। शीघ्र ही सभी संकायों में शासन स्तर से शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जाएगी। श्री शुक्ल ने कहा कि महर्षि पाणिनि संस्थान अन्तर्गत रामानुज संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा के लिए भवन, भूमि एवं अन्य व्यवस्थाओं सहित सुसज्जित करने के लिये 40 करोड़ रुपए की योजना प्रस्तावित है। अभी यह विश्वविद्यालय प्रारंभिक अवस्था में है। इसे पूर्णतः विकसित करने के सभी प्रयास प्राथमिकता से किए जाएंगे।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्मणबाग में वैष्णव संस्कृत विद्यालय का संचालन पुनः प्रारंभ कराया जाएगा। बैठक में संस्कृत के विद्वानों डॉ. अंजनी शास्त्री, डॉ सत्यजीत पाण्डेय, डॉ. आरएन तिवारी, डॉ. बलराम पाण्डेय, डॉ. सुरेन्द्र शास्त्री, डॉ. हरीश द्विवेदी एवं डॉ. दीनानाथ शास्त्री ने विश्वविद्यालय में स्वेच्छा से निःशुल्क अध्यापन कार्य करने की सहमति व्यक्त की।

# उपायुक्त ने झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित की प्रेस वार्ता

**कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुआ। पूरी पारदर्शिता और उच्च विश्वसनियता को बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कराई गई**




गिरिडीह, :- आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार के द्वारा झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने जेएससीसी सीजीएल परीक्षा के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि 21.09.24 को पूर्वाहन 08:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक तीन पालियों में आयोजित किया गया है। कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुआ। पूरी पारदर्शिता और उच्च विश्वसनियता को बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कराई गई थी, सभी परीक्षा केंद्रों पर केंद्राधीक्षक, केंद्र ऑब्जर्वर, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, गश्ती दल, उड़न दस्ता दल, जोनल दंडाधिकारी, की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और स्वच्छ तरीके वातावरण परीक्षा संपन्न कराया गया। किया गया है। इसके अलावा उपायुक्त ने बताया कि दिनांक-21.09.2024 को कुल 22 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में परीक्षा सम्पन्न किया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, सीसीटीवी, तलाशी, जैमर, बायोमेट्रिक उपस्थिति एवं विडियोग्राफी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किया गया है। कन्ट्रोल रूम से उपायुक्त, वरीय प्रभारी पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर सी०सी०टी०भी० कैमरा के माध्यम से कड़ी निगरानी किया गया। उन्होंने बताया कि कुल 22 केंद्रों पर 10608 परीक्षार्थियों के बीच परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें से 4518 परीक्षार्थी शामिल हुए तथा 6090 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। उपायुक्त ने बताया कि कल की परीक्षा भी स्वच्छ और शांतिपूर्ण तरीके से लिया जाएगा। सभी संबंधित को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। इस दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रेस बंधु और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### पत्नी को फोन उठाने पर पाइप से पीटा दी जान से मारने की धमकीं, केस दर्ज

इन्दौर (ईएमएस) पति का फोन उठाने वाली पत्नी को पाइप से पीटते हुए जान से खत्म कर देने की धमकी देने वाले आरोपी पति के खिलाफ पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। मामला लसूडिया थाना क्षेत्र का है। लसूडिया थाना पुलिस के अनुसार आरती मुंदरे निवासी नई बस्ती निरंजनपुर ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि कल उसके पति संदीप मुंदरे के मोबाइल फोन पर किसी का फोन आया। पति मोबाइल के पास नहीं था, इसलिए उसने फोन कॉल उठा लिया था। इस पर कहीं से लौटे पति ने उसे फोन पर बात करते देख गालियां देना शुरू कर दीं। विरोध करने पर उसे पाइप से पीटते हुए धमकाया कि आगे से मेरे फोन को हाथ लगाया तो जान से खत्म कर दूंगा। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

## प्रदेश में केरल के समान प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों पर मेडिकल टूरिज्म विकसित किया जाएगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल(ईएमएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में केरल के समान प्राकृतिक तथा अन्य वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों पर मेडिकल टूरिज्म को विकसित करने कार्य योजना बनाई जा रही है। इससे रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओं में 46 हजार 451 नए पदों को स्वीकृति प्रदान की गई है, साथ ही 800 आयुष आरोग्य मंदिरों का संचालन भी आरंभ हुआ है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज के साथ आयुर्वेदिक संस्थाओं की संख्या अभी ओर बढ़ेगी। हमारा प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में मेडिकल या आयुर्वेदिक कॉलेज अवश्य हो और इससे आमजन को इलाज के लिए प्रदेश से बाहर जाने की आवश्यकता न रहे। जन-जन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, लोगों को स्वस्थ जीवन-शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने, रोग-मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में योजनाबनाने और उनके क्रियान्वयन में राज्य सरकार, आरोग्य भारती का सहयोग व मार्गदर्शन भी प्राप्त करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर में आयोजित आरोग्य भारती के अखिल भारतीय प्रतिनिधि मंडल सम्मेलन को समत्व भवन, भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, आरोग्य भारती संस्था के पदाधिकारी तथा केन्द्रीय आयुष मंत्रालय के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मंदसौर, नीमच और सिवनी में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय बनकर तैयार हो गए हैं, शीघ्र ही इनका लोकार्पण किया जाएगा। प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग को एक करने का निर्णय लिया गया। कोविड काल में रोग से बचने के लिए आयुर्वेदिक विधियों और आयुष काढ़े के प्रभाव से सभी परिचित हैं। भारतीय चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 5 जिलों बालाघाट, शहडोल, सागर, मुरैना और नर्मदापुरम में जल्द ही आयुर्वेद चिकित्सालय आरंभ किए जाएंगे। राज्य सरकार की आयुर्वेदिक चिकित्सालयों को प्रोत्साहित करने की योजना में समाज के लोगों द्वारा आरंभ किए गए चिकित्सालयों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। जनजातीय क्षेत्रों में औषधीय खेती को प्रोत्साहित करने के लिए देवारण्य योजना का संचालन किया जा रहा है। औषधीय वनस्पति के प्रति जागरूकता लाने और उनकी मार्केटिंग के लिए हर साल लघु वनोपज मेले भी आयोजित हो रहे हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वस्थ राष्ट्र के लिए स्वस्थ ग्राम, स्वस्थ ग्राम के लिए स्वस्थ परिवार और स्वस्थ परिवार के लिए स्वस्थ व्यक्ति होना आवश्यक है। यह प्रसन्नता का विषय है कि आरोग्य भारती समाज में स्वास्थ्य संरक्षण और जागरण के साथ ही शोध आधारित कार्य भी कर रही है। भारतीय परम्परा में पहला सुख निरोगी काया के सिद्धांत को मानते हुए स्वास्थ्य को ही सबसे बड़ा धन माना गया है। आरोग्य भारती संस्था द्वारा समाज में स्वस्थ जीवन-शैली अपनाते हुए रोग-मुक्त जीवन जीने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है, जो अभिनंदनीय है।

### गैस पीड़ितों के आर्थिक पुनर्वास के लिये प्रयास तेज

भोपाल(ईएमएस)। गैस पीडितों का आर्थिक पुनर्वास सबसे जरूरी है। इसी आवश्यकता के आलोक में राज्य सरकार गैस पीडितों एवं उनके आश्रितों के हित में बड़ा कदम उठाने जा रही है। जनजातीय कार्य लोक परिसम्पति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह की पहल पर गैस पीड़ितों के आर्थिक पुनर्वास के लिए उन्हें स्व-रोजगार से जोड़कर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।मंत्री डॉ. शाह ने विभागीय अधिकारियों को गैस पीडित 1000 महिलाओं को सिलाई-बुनाई का प्रशिक्षण, 100 युवाओं को भारी वाहन जैसे ट्रक, जेसीबी, पोकलेन, वाईब्रेटर, रोड रोलर आदि के संचालन के लिये ड्रायवर प्रशिक्षण एवं करीब 200 हितग्राहियों को एक साल का पैरामेडिकल कोर्स कराने की योजना तैयार करने के निर्देश दिये थे। विभागीय मंत्री के निर्देश पर अधिकारियों ने जनजातीय कार्य विभाग के अधीन प्रशिक्षण संस्था मध्यप्रदेश रोजगार एवं प्रशिक्षण परिषद (मैपसेट) को गैस पीडितों/आश्रितों को प्रशिक्षण देने की कार्ययोजना बनाकर देने को कहा। मैपसेट में प्रशिक्षण की समग्र कार्य योजना बनाकर अपना प्रस्ताव दिया है। मैपसेट ने हर साल 250-250 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर 4 साल में 1000 महिलाओं को प्रशिक्षित करने का प्रस्ताव दिया है। युवाओं को 6 महीने से लेकर 1 साल तक के कोर्स कराये जायेंगे। इससे उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।मैपसेट द्वारा दिये गये योजना प्रस्ताव के अनुसार गैस पीड़ित परिवारों के बेरोजगार युवाओं को भारत सरकार एवं राज्य सरकार की संस्थाओं व चयनित प्रतिष्ठित संस्थाओं के जरिये कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में सफल युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जायेगा।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की जन्मशती पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

भोपाल(ईएमएस)। भारत-रत्न, संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी का उद्घोष करने वाले प्रेरणा स्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह राष्ट्रीय संगोष्ठी, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल और साहित्य अकादमी नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में भोपाल स्थित केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षण संस्थान के पं. सुंदरलाल शर्मा सभागार में 20 एवं 21 सितंबर को आयोजित हुई।संगोष्ठी में साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सचिव के. श्रीनिवास राव ने कार्यक्रम के स्वागत वक्तव्य में उपयोगिता, प्रासंगिकता तथा तात्कालिकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता के रूप में साहित्य अकादमी के हिंदी परामर्श मंडल के संयोजक डॉ. गोविन्द मिश्रा ने राजनीति के स्तर के उन्नयन के लिए साहित्य के स्पर्श की आवश्यकता बताई। मुख्य वक्ता के रूप में साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. माधव कौशिक ने करुणा के महत्व को रेखांकित किया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. खेमसिंह डहेरिया ने स्व. वाजपेयी की वैश्विक व्यापकता के साथ साथ सम्यक दृष्टि, उदारवादी चरित्र और राष्ट्रीयता को महत्त्वपूर्ण बताया।संगोष्ठी में विभिन्न सत्रों में विभिन्न संदर्भों पर आलेख वाचन प्रस्तुत किया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद।**

अति–अल्पकालीन
ई–प्रोक्योरमेंट सूचना (1st Call)
ई–निविदा प्रसंग संख्या - RCD/DHANBAD/1587/2024-25 (1st Call)
दिनांक – 19.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | "गैर योजना मद अन्तर्गत भुईफोर मंदिर (NH-32) से स्व0 बिनोद बिहारी महतो चौक, बलियापुर में RCC नाली निर्माण कार्य, वर्ष 2024–25" |
| 2.. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | रुपये 98,00,000/– रूपये मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 3 माह। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 04.10.2024 (12:00 बजे दिन तक) |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 26.09..2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न) |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद। |
| 7. | प्रोक्युरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 06432-275640 |
| 8. | ई–प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद।

PR.NO.336477 Road(24-25):D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, धनबाद**
मोबाईल नं0 : 8789242462 Email : rdsd.dhanbad@rediffmail.com

पत्रांक:–780 धनबाद / दिनांक–20.09.2024

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RWD/SD/DHANBAD-22/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धनबाद जिला के टुण्डी प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत जीतपुर के बंगारो से नवादा पथ के जोरिया पर पुल निर्माण। (पुल की लम्बाई 30.26 मी0) | 247.49200 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 15 महीना |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –28.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 28.09.2024 से दिनांक 07.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 09.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– ई0 नरेन्द्र कुमार, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं० – 8789242462 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

(ई0 नरेन्द्र कुमार), कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद

PR 336382 Rural Work Department(24-25)#D

**कार्यपालक अभियन्ता राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह का कार्यालय**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 15/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 30.09.2024 को 10.30 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, रा0 ग्रा0 नि0 कार्यक्रम, गिरिडीह।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 01.10.2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि:– दिनांक 01.10.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान:– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, रा0 ग्रा0 नि0 कार्यक्रम, गिरिडीह।
7. मद का नाम:– जिला योजना अनाबद्ध निधि / सी0एस0आर0।
8. कार्य की विवरणी:–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | गिरिडीह | सिविल कोर्ट परिसर के शेड़ नम्बर एक में स्टील बेंच 10 अद्द एवं लकडी कुर्सी 152 अद्द का आपूर्ति एवं अधिष्ठापन । | 8,97,036.00 | 18,000.00 | 1250.00 | एक माह |
| 2 | गिरिडीह | सिविल कोर्ट परिसर के शेड नम्बर दो में स्टील बेंच 40 अद्द एवं लकडी कुर्सी 150 अद्द का आपूर्ति एवं अधिष्ठापन । | 15,07,450.00 | 31,000.00 | 5000.00 | दो माह |
| 3 | गिरिडीह | सिविल कोर्ट परिसर के शेड नम्बर तीन में स्टील बेंच 50 अद्द एवं लकडी कुर्सी 200 अद्द का आपूर्ति एवं अधिष्ठापन। | 19,41,100.00 | 39,000.00 | 5000.00 | दो माह |

निविदा की शर्ते कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह, कार्यालय के सूचना पट्ट एवं गिरिडीह जिला के website www. giridih.nic.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह

PR 336504 NREP(24-25).D

### उपनिषद की आध्यात्मिक व्याख्या का आयोजन 23 से

ग्वालियर। तुलसी मानस प्रतिष्ठान, ग्वालियर द्वारा अपने स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर वर्षभर धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन आयोजित कर रहा है। इसी तारतम्य में नागपुर महाराष्ट्र के विद्वान वक्ता आदरणीय प्रदीप बालचंद लघाटे जी द्वारा दिनांक 23 सितंबर से 28 सितंबर 2024 तक आनंद मय जीवन के लिए उपनिषद ज्ञान की आवश्यकता विषय के अंतर्गत केन उपनिषद की आध्यात्मिक व्याख्या का आयोजन मानस भवन फूलवाग परिसर पर सायंकाल 6: 00 से 7: 30 बजे तक किया गया है । संस्था के अध्यक्ष अभय पापरीकर ,सचिव उपेंद्र शिरगांवकर ने महानगर की समस्त धार्मिक जनता से आग्रह किया है।

### स्वच्छता के प्रति नागरिकों की भागीदारी बढ़ रही हैः उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल(ईएमएस)। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश में स्वच्छता के प्रति बदलाव देखने को मिला है। स्वच्छता के प्रति लोगों की सक्रिय भागीदारी बढ़ रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि स्वच्छता ही सेवा अभियान में शामिल होकर अपने घर के आसपास, मोहल्लों, वार्डों तथा शहर व गांव को स्वच्छ बनाने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल रीवा नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 एवं 8 में स्वच्छता ही सेवा अभियान में शामिल हुए। उन्होंने बोदाबाग रोड में मिलिट्री कैंटीन से लेकर नीम चौराहे तक श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हर व्यक्ति को स्वच्छता को अपने स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को स्वच्छता की शपथ दिलवाई। उप मुख्यमंत्री ने नगर निगम के सफाई मित्रों का सम्मान किया। स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे सहित जन-प्रतिनिधि ने श्रमदान में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### ऊर्जा मंत्री तोमर ने ग्वालियर में सफाई मित्रों को किया सम्मानित

भोपाल(ईएमएस)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत शनिवार को लक्ष्मण तलैया पर चलाए गए विशेष सफाई अभियान में शामिल हुए। उन्होंने लक्ष्मण तलैया तथा मौनी बाबा आश्रम में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। साथ ही तीन सफाई मित्रों को नगदे पुरस्कार देकर सम्मानित किया।ऊर्जा मंत्री तोमर ने वरिष्ठ सफाई मित्र को दो हजार रुपए एवं अन्य दो सफाई मित्रों को एक-एक हजार रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन किया।इससे पहले ऊर्जा मंत्री तोमर ने लक्ष्मण तलैया क्षेत्र में अतिवृष्टि से निर्मित हुई जलभराव की स्थिति के बाद कराए गए सुधार कार्यों का जायजा लिया। साथ ही सड़क, सीवर, पानी तथा बिजली से सम्बन्धित समस्याओं का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि खासतौर पर सीवर की सफाई का काम प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए।

**न्यायालय, अनुमंडल दण्डाधिकारी, गिरिडीह**
Email- sdm-giridih@jharkhandmail.gov.in

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत् निशेधाज्ञा आदेश**

वाद संख्या 442/2024

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गिरिडीह के आदेश ज्ञापांक 3542/गो0, दिनांक 17.09.2024 से प्राप्त सूचनानुसार झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 का दिनांक 21.09.2024 एवं 22.09.2024 को पूर्वाह्न 08:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक तीन पालियों में जिला मुख्यालय स्थित–19 (उन्नीस) एवं प्रखण्ड मुख्यालय स्थित–03 (तीन) परीक्षा केन्द्रों में आयोजित किया गया है, जो निम्न प्रकार है :–

| अनुमण्डल का नाम | परीक्षा केन्द्र कोड | परीक्षा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|
| गिरिडीह अनुमण्डल क्षेत्र | 446 | गिरिडीह कॉलेज, गिरिडीह। पिन– 815301 |
| | 442 | +2 उच्च विद्यालय, गिरिडीह। पिन–815301 |
| | 430 | +2 जिला स्कूल, गिरिडीह, अजीडीह। पिन–815301 |
| | 434 | श्री गुरूनानक स्कूल, गिरिडीह, स्टेशन रोड, गिरिडीह। पिन–815301 |
| | 429 | डिस्ट्रिक्ट सी0एम0 स्कूल ऑफ एक्सेलेन्स, पचम्बा गिरिडीह। पिन–815301 |
| | 436 | सर जे0सी0 बोस डिस्ट्रिक्ट सी0एम0 स्कूल ऑफ एक्सेलेन्स बालिका उ0वि0, गिरिडीह। पिन–815301 |
| | 443 | बी0एन0एस0 डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, ब्लॉक रोड, सिरसिया, गिरिडीह। पिन–815301 |
| | 438 | जी0डी0 बगाड़ीया टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, गिरिडीह। पिन–815316 |
| | 439 | हनी हॉली ट्रिनीटी स्कूल, मोहनपुर। पिन–815316 |
| | 435 | किरण पब्लिक स्कूल, कोलडीहा, गिरिडीह। पिन–815301 |
| | 437 | सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सोनबाद, कोयरीडीह, गिरिडीह। पिन–815302 |
| | 440 | दिल्ली पब्लिक स्कूल, गिरिडीह, टुण्डी रोड, गिरिडीह। पिन–815301 |
| | 433 | श्री राम कृष्णा महिला कॉलेज, गिरिडीह। पिन–815301 |
| | 445 | सुभाष पब्लिक स्कूल, कोलडीहा, गिरिडीह। पिन–815301 |
| | 428 | एस0एस0जी0डी0एन0एफ0 ग्लर्स उ0वि0, पचम्बा, गिरिडीह। पिन–815301 |
| | 447 | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगण्डा, गिरिडीह। पिन–815301 |
| | 441 | +2 उच्च विद्यालय, बेंगाबाद। पिन–815312 |
| | 444 | कार्मेल उच्च विद्यालय, हिन्दी अल्कापुरी, गिरिडीह। पिन–815301 |
| | 448 | कार्मेल उच्च विद्यालय, अंग्रेजी अल्कापुरी, गिरिडीह। पिन–815301 |
| | 449 | होली क्रॉस स्कूल, पचम्बा। पिन–815316 |

उपरोक्त परीक्षा स्वच्छ, शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार रहित संचालन तथा परीक्षा केन्द्रों के आस–पास विधि–व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु उक्त परीक्षा केन्द्रों के आस–पास 500 गज की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 के अन्तर्गत निशेधाज्ञा लागू करना आवश्यक प्रतीत होता है।

चुँकि पक्षकारों की संख्या अत्याधिक होने तथा सम्यक् तामिला की गुंजाईश नहीं होने के कारण **मैं भाहजाद परवेज, प्रभारी अनुमंडल दण्डाधिकारी, गिरिडीह सदर उपरोक्त कारणों से संतुश्ट होकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 के अंतर्गत प्रदत्त भाक्तियों का प्रयोग करते हुए** झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 गिरिडीह अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत उपरोक्त सभी परीक्षा केन्द्रों के आस–पास 500 गज की परिधि दिनांक 21.09.2024 एवं 22.09.2024 को पूर्वाह्न 08:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक तीन पालियों में निम्नलिखित रूप से निशेधाज्ञा जारी करता हूँ तथा आदेश देता हूँ कि :–

1. यह निशेधाज्ञा अभ्यर्थियों पर लागू नहीं होगा।
2. निशेधाज्ञा क्षेत्र के अन्तर्गत उक्त परीक्षा केन्द्रों के आस–पास 500 गज की परिधि वाले क्षेत्र में पाँच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने / लाठी भाला / पारम्परिक अस्त्र–शस्त्र के साथ एकत्रित होने पर रोक लगायी जाती है।
3. परीक्षा से संबंधित कोई भी कागज–पत्र या अन्य सामग्री वितरित करना अथवा उसका प्रचार करने या करवाने पर रोक लगायी जाती है।
4. ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करने पर पूर्ण रूपेन रोक लगाई जाती है।
5. यह आदेश कार्यावधि के दौरान पुलिस बल, अर्धसैनिक बल द्वारा शस्त्र लेकर चलने पर प्रभावी नहीं होगा।
6. ऐसे अन्य कार्यकलापों में संलग्न होना जिससे परीक्षा के संचालन या उसकी गोपनीयता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो पर रोक लगायी जाती है।

यह आदेश आज दिनांक 20.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया जो परीक्षा प्रारम्भ की तिथि से परीक्षा समाप्ति की तिथि तक प्रभावी रहेगा।

अनुमण्डल दण्डाधिकारी
गिरिडीह

PR 336499 Giridih (24-25)_D

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम पर आधारित होती हैं। बता दें कि भारतीय ऑयल मार्केटिंग कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के आधार पर कीमतों की समीक्षा के बाद रोज पेट्रोल और डीजल के दाम तय करती हैं। जिसके बाद हर सुबह 6 बजे सरकारी तेल कंपनियों पेट्रोल और डीजल का नए भाव अपडेट करती है। ऐसे ही तेल कंपनियों ने 21 सितंबर शनिवार के लिए पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। जिसके मुताबिक देश के कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल मंहगा हो गया है। वहीं कुछ राज्यों ऐसे है जहां में पेट्रोल डीजल सस्ता भी हुआ है। इसके इलावा कई राज्य ऐसे है जहां इनके दाम स्थिर है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.76 रुपये और डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.43 रुपये और डीजल 89.95 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.93 रुपये और डीजल 91.75 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल 100.73 रुपये और डीजल 92.32 रुपये प्रति लीटर है।

## सरकार और संगठन मुनाफाखोरी पर लगाएंगे लगाम

नई दिल्ली (ईएमएस)। सीमा शुल्क बढ़ने के बाद खाने के तेलों के भाव बढ़ाए जाने की खबरों के बीच कारोबारी संगठनों ने मुनाफाखोरी करने वालों के खिलाफ मुहिम छेड़ दी है। सरकार पहले ही कारोबारी संगठनों को निर्देश दे चुकी है कि त्योहारी सीजन में कीमत नहीं बढ़ाई जाए क्योंकि देश में करीब दो महीने का खाने के तेलों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। सरकार और कारोबारी संगठनों की सख्ती की वजह से त्योहारी सीजन में खाने के तेलों के दाम स्थिर रह सकते हैं। उद्योग जगत के लोगों को कहना है कि आगामी त्योहारी मौसम के दौरान खाद्य तेलों के भाव दाम में कोई उछाल आने की आशंका नहीं है। नंदिनी ब्रांड से खाद्य तेल उत्पादक कंपनी एनके प्रोटेनिस प्राइवेट लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी कहते हैं कि आयात शुल्क में बढ़ोतरी का असर त्योहारी सीजन में नहीं पड़ने वाला है क्योंकि करीब 45 दिनों का स्टॉक पोर्ट में पड़ा है। इसके अलावा करीब 20 दिन का माल कारोबारियों के पास जमा है। इस तरह डेढ़ दो महीने का स्टॉक देश में मौजूद है। अगले महीने से नई फसल आना शुरू हो जाएगी जिससे इसका असर कम होगा। फिलहाल त्योहारी सीजन में कीमतें नहीं बढ़ने वाली है और इसके बाद भी खाद्य तेलों के दाम 10 फीसदी से ज्यादा नहीं बढ़ेंगे। इसका सबसे ज्यादा फायदा किसानों को होगा, जब किसानों को फायदा होगा तो घरेलू उत्पादन बढ़ेगा। आयात कम होगा जो देश के लिए फायदेमंद होगा। यानी सरकार का यह फैसला किसान और देश हित में है।

## आरटीआईः सेबी ने बुच के बारे में जानकारी देने से किया इनकार

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत जानकारी मांगे जाने पर कहा कि हितों के संभावित टकराव के कारण सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के मामलों से खुद को अलग कर लेने के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं है और उन्हें जुटाने पर उसे अपने संसाधनों का अपव्यय करना होगा। पारदर्शिता के लिए काम कर रहे कमोडोर लोकेश बत्रा (सेवानिवृत्त) की तरफ से दाखिल एक आरटीआई आवेदन के जवाब में सेबी ने कहा कि अपने और परिजनों के पास मौजूद वित्तीय परिसंपत्तियों और इक्विटी के बारे में बुच की तरफ से सरकार और सेबी बोर्ड को की गई घोषणाओं की प्रतियां नहीं दी जा सकती हैं। सेबी ने इस ब्योरे को व्यक्तिगत जानकारी बताते हुए कहा कि उनके खुलासे से व्यक्तिगत सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इसके साथ ही सेबी ने उन तारीखों की जानकारी देने से भी इनकार कर दिया जब ये खुलासे किए गए थे। सेबी के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने उन घोषणाओं की प्रति देने से इनकार करने के लिए व्यक्तिगत जानकारी और सुरक्षा को आधार बनाया है। आरटीआई आवेदन के जवाब में सेबी ने कहा कि मांगी गई जानकारी आपसे संबंधित नहीं है और यह व्यक्तिगत जानकारी से संबंधित है। इसके खुलासे का किसी सार्वजनिक गतिविधि या हित से कोई संबंध नहीं है। यह व्यक्ति की निजता में अनुचित हस्तक्षेप का कारण बन सकता है और व्यक्ति के जीवन या शारीरिक सुरक्षा को भी खतरे में डाल सकता है।

## मोबाइल सेवा शुल्क बढ़ने से जुलाई में ग्राहकों की संख्या घटी

### बीएसएनएल ने जोड़े सबसे ज्यादा नए ग्राहक



नई दिल्ली (ईएमएस)। जुलाई 2024 में मोबाइल सेवा शुल्क बढ़ने के बाद टेलीकॉम कंपनियों रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों की संख्या में गिरावट देखी गई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी मासिक रिपोर्ट के अनुसार जुलाई में देश के कुल मोबाइल ग्राहक घटकर 120 करोड़ 51.7 लाख रह गए, जो जून में 120 करोड़ 56.4 लाख थे। रिपोर्ट के मुताबिक भारती एयरटेल ने जुलाई में 16.9 लाख ग्राहक खो दिए, जो अन्य कंपनियों के मुकाबले सबसे ज्यादा नुकसान था। वोडाफोन आइडिया ने 14.1 लाख ग्राहक गंवाए, जबकि रिलायंस जियो ने 7.58 लाख ग्राहकों का नुकसान उठाया। पिछले दो-तीन वर्षों में एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अपनी प्रारंभिक मोबाइल सेवा दरों को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 199 रुपये प्रति 28 दिन कर दिया है। इस शुल्क वृद्धि से ग्राहकों पर वित्तीय दबाव बढ़ा, जिसके परिणामस्वरूप ग्राहक आधार में कमी आई। इसके विपरीत, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी रही, जिसने नए ग्राहकों की संख्या में वृद्धि दर्ज की। जुलाई में बीएसएनएल ने 29.4 लाख नए मोबाइल उपभोक्ताओं को जोड़ा, जिससे यह कंपनियों के बीच नए ग्राहक जोड़ने में अग्रणी रही। इस प्रदर्शन के चलते बीएसएनएल ने अपनी स्थिति को मजबूत किया, जबकि निजी क्षेत्र की कंपनियों को गिरावट का सामना करना पड़ा। मोबाइल सेवा दरों में वृद्धि का प्रभाव विभिन्न दूरसंचार सर्किलों में देखने को मिला, जैसे पूर्वोत्तर, महाराष्ट्र, राजस्थान, मुंबई, कोलकाता, तमिलनाडु, पंजाब, बिहार, पश्चिम बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, और आंध्र प्रदेश। इन क्षेत्रों में ग्राहक आधार में गिरावट दर्ज की गई, जो शुल्क वृद्धि के कारण उपभोक्ताओं के असंतोष को दर्शाती है।

# सेंसेक्स और निफ्टी में डेढ़ फीसदी से अधिक की रही तेजी

**- सेंसेक्स 1,359 अंक चढ़कर 84,544.31 पर बंद**

**- निफ्टी 375 अंक मजबूती के साथ 25,790 पर बंद**




मुंबई (ईएमएस)। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में डेढ़ फीसदी से अधिक की तेजी देखी गई। बाजार में सप्ताह भर उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। लेकिन सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार में सभी रिकॉड ध्वस्त हो गए। अमेरिकी फेड की ओर से इन्टरेस्ट रेट में कटौती के दो दिन बाद भारतीय शेयर बाजार ने नया कीर्तिमान रचा है। बाजार के जानकारों का कहना है कि फेड रिजर्व की ओर से की गई ब्याज कटौती और आगे भी ब्याज कटौती के संकेत, विदेशी निवेशकों की ओर से शेयर मार्केट में किया गया निवेश और बैंकिंग स्टॉक में हुई जमकर खरीदारी का भी असर शेयर बाजार में दिखाई दिया। शेयर बाजार में सप्ताह में दो दिन बढ़त और तीन दिन तेजी दर्ज की गई। भारतीय शेयर बाजार सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को तेजी के साथ खुले। सीमित दायरे में कारोबार के बावजूद, प्रमुख भारतीय सूचकांक अपने नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने में सफल रहे। बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 180.92 अंक चढ़कर 83,071.86 पर खुला और 98 अंक की बढ़त के साथ 82,989 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी-50 में भी बढ़त देखी गई और यह 55.1 अंक के साथ 25,411.60 पर खुला और 25,384 पर 27 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। मंगलवार के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार करीब सपाट स्तर पर खुला। बीएसई का सेंसेक्स 78 अंक की गिरावट के साथ 82,909 पर खुला और अमेरिका में ब्याज दर घटने के अनुमानों के बीच 90.88 अंक चढ़कर 83,079.66 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 12 अंक की गिरावट के साथ 25,370 पर खुला और 25,400 के स्तर से ऊपर बंद हुआ। बुधवार को बीएसई सेंसेक्स 130.24 अंक गिरकर 82,949.42 पर खुला और 131.43 अंकों की गिरावट के साथ 82,948.23 पर बंद हुआ। निफ्टी 37.75 अंक गिरकर 25,380.80 पर खुला और 41.00 अंक फिसलकर 25,377.55 पर बंद हुआ।

भारतीय प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 ने गुरुवार को बाजार खुलते ही नए सर्वकालिक उच्च स्तर को छू लिया।

यह तेजी एशिया-पैसिफिक बाजारों और वॉल स्ट्रीट फ्यूचर्स में उछाल के बाद आई, क्योंकि जेरोम पॉवेल की अगुवाई वाले अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार शाम को 50 बेसिस पॉइंट की दर में कटौती की घोषणा की थी। बाजार खुलते समय बीएसई सेंसेक्स 441 अंकों की बढ़त के साथ 83,389 के स्तर पर खुला और 236.57 अंक चढ़कर 83,184.80 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 50 165 अंकों की बढ़त के साथ 25,542 पर दिखा और थोड़ी देर बाद ही यह 224 अंक बढ़कर 25,602 पर खुला और 38.25 अंक बढ़कर 25,415.80 पर पहुंच गया।

कारोबार के दौरान यह 234.4 अंक बढ़कर 25,611.95 के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 421 अंकों की बढ़त के साथ 0.51 प्रतिशत ऊपर 83,606 पर खुला और 1,359.51 (1.63 फीसदी) अंक चढ़कर 84,544.31 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 112 अंक की बढ़त के साथ 25,528 पर खुला और 375.16 (1.48 फीसदी) अंकों की मजबूती के साथ 25,790.95 पर बंद हुआ।

## भारत का यूरोपीय संघ से आयातित वस्तुओं पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने का प्रस्ताव



मुंबई (ईएमएस)। भारत ने यूरोपीय संघ से आयातित कुछ वस्तुओं पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। इस्पात उत्पादों पर यूरोपीय संघ के सुरक्षा उपायों पर आम सहमति नहीं बनने के बाद भारत ने यह फैसला किया है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) को भेजे गए एक संदेश में भारत सरकार ने कहा कि रियायतों का निलंबन यूरोपीय संघ में उत्पादित चुनिंदा उत्पादों पर सीमा शुल्क बढ़ाने का काम करेगा। वर्ष 2018 से 2023 तक यूरोपीय संघ के सुरक्षा उपायों की वजह से भारत को 4.41 अरब डॉलर का कुल व्यापार घाटा हुआ है जिस पर शुल्क संग्रह 1.10 अरब डॉलर होगा। इस हिसाब से भारत द्वारा रियायतों को निलंबित किए जाने पर यूरोपीय संघ में उत्पादित माल पर समान राशि का शुल्क एकत्रित होगा। इस संदेश के मुताबिक पर्याप्त रूप से समान रियायतों को निलंबित करने के अपने अधिकार के प्रभावी प्रयोग के लिए भारत प्रस्तावित निलंबन को तुरंत प्रभावी करने और उत्पादों के साथ सीमा शुल्क दरों को समायोजित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है। भारत अगले उचित कदमों के बारे में माल व्यापार परिषद और सुरक्षा समिति दोनों को सूचित करेगा। यह घटनाक्रम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यूरोपीय संघ ने 25 प्रतिशत के कोटा-मुक्त शुल्क के साथ कुछ इस्पात उत्पाद श्रेणियों के आयात पर सुरक्षा शुल्क को 2026 तक बढ़ा दिया है। इसे पहली बार वर्ष 2018 में लगाया गया था जो बाद में जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था। यूरोपीय संघ ने 29 मई, 2024 को कुछ इस्पात उत्पादों के आयात पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के अपने प्रस्ताव के बारे में डब्ल्यूटीओ को सूचित किया। भारत इस उपाय से प्रभावित देशों में से एक है। वित्त वर्ष 2023-24 में यूरोपीय संघ को भारत का लौह एवं इस्पात और उनके उत्पादों का निर्यात बढ़कर 6.64 अरब डॉलर हो गया जो 2022-23 में 6.1 अरब डॉलर था।

## भारतीय रियल स्टेट में विदेशी निवेश 6 महीने में 3.5 बिलियन डॉलर पहुंचा

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में रियल एस्टेट सेक्टर में विदेशी निवेशकों की रुचि बढ़ती जा रही है। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की पहली छमाही में ही इस क्षेत्र में विदेशी निवेश 3.5 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। एक इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट कंपनी द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विदेशी निवेशकों के लिए लैंड और डेवलपमेंट साइट इन्वेस्टमेंट के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे पसंदीदा देश बन गया है। इस सूची में चीन और सिंगापुर भारत से आगे हैं। कोलियर्स की ग्लोबल कैपिटल फ्लो रिपोर्ट के अनुसार 2024 की पहली छमाही में भारत के रियल एस्टेट में हुए कुल निवेश में 73 फीसदी हिस्सा विदेशी निवेशकों का था। इसमें क्रॉस बॉर्डर इन्वेस्टमेंट का योगदान 1.5 बिलियन डॉलर से ज्यादा था। एशिया-पैसिफिक क्षेत्र ने इस इनफ्लो में 1.2 बिलियन डॉलर का योगदान दिया है। जनवरी से मार्च 2024 के दौरान भारतीय रियल एस्टेट में 995.1 मिलियन डॉलर का विदेशी निवेश हुआ था लेकिन दूसरी तिमाही यानी अप्रैल से जून के बीच, यह आंकड़ा बढ़कर 2.5 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया।

## हवाई टिकट के भाव बढ़े, दीवाली पर यात्रियों को देना होगा ज्यादा किराया




मुंबई (ईएमएस)। दीवाली के आसपास फ्लाइट टिकट तेजी से महंगे होते जा रहे हैं। एयरलाइन्स की बुकिंग में भी लगभग दोगुना उछाल आया है। एक रिपोर्ट में दी गई जानकारी के अनुसार दीवाली की फ्लाइट बुकिंग्स में करीब 85 फीसदी की तेजी आई है। लोग औसतन 27 दिन पहले ही अपना टिकट बुक कर ले रहे हैं। किराया भी लगभग 15 फीसदी बढ़ चुका है। पिछले साल हवाई किराया दीवाली से एक हफ्ते पहले तक दोगुना हो चुका है। ऐसे आशंका जताई जा रही है कि इस साल भी किराया तेजी से उछाल मारेगा। एयरलाइन्स को सबसे ज्यादा बुकिंग दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, गुवाहाटी, जयपुर, चेन्नई, लखनऊ, पोर्ट ब्लेयर और पटना जैसी जगहों की मिल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गुवाहाटी के लिए सबसे ज्यादा 386 फीसदी बुकिंग बढ़ी है। लोग त्यौहार पर अपने घर जाने के लिए लालायित हैं। इसके बाद जयपुर के लिए 306 फीसदी और पटना के लिए 271 फीसदी बुकिंग बढ़ी हैं। अन्य शहरों की बुकिंग में भी तेज उछाल जारी है। एक ट्रेवल वेबसाइट ने अगस्त से ही दीवाली फ्लाइट्स की बुकिंग के लिए विशेष अभियान चला दिया था। साथ ही चेतावनी भी दी थी कि जल्द ही किराया बढ़ने वाला है। बताया जा रहा है कि दीवाली के आसपास बुकिंग लगभग 15 फीसदी बढ़ गई है। दीवाली के अलावा छठ पूजा और गोवर्धन पूजा तक फ्लाइट टिकट हर साल काफी महंगे रहते हैं।

## सीएसआर खर्च तय करेगा इंटर्नशिप योजना के लिए कंपनियों की पात्रता- 1 करोड़ युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण



नई दिल्ली (ईएमएस)। कंपनी मामलों का मंत्रालय उन शीर्ष 500 कंपनियों की सूची जारी करने वाला है जो केंद्र सरकार की इंटर्न शिप योजना में भाग लेने के लिए पात्र होंगी। सूत्रों के अनुसार इन कंपनियों का चयन पिछले तीन वर्षों के दौरान उनके औसत वार्षिक कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) खर्च के आधार पर किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2024-25 में इस योजना की घोषणा की थी। सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय इस महीने के अंत तक इंटर्नशिप योजना पोर्टल चालू कर देगा, जहां कंपनियां अपने पास उपलब्ध इंटर्नशिप का विवरण जारी कर करेंगी। इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन भी इसी पोर्टल के जरिये ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि कंपनियों की इंटर्नशिप के उम्मीदवारों तक सीधी पहुंच नहीं होगी। उम्मीदवार द्वारा इंटर्नशिप के लिए आवेदन किए जाने के बाद मंत्रालय की समिति प्राप्त आवेदनों का चयन करेगी और संबं धित कंपनियों को भेजेगी। इसके तहत एक पद के लिए दो उम्मीदवारों के नाम भेजे जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि कंपनियां अपनी जरूरत के आधार पर उम्मीदवारों का चयन अथवा आवेदन को अस्वीकार कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए काम जोरों पर है। तमाम कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है। यह कंपनियों और सरकार दोनों के लिए एक फायदेमंद योजना है। कंपनियां प्रतिभाओं को तैयार करना चाहती हैं और उसकी लागत की भरपाई सरकार कर रही है।कंपनियों से अपेक्षा की जाएगी कि वे 10 फीसदी प्रशिक्षण एवं इंटर्नशिप लागत का वहन अपने सीएसआर कोष से करें। हालांकि यह योजना कंपनियों के लिए स्वैच्छिक है। इसलिए कंपनियां स्वैच्छिक आधार पर इसे अपना सकती हैं। मगर कंपनी अधिनियम के तहत सीएसआर अनिवार्य एवं सांविधिक दायित्व है।

## जियो का नया रिचार्ज प्लान, अनलिमिटेड 5जी के साथ मिलेगी फ्री कॉलिंग!




मुंबई (ईएमएस)। देश की प्रमुख दूरसंचार कंपनी जियो अपने ग्राहकों के लिए नवरात्रि से पहले नया प्लान लेकर आया है। जियो ने 364 दिन वाला 3599 रुपए का रिचार्ज प्लान फ्री में देने का ऐलान किया है। हालांकि इसके लिए कंपनी ने कुछ शर्तें रखी है, जिसके यूजर्स को पूरा करना होगा। जियो यूजर्स इस ऑफर का फायदा उठा सकते हैं, जिससे पूरे साल रिचार्ज कराने का झंझट खत्म हो जाएगा। बता दें कि ये ऑफर देश के सभी कोनों में लागू होगा। जानकारी के अनुसार जियो ने अपनी इंटरनेट सेवा यानि जियो फाइबर को प्रमोट करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। जियो यूजर्स नए एयरफाइबर प्लान के लिए साइन अप करके फ्री मोबाइल रिचार्ज का मजा ले सकते हैं। जियो की वेबसाइट के मुताबिक, यूजर्स को 3599 रुपये का कॉम्प्लीमेंट्री सालाना मोबाइल रिचार्ज प्लान मिलेगा, जो 365 दिनों के लिए वैलिड होगा। इस प्लान में रोजाना 2.5जीबी हाई-स्पीड डेटा का फायदा शामिल है। जियो यूजर्स कंपनी की वेबसाइट और माय जियो ऐप के जरिए नया एयरफाइबर बुक कर सकते हैं। कंपनी ने एयर फाइबर ब्रॉडबैंड के लिए सिर्फ 50 रुपये का बुकिंग चार्ज तय किया है। इसके अलावा एयर फाइब्रर आफर के तहत 3 महीने के प्लान पर यूजर्स को 30 फीसदी की छूट दी जा रही है, जो 2121 रुपये में उपलब्ध है। इस प्लान में 800 से ज़्यादा डिजिटल टीवी चैनल, 13 से ज़्यादा ओटीटी ऐप और अनलिमिटेड वाई-फाई का एक्सेस शामिल है।

## लैपटॉप, टैबलेट की आयात प्रबंधन व्यवस्था तीन महीने और बढ़ेगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकार लैपटॉप और टैबलेट सहित कुछ आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात प्रबंधन के लिए लागू मौजूदा व्यवस्था को तीन महीने बढ़ाने पर विचार कर रही है। मौजूदा व्यवस्था की 30 सितंबर तक समीक्षा की जानी है। एक अधिकारी ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में लैपटॉप एवं टैबलेट जैसे उत्पादों का आयात 8.4 अरब डॉलर तक पहुंच गया जबकि आयात के लिए सरकारी मंजूरी लगभग 9.5 अरब अमरीकी डॉलर की ही थी। इनमें से अधिकतर आयात चीन से हुआ। सरकार ने पिछले साल अक्टूबर में लैपटॉप, पर्सनल कंप्यूटर और कुछ अन्य आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात के लिए आयात प्रबंधन एवं अनुमति व्यवस्था शुरू की थी। इस व्यवस्था का मकसद बाजार की आपूर्ति पर असर डाले बगैर देश में इन वस्तुओं की आवक पर नजर रखना था।

# टाटा स्टील ने ओडिसा में शुरू किया भारत का सबसे बड़ा ब्लास्ट फर्नेस



### कंपनी की उत्पादन क्षमता बढ़कर 80 लाख टन प्रति वर्ष हो जाएगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। टाटा स्टील ने ओडिशा के कलिंगनगर संयंत्र में भारत के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस का शुभारंभ कर दिया है। यह फर्नेस कंपनी की उत्पादन क्षमता को 30 लाख टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 80 लाख टन प्रति वर्ष तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ब्लास्ट फर्नेस इस्पात निर्माण प्रक्रिया का प्रमुख घटक होता है, जो 1500 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान पर धातु का उत्पादन करने में सक्षम है। टाटा स्टील ने नवंबर 2018 में ओडिशा में अपने कलिंगनगर संयंत्र के विस्तार के दूसरे चरण के लिए 27,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी। इस परियोजना के तहत ब्लास्ट फर्नेस का चालू होना इस्पात उद्योग में टाटा स्टील के नए मानकों को स्थापित करने के दृष्टिकोण से एक बड़ा कदम है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कलिंगनगर में भारत के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस का चालू होना इस्पात उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह नई क्षमता, उन्नत प्रौद्योगिकी और पर्यावरणीय स्थिरता के लिहाज से नए मानक स्थापित करता है। इस ब्लास्ट फर्नेस की क्षमता 5,870 घन मीटर है और यह पर्यावरण के अनुकूल डिजाइन से लैस है, जिससे इस्पात उत्पादन प्रक्रिया अधिक टिकाऊ और कुशल बन सकेगी। इसके अलावा संयंत्र के विस्तार में कच्चे माल की क्षमता में बढ़ोतरी, अपस्ट्रीम और मिड-स्ट्रीम सुविधाओं का विस्तार, और कोल्ड रोलिंग मिल कॉम्प्लेक्स जैसी डाउनस्ट्रीम सुविधाएं भी शामिल हैं। टाटा स्टील ने कहा कि बीते 10 वर्षों में ओडिशा भारत में कंपनी का सबसे बड़ा निवेश गंतव्य बन गया है, जहां अब तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा चुका है। कलिंगनगर संयंत्र का यह विस्तार देश में इस्पात उत्पादन क्षमता में एक महत्वपूर्ण योगदान देगा और टाटा स्टील की स्थिति को और मजबूत करेगा।

## अडानी टोटल गैस ने कारोबार बढाने 37.5 करोड़ डॉलर वित्त हासिल किया




नई दिल्ली (ईएमएस)। अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने अपने कारोबार बढ़ाने और शहरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय कर्जदाताओं से 37.5 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण हासिल किया है। कंपनी के अनुसार इस वित्तपोषण में 31.5 करोड़ डॉलर की प्रारंभिक प्रतिबद्धता शामिल है, जिसे बाद में बढ़ाया जा सकता है। इस वित्तपोषण में बीएनपी पारिबा, डीबीएस बैंक, मिजुहो बैंक, एमयूएफजी बैंक, और सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन जैसे पांच प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ऋणदाताओं ने भाग लिया। एटीजीएल, जो अदाणी समूह और फ्रांस की ऊर्जा कंपनी टोटलएनर्जीज का संयुक्त उद्यम है, ने कहा कि इस वित्तपोषण से कंपनी को अपने 13 राज्यों में स्थित 34 अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में शहरी गैस वितरण नेटवर्क का तेजी से विस्तार करने में मदद मिलेगी। यह वित्तीय समर्थन एटीजीएल के पूंजीगत व्यय कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाएगा, जिससे कंपनी की वृद्धि को गति मिलेगी। एटीजीएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह वित्तपोषण ढांचा न केवल कंपनी की लगातार वृद्धि को बढ़ावा देगा, बल्कि भविष्य के वित्तपोषण के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा, जिससे दीर्घकालिक मूल्य सृजन सुनिश्चित हो सकेगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ब्रिटेन में तूफान, ओलावृष्टि और भारी बारिश की चेतावनी

लंदन,(ईएमएस)। भारत में खराब मौसम के बाद अब ब्रिटेन में भी मौसम विभाग ने गंभीर चेतावनी जारी की है। शनिवार को ब्रिटेन के कई हिस्सों में तूफान और ओलावृष्टि के कारण जीवन के लिए खतरा पैदा हो जाने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें कुछ ही घंटों में 70 मिलीमीटर तक बारिश की संभावना है। यह अलर्ट विशेष रूप से वेल्स, दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड, मिडलैंड्स और दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के कुछ हिस्सों के लिए जारी किया गया है।यहां बताते चलें कि शुक्रवार को भी दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड, वेल्स के कुछ हिस्सों, मिडलैंड्स और पश्चिमी लंदन के लिए चेतावनी जारी की गई थी। मौसम विभाग ने बताया कि तूफानी हवाओं की रफ्तार 500 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है। इसके साथ ही बिजली गिरने, ओलावृष्टि और भारी बारिश से इमारतों को नुकसान पहुंचने, सार्वजनिक परिवहन में बाधा उत्पन्न होने और बाढ़ की आशंका भी जताई गई है।मौसम विभाग के मुख्य मौसम विज्ञानी जेसन केली ने कहा, यह चेतावनी उन क्षेत्रों के लिए जारी की गई है जहां गरज के साथ भारी बारिश का सबसे अधिक जोखिम है। उप मुख्य मौसम विज्ञानी डैन हैरिस ने भी अगले हफ्ते भारी बारिश की संभावना जताई है, जिससे सोमवार के लिए भी नई चेतावनी जारी की जा सकती है। इस खराब मौसम को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है, विशेषकर वेल्स, दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड और मिडलैंड्स में। तूफानी हवाओं के साथ ओले गिरने और बिजली गिरने से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की चेतावनी दी गई है।

### ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय जासूस मामले में अमेरिका और कनाडा से अलग रुख अपनाया

वाशिंगटन,(ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने भारतीय जासूस के कथित मामले पर अमेरिका और कनाडा से अलग रुख अपनाते हुए कहा कि इस तरह के मामलों को निजी तौर पर और राजनयिक तरीके से उठाया जाता है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में इस सप्ताह के अंत में क्वाड शिखर सम्मेलन होने वाला है, जिसमें भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अल्बानीज भी भाग लेंगे।अमेरिका की यात्रा के दौरान ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री से भारतीय जासूस से जुड़े आरोपों पर सवाल किया गया था। जवाब में अल्बानीज ने स्पष्ट किया कि वे इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से चर्चा करने के बजाय इसे निजी और कूटनीतिक स्तर पर उठाना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, मैं राजनयिक तरीके से काम करता हूं और चाहूंगा कि निजी तौर पर करता हूं। निस्संदेह, यह मामला उठाया जाएगा, लेकिन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंध बेहद मजबूत हैं।ऑस्ट्रेलिया का यह रुख अमेरिका और कनाडा से भिन्न है। खासतौर पर तब जबकि अमेरिका और कनाडा द्वारा भारत पर अपने ही नागरिकों को निशाना बनाने और उनके मामलों में हस्तक्षेप जैसे आरोप लगाए गए हैं। कनाडा में तो इस मुद्दे पर न्यायिक जांच भी हो रही है और संसद में बहस छिड़ी हुई है। कनाडा की सुरक्षा एजेंसी ने भारत पर चुनावों में हस्तक्षेप का आरोप लगाया था। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने इस मामले में अपने फाइव आइज गठबंधन के सदस्यों (अमेरिका, यूके, कनाडा और न्यूजीलैंड) से एक अलग रुख अपनाया है। बताते चलें कि फाइव आइज एक खुफिया साझेदारी है, जिसके सदस्य अक्सर राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में सहयोग करते हैं। प्रधानमंत्री अल्बानीज की इस टिप्पणी को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है, खासतौर पर ऐसे समय में जबकि वे क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए अमेरिका दौरे पर हैं।

### अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए इन पर्सन वोटिंग शुरू

#### कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर

मिनियापोलिस,(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए आधिकारिक मतदान 5 नवंबर को होना है। इससे पहले इन पर्सन वोटिंग शुरू हो गई है। मिनेसोटा, साउथ डकोटा, और वर्जीनिया जैसे राज्यों में लोग मतदान केंद्रों पर कतार में खड़े होकर मतदान कर रहे हैं। अक्टूबर के मध्य तक करीब एक दर्जन और राज्यों में इसी तरह व्यक्तिगत रूप से वोटिंग की शुरुआत की जाएगी। इस बार की इन पर्सन वोटिंग का महत्व और बढ़ गया है, क्योंकि यह अमेरिकी राजनीति के उथल-पुथल भरे दौर के बाद हो रही है। राष्ट्रपति जो बाइडन दौड़ से बाहर हो गए हैं, और उनकी जगह डेमोक्रेटिक पार्टी ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को अपना राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया है। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फिर से मैदान में हैं। इन पर्सन वोटिंग की शुरुआत का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दिन संभावित भीड़ और अराजकता से बचाव करना है। इस व्यवस्था के तहत, पहले से ही वार्ड स्तर पर पोलिंग बूथ बनाए गए हैं, जहां अशक्त और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। अमेरिका में इस बार का चुनाव राजनीतिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है, और दोनों प्रमुख पार्टियों के उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

### अमेरिका में भारतीय दूतावास में अधिकारी की लाश देख मची अफरा-तफरी

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास में अचानक से उस समय सनसनी मच गई, जबकि दूतावास कैंपस में एक भारतीय अधिकारी की लाश पाई गई। कैंपस में अधिकारी की लाश देख हर कोई सन्न रह गया। अधिकारी की मौत ने सभी को चौंका दिया है, और स्थानीय पुलिस तथा खुफिया एजेंसियां उनकी मौत के कारणों की जांच में जुट गई हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट्स के अनुसार, अधिकारियों ने यह माना है कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है।इस संबंध में भारतीय दूतावास ने बयान जारी करते हुए अधिकारी की मौत होने की पुष्टि की है, लेकिन मौत के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा, कि 'अत्यंत खेद के साथ हम यह सूचित करना चाहते हैं कि भारतीय दूतावास के एक सदस्य का 18 सितंबर 2024 की शाम को निधन हो गया। हम पार्थिव शरीर को जल्द भारत भेजने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों और परिवार के सदस्यों के संपर्क में हैं।' इस बयान के अलावा ज्यादा कुछ नहीं बताया गया है। बस यही कहा गया है कि, 'परिवार की गोपनीयता की चिंता के चलते मृतक अधिकारी के बारे में ज्यादा डिटेल जारी नहीं की जा रही है। दुख की इस घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं परिवार के साथ हैं।' स्थानीय पुलिस ने अभी तक अधिकारी की मौत की जांच को लेकर कोई औपचारिक जानकारी साझा नहीं की है। घटनास्थल पर जांच जारी है और सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है।

### 58 कर्मचारियों के साथ यौन संबंध



बीजिंग (ईएमएस)। चीन में एक महिला गवर्नर, झोंग यांग, को भ्रष्टाचार और गलत आचरण के आरोप में 13 साल की जेल और एक मिलियन युआन (लगभग 1.18 करोड़ रुपये) का जुर्माना लगाया गया है। झोंग यांग पर 58 पुरुष कर्मचारियों के साथ यौन संबंध बनाने और लगभग 60 मिलियन युआन रिश्वत लेने के गंभीर आरोप हैं।साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, झोंग यांग गुइझोउ प्रांत में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना की गवर्नर और उप सचिव के रूप में कार्यरत थीं। उनकी सुंदरता और शक्ति की वजह से उन्हें खूबसूरत गवर्नर के रूप में भी जाना जाता था।52 वर्षीय झोंग यांग पर आरोप है कि उन्होंने अपने 58 पुरुष कर्मचारियों के साथ यौन संबंध बनाए। कुछ कर्मचारियों ने लाभ पाने के लिए उनका प्रेमी बनना चुना। जबकि अन्य ने नौकरी खोने के डर से ऐसा किया। झोंग ओवरटाइम काम और व्यावसायिक यात्राओं के बहाने अपने प्रेमियों के साथ समय बिताया करती थी। झोंग यांग 22 वर्ष की आयु में कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हुईं और बाद में नेशनल पीपुल्स कांग्रेस में डिप्टी बनीं। वे किसानों की मदद और जरूरतमंद बुजुर्गों की सहायता के लिए जानी जाती थीं।2023 में गुइझोउ रेडियो और टेलीविजन द्वारा निर्मित एक डॉक्यूमेंट्री में झोंग यांग की भ्रष्ट गतिविधियों का पर्दाफाश हुआ। यह सामने आया कि उन्होंने कई बार रिश्वत ली और पद का दुरुपयोग कर अपनी पसंदीदा कंपनियों को टेंडर दिलवाए। झोंग यांग को अप्रैल 2023 में भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सितंबर में उन्हें पद से हटा दिया गया और कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। इसके बाद उन्हें 13 साल की सजा सुनाई गई।

# अमेरिकी यात्रा पर पीएम मोदी, खालिस्तान समर्थक सिखों से मिला बाइडेन प्रशासन



वॉशिंगटन (ईएमएस)। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने शनिवार को अमेरिका पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की तीन दिन की यात्रा पर भारत और अमेरिका ही नहीं दुनिया की नजरें है। वहीं पीएम मोदी के इस दौरे से ठीक पहले अमेरिका ने कुछ ऐसा किया है, जो भारत को नाराज कर रहा है। ये मामला खालिस्तानी पन्नू की हत्या की साजिश से जुड़ा है। अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों ने खालिस्तान समर्थक सिख नेताओं से मुलाकात की है। वहीं एनएसए अजीत डोभाल को भी अमेरिकी कोर्ट ने समन जारी किया है।रिपोर्ट के मुताबिक, वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने सिख नेताओं से मुलाकात की। व्हाइट हाउस और अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के साथ सिख नेताओं की यह बैठक जो बाइडन और नरेंद्र मोदी से मुलाकात से दो दिन पहले हुई।अमेरिका की ओर से भारत पर गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ हत्या की साजिश के मामले में उंगली उठाई गई है। इस बैठक में अमेरिकी अधिकारियों ने सिख नेताओं को इस संबंध में भारत के साथ सरकार की चल रही बातचीत के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने सिख समुदाय को आश्वस्त करने की कोशिश की कि उनकी सुरक्षा के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे।बैठक में शामिल हुए अमेरिकन सिख कॉकस कमेटी के संस्थापक प्रीतपाल सिंह ने कहा, हमने अपने समुदाय की सुरक्षा में सतर्कता के लिए वरिष्ठ संघीय सरकारी अधिकारियों को धन्यवाद किया। हाल ही में पन्नू ने खुद को मारने की कोशिश को लेकर भारत के खिलाफ एक नागरिक मुकदमा भी दायर किया है।

### डोभाल को अमेरिकी कोर्ट का समन

खालिस्तानी आतंकी पन्नू की ओर से दायर मुकदमे में अमेरिकी कोर्ट ने भारत के एनएसए अजीत डोभाल सहित कुछ अन्य भारतीयों के नाम समन जारी किया है। न्यूयॉर्क स्थित कोर्ट ने 21 दिन में समन का जवाब देने के लिए कहा है। इस समन पर भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने समन पर कहा है कि यह पूरी तरह से अनुचित और निराधार आरोप हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान सरकार को दिया झटका

पाकिस्तान : पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने शहबाज शरीफ सरकार को झटका देते हुए संसद द्वारा उन कानूनों को पिछली तारीख से लागू करने पर रोक लगा दी है, जिनसे लोगों के अधिकार प्रभावित होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राष्ट्रीय या प्रांतीय असेंबली ऐसे कानून नहीं बना सकतीं, जो लोगों को संविधान में मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हों। पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक द्वारा चुनाव आयोग को भेजे पत्र के बाद सामने आया है। इस पत्र में अयाज सादिक ने चुनाव आयोग से मांग की कि संसद ने हाल ही में चुनाव कानून में जो बदलाव किए हैं, उन्हें पिछली तारीख से लागू किया जाए। इन बदलावों के तहत निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव में जीत के बाद किसी राजनीतिक पार्टी में शामिल नहीं हो सकेंगे।

## इजरायल का बेरुत पर हवाई हमला, हिज्बुल्लाह कमांडर अकील समेत 59 की मौत

तेल अवीव,(ईएमएस)। इजरायली सेना ने शुक्रवार को बेरूत में हवाई हमला किया, जिसमें हिज्बुल्लाह के शीर्ष सैन्य कमांडर इब्राहिम अकील समेत सात की मौत हो गई और 59 लोग घायल हो गए। इजरायल-हमास युद्ध की शुरुआत के बाद से बेरूत के दक्षिणी में होने वाला यह तीसरा हवाई हमला था। इस क्षेत्र में जारी संघर्ष अब गाजा से लेबनान की तरह मुड़ गया है।हिज्बुल्लाह को बीते दिनों इजरायल की ओर से अभूतपूर्व हमले का सामना करना पड़ा है। इसमें 16 सितंबर को हुआ पेजर अटैक भी शामिल है, जब हिजबुल्लाह के लड़ाकों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हजारों संचार उपकरणों में अचानक विस्फोट होने लगा था। इस घटना में 37 लोग मारे गए और तीन हजार से ज्यादा घायल हो गए थे हिज्बुल्लाह ने पेजर अटैक के पीछे इजरायल की साजिश होना बताया था।इब्राहिम अकील हिजबुल्लाह की शीर्ष सैन्य इकाई, रादवान फोर्स का प्रमुख था। वह फुआद शुकर के बाद हिज्बुल्लाह सशस्त्र बलों का सेकंड कमांडर-इन-चीफ था। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से इब्राहिम अकील की मौत की पुष्टि हो गई है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक इब्राहिम अकील ने हिज्बुल्लाह के शीर्ष सैन्य निकाय, जिहाद परिषद में भी अपनी सेवाएं दी थीं।बता दें कि इस साल 27 जुलाई को हिज्बुल्लाह ने इजरायल के मजदल शम्स में एक फुटबॉल ग्राउंड पर रॉकेट दागा था, जिसमें 12 बच्चों की मौत हो गई थी। इस हमले के लिए इजरायल ने फुआद शुकर को जिम्मेदार बताया था। इजरायल ने 30 जुलाई, 2024 को बेरूत में हवाई हमला करके हिज्बुल्लाह के शीर्ष कमांडर फुआद शुकर को मार दिया था। इस हमले में शुकर का सहयोगी और हमास लीडर सालेह अल-अरुरी भी मारा गया था। इस बीच इजरायल ने हिज्बुल्लाह के संभावित खतरों से अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपना अभियान जारी रखने की कसम खाई है।आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि हिजबुल्लाह ने इजरायली नागरिकों पर आठ हजार से ज्यादा रॉकेट, मिसाइल और यूएवी से विस्फोटक दागे हैं, जिससे 60 हजार से ज्यादा इजरायलियों को अपने घरों से निकलने के लिए मजबूर हो गए है। उन्होंने कहा कि इजरायली नागरिकों की सुरक्षा के लिए हम लेबनान के सभी क्षेत्रों में अपना ऑपरेशन जारी रखेंगे।

## चेचन्या के लीडर कादिरोव का चौंकाने वाला दावा, मैंने साइबरट्रक को जंग के मैदान में उतारा

कीव (ईएमएस)। चेचन्या के लीडर और वॉरलार्ड रमजान कादिरोव ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका दावा है कि उसने दो साइबरट्रक को यूक्रेन के खिलाफ जंग के मैदान में उतारा है। साइबरट्रक को एलन मस्क की कंपनी टेस्ला बनाती है। लोगों को पास अभी तक यह गाड़ी ढंग से पहुंची नहीं लेकिन जंग के मैदान में उतार दी गई है।कादिरोव ने पहले दावा किया था कि मस्क ने साइबरट्रक गिफ्ट की है। लेकिन मस्क ने इसका खंडन कर दिया। मस्क ने कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया है। कादिरोव ने कहा कि मस्क ने उसके साइबरट्रक को कथित तौर पर रिमोटली डिस्कनेक्ट कर दिया है। लेकिन इससे मैं परेशान नहीं हूं। मैं अपना काम करता रहूंगा। ये गाड़ियां बिना रिमोट के भी सही ढंग से काम करती हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी यूक्रेन के खिलाफ मैंने दो साइबरट्रकों को मशीन गैंन से लैस करके यूक्रेन के खिलाफ जंग में भेजा है।

### जानिए क्या है साइबरट्रक का खासियत

ये मस्क की कंपनी टेस्ला की बैटरी इलेक्ट्रिक पिक-अप ट्रक है। एक बार चार्ज करने पर यह 400 से 545 किलोमीटर जाती है। रेंज एक्सटेंडर लगा दिया जाए, तब इसकी रेंज बढ़कर 710 से 755 किलोमीटर तक हो जाती है। इसमें 123 किलोवॉटप्रतिघंटा लिथियन आयन बैटरियां लगी हैं। इसका व्हीलबेस 143.11 इंच हैं। यह ट्रक अधिकतम 180 से 210 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल सकती है। किसी भी तरह की जगह पर इसकी गति कम नहीं होती।

### एम2 ब्राउनिंग मशीन गन की ताकत

1993 से अब तक दुनिया के कई देशों में उपयोग हो रहा है। भारत में एम2एचबी वैरिएंट का उपयोग होता है। यानी एम2 हैवी बैरल का यूज किया जा रहा है। इसका वजन 38 किलोग्राम होता है। इसी मशीन गन का दूसरा वैरिएंट ब्राउनिंग एम1919 का उपयोग केजीएफ 2 फिल्म में किया गया है। एम2 ब्राउनिंग मशीन गन के बैरल की लंबाई 45 इंच है। इसमें .50 बीएमजी कार्टिरेज लगती है। जो 450 से 600 राउंड प्रति मिनट फायर करती है। गोली 890 मीटर प्रति सेकेंड की गति से दुश्मन की ओर बढ़ती है। इसकी रेंज बहुत खतरनाक है।

## लेबनान में पेजर ब्लास्ट से जुड़ा केरल का नाम यहां के एक दर्जी के बेटे ने लगाया था दिमाग




बेरुयत(ईएमएस)। लेबनान में हुए पेजर्स और वॉकी-टॉकी में धमाकों ने पूरी दुनिया का दिमाग हिला दिया है।कई एंगलों पर चल रही जांच में तरह तरह के कारण आ रहे हैं। लोग हैरान हैं कि आखिर इतना दिमाग लगाया किसने? इसके पीछे एक भारतीय का नाम भी सामने आ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिजबुल्लाह के पेजर डील में नॉर्टा ग्लोबल लिमिटेड नाम की एक बुलगेरियाई कंपनी शामिल थी। इस कंपनी की स्थापना नॉर्वे के नागरिक रिंसन होज़े ने की थी। बताया जाता है कि होज़े का जन्म केरल के वायनाड में हुआ था। वहां से एमबीए पूरा करने के बाद वह नॉर्वे चले गए थे। केरल के प्रमुख अखबार के अनुसार, रिंसन के पिता होज़े मुथेदम यहां मनांथावड़ी की दुकान में दर्जी का काम करते थे, उन्हें इलाके में 'टेलर होज़े' के नाम से जाना जाता है। ऐसे में यह जानना दिलचस्प है कि केरल के एक साधारण से परिवार में जन्मा रिंसन होज़े का नाम कैसे लेबनान के पेजर ब्लास्ट से जुड़ गया। दरअसल हिजबुल्लाह सदस्यों के हजारों पेजर फटने के बाद सबसे पहला ध्यान पेजर बनाने वाली कंपनी पर गया। इन पेजर्स पर ताइवानी कंपनी गोल्ड अपोलो का ब्रांड नाम था। हालांकि, गोल्ड अपोलो के संस्थापक और अध्यक्ष सू चिंग-कुआंग ने सफाई देते हुए कहा कि 'ये पेजर्स हमारे नहीं हैं। इस पर सिर्फ हमारा ब्रांड था'।नॉर्वेजियन नागरिक बन चुके रिंसन होजे ने 2022 में नॉर्टा ग्लोबल की स्थापना की थी। यह बुल्गारिया की राजधानी सोफिया के एक आवासीय पते पर स्थित था। हालांकि बल्गेरियाई सुरक्षा एजेंसी सांस की जांच में कहा गया है कि पेजर का कोई शिपमेंट उनके देश से नहीं गुजरा और इस तरह रिंसन होज़े और उनके नॉर्टा ग्लोबल को क्लीन चिट मिल गई। कुआंग ने इस पेजरों को हंगरी की एक कंपनी बीएसी कंसल्टिंग से जोड़ा। उन्होंने कहा कि वे पेजर बुडापेस्ट स्थित कंपनी ने बनाए थे, जिसका उनकी फर्म के साथ तीन साल का लाइसेंस समझौता था। हालांकि, हंगरी के मीडिया आउटलेट टेलेक्स ने सूत्रों के हवाले से बताया कि बीएसी कंसल्टिंग 'लेन-देन में बस एक बिचौलिया था'। टेलेक्स ने बताया कि बीएसी का कोई ऑफिस भी नहीं था और यह बस एक पते पर रजिस्टर्ड था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि बीएसी कंसल्टिंग इजरायल द्वारा स्थापित एक फर्जी फर्म हो। टेलेक्स ने बताया, 'बीएसी कंसल्टिंग की मैनेजिंग डायरेक्टर क्रिस्टियाना बार्सनी-आर्किडियाकोनो ने सोफिया स्थित एक बल्गेरियाई कंपनी, नॉर्टा ग्लोबल लिमिटेड के साथ सौदा किया।' बताया जाता है कि बुल्गारिया स्थित इस नॉर्टा ग्लोबल की स्थापना केरल के वायनाड में जन्मे रिंसन होज़े ने की थी ।

### यूएनएचआरसी में पाकिस्तान की जुल्कों की खुली पोल

जिनेवा (ईएमएस)। 'गिलगित-बाल्टिस्तान या पीओजीबी में लोगों की दुर्दशा बेहद परेशान करने वाली है। यह क्षेत्र गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन, प्रणालीगत उत्पीड़न और पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा गंभीर दमन से पीड़ित है। यह पाकिस्तान का एकमात्र शिया और इस्माइली बहुल प्रशासनिक क्षेत्र है, स्थानीय आबादी व्यापक भेदभाव और हाशिए पर है। जबरन गायब किए जाने, न्यायेतर हत्याओं और मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने की कई रिपोर्टें मिली हैं।बडगाम के कश्मीरी कार्यकर्ता जावेद बेग ने जिनेवा में यूएनएचआरसी के 57वें सत्र में गिलगित बाल्टिस्तान के लोगों पर पाकिस्तान के अत्याचारों को उजागर किया। पिछले सात दशकों में यह पहली बार था कि गिलगित बाल्टिस्तान के लोगों की दुर्दशा का मुद्दा कश्मीर के किसी भारतीय कार्यकर्ता ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर उठाया गया।उन्होंने यूएनएचआरसी के 57वें सत्र में आगे बताया कि अनुचित टैक्स और संसाधन दोहन के खिलाफ पीओजीबी में हाल ही में विरोध प्रदर्शनों में वृद्धि का सामना सुरक्षा बलों द्वारा क्रूर दमन से किया गया है। पाकिस्तानी शासन की प्रतिक्रिया असहमति को दबाना, कार्यकर्ताओं को चुप कराना और बुनियादी स्वतंत्रता को कम करना रही है, जो मानवाधिकारों के हनन के एक परेशान करने वाले पैटर्न को उजागर करती है। जावेद ने यूएनएचआरसी में गुहार लगाई कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को पीओजीबी में लोगों की पीड़ा को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इन मानवाधिकार उल्लंघनों में पाकिस्तानी राज्य की निष्क्रियता और सक्रिय भागीदारी तत्काल ध्यान देने की मांग करती है।

### रूस के दो लोगों ने अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने का रिकॉर्ड बनाया

मास्को (ईएमएस)। रूस के दो नागरिकों ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में सबसे लंबे समय तक लगातार रहने का रिकॉर्ड बनाया। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रॉसकॉस्मोस ने कहा कि ओलेग कोनोनेंको और निकोलाई चूब ने 370 दिन, 21 घंटे और 22 मिनट का पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, जो सितंबर 2023 में रूस के सर्गेई प्रोकोपीव और दमित्री पेटेलिन तथा अमेरिकी फ्रांसिस्को रुबियो द्वारा स्थापित किया गया था। चूब और कोनोनेंको के रिकॉर्ड में सोमवार को पृथ्वी पर लौटने से पहले कई दिन और जुड़ जाएंगे। कोनोनेंको (59) के नाम अंतरिक्ष में बिताए गए समय के अन्य रिकॉर्ड भी हैं। अगले सप्ताह कजाकिस्तान पहुंचने तक वे पांच अभियानों के दौरान 1,110 दिन अंतरिक्ष में बिता चुके होंगे।

### बाप रे बाप, इस देश में एक-दूसरे की बीवियों को चुराने की परंपरा

साहेल (ईएमएस)। दुनियाभर में कई ऐसी जनजातियां हैं, जिनके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। ये जनजातियां अपने आप में किसी रहस्य से कम नहीं हैं। इन समाज का अपना एक अलग ही कायदा और कानून होता है। किसी जनजाति में मर्दानगी साबित करने के लिए खतरनाक चीटिंयों से खुद कटवाना पड़ता है, तब किसी ट्राइब की महिलाएं शादी से पहले ही अपने पसंदीदा पुरुष से सुहागरात मना लेती हैं। ऐसी ही एक रहस्यमय जनजाति का नाम वोदाबे ट्राइब है, जो पश्चिमी अफ्रीका में रहती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस जनजाति के लोगों में एक-दूसरे की बीवियों को चुराने की अजीबोगरीब परंपरा है। लेकिन उसके पहले एक काम करना होता है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, वोडाबे ट्राइब के लोग बहुविवाही होते हैं और उनके विवाह दो प्रकार के होते हैं। पहली पारंपरिक रूप से आयोजित विवाह और दूसरी अपनी पसंद से की गई शादी। इस तरह पहली बार इस जनजाति में घर-परिवार के लोग मिलकर अपने बच्चों की पहली शादी करवाते हैं। लेकिन किसी कारणवश अगर कोई दूसरी शादी करना चाहता है, तब इसका तरीका थोड़ा अलग है। सामान्य तौर पर हमारे समाज में दूसरी शादी भी किसी पहचान वाली लड़की से करा दी जाती है, लेकिन इस जनजाति में ऐसा नहीं होता है। सिर्फ पहली शादी का जिम्मा ही घरवाले उठाते हैं, दूसरी शादी के लिए मर्दों को किसी दूसरे की बीवी को चुराना पड़ता है।

### अलगाववादियों ने न्यूज़ीलैंड के पायलट को किया रिहा

न्यूजीलैंड : अशांत पापुआ क्षेत्र में एक साल से अधिक समय से बंधक बनाए गए न्यूजीलैंड के पायलट को अलगाववादी विद्रोहियों से छोड़ दिया। इंडोनेशिया के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। बंधक बनाए पायलट की पहचान फिलिप मार्क्स मेहरटेंस के तौर पर की गई है, जो क्राइस्टचर्च के रहने वाले हैं। वह इंडोनेशिया एविएशन कंपनी सुसी एयर के लिए काम करते हैं। अलगाववादी विद्रोहियों ने शनिवार को फिलिप को कार्टेन्ज पीस टास्कफोर्स को सौंप दिया। बता दें कि कार्टेन्ज पीस टास्कफोर्स इंडोनेशिया की सुरक्षा बल है। टास्कफोर्स के प्रवक्ता बायु सुसेनो ने कहा, "वह हमें अच्छे स्वास्थ्य के साथ मिले। उन्हें स्वास्थ्य जांच के लिए तिमिका ले जाया गया है।" फ्री पापुआ मूवमेंट के एक क्षेत्रीय कमांडर एगियानस कोगोया के नेतृत्व वाली स्वतंत्रता सेनानियों ने पिछले साल सात फरवरी को फिलिप मेहरटेंस का अपहरण किया था। कोगोया ने पहले कहा कि जब तक इंडोनेशिया सरकार पापुआ को एक संप्रभु देश बनने की अनुमति नहीं देती, तब तक वे फिलिप को रिहा नहीं करेंगे। हालांकि, इस बीच वेस्ट पापुआ लिबरेशन आर्मी ने कहा था कि वे फिलिप को एक साल तक बंधक बनाने के बाद रिहा कर देंगे।

## पेजर, वॉकी-टॉकी अटैक से कांपा हिजबुल्लाह, बैकफुट पर आया

येरुशलम,(ईएमएस)। इस सप्ताह हिजबुल्लाह के सदस्यों के घरों और इलाकों में हजारों छोटे-छोटे विस्फोट हुए, जिनमें मंगलवार को पेजर और फिर बुधवार को वॉकी-टॉकी को निशाना बनाया गया। कुल मिलाकर, इन विस्फोटों में कम से कम 37 लोग मारे गए, जिनमें कुछ बच्चे भी शामिल थे, और लगभग 3000 लोग घायल हुए। अपनी शैली और पैमाने में भयावह इस हमले ने उस समूह को चौंका दिया, जिसने इजरायली घुसपैठ से बचने के लिए सेल फोन का इस्तेमाल बंद करने के बाद एनालॉग तकनीक का विकल्प चुना था। लेबनान में पेजर और वॉकी टॉकी अटैक के बाद पूरा देश हिल गया है। यहां तक कि इस हमले हिजबुल्लाह बैकफुट पर दिख रहा है। भले ही वह इजरायल को देख लेने की धमकी दे रहा हो लेकिन उसके चीफ नसरल्लाह हसन के भाषण के दौरान ऐसा कुछ दिखा नहीं। पहले जब नसरल्लाह भाषण देता था तो घंटों बोलता था। यहां तक कि उसे सुनने के लिए भीड़ जमा होती थी। लेकिन कल जब नसरल्लाह लाइव आया तो स्थिति ठीक इसके उलट थी।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हसन नसरल्लाह के टेलीविजन भाषण को देखने के लिए सार्वजनिक सभा में उच्च-स्तरीय पार्टी के अधिकारी और समर्थकों की अनुपस्थिति देखी गई। आमतौर पर नसरल्लाह के सार्वजनिक सभा में उच्च-स्तरीय पार्टी के अधिकारी और समर्थक शामिल होते हैं। माना यह जा रहा है कि नसरल्लाह का भाषण लाइव नहीं था, संभवतः भाषण पहले ही रिकॉर्डेड था।गुरुवार के भाषण को लाइव प्रसारण के रूप में पेश किया गया था, लेकिन श्रोताओं को लगभग 20 मिनट बाद संदेह करने का कारण मिल गया। जब इजरायल ने लेबनान की राजधानी पर बम गिराए और धमाके की एक नई लहर के साथ खिड़कियों को हिला दिया। पूरे शहर में दहाड़ गूंज उठी, फिर भी आतंकवादी नेता ने अपने भाषण के दौरान न तो कोई हिचकिचाहट दिखाई और न ही इस घटना का जिक्र किया। बता दें कि इस सप्ताह हिजबुल्लाह के सदस्यों के घरों और इलाकों में हजारों छोटे-छोटे विस्फोट हुए, जिनमें मंगलवार को पेजर और फिर बुधवार को वॉकी-टॉकी को निशाना बनाया गया। कुल मिलाकर, इन विस्फोटों में कम से कम 37 लोग मारे गए, जिनमें कुछ बच्चे भी शामिल थे, और लगभग 3000 लोग घायल हुए। अपनी शैली और पैमाने में भयावह इस हमले ने उस समूह को चौंका दिया, जिसने इजरायली घुसपैठ से बचने के लिए सेल फोन का इस्तेमाल बंद करने के बाद एनालॉग तकनीक का विकल्प चुना था।

### खाना खाने के वीडियो से महिला ने कमाए 6 करोड़



सिडनी (ईएमएस)। आस्ट्रेलिया की एक महिला ने ठूंस-ठूंस कर खाना खाने का वीडियो बनाकर करोडों रुपए कमा लिए। उनका काम इतना अलग है कि लोग सुनकर हैरान रह जाते हैं। 26 वर्षीय महिला ग्रेस वियर्स लेस ने एक अनोखे और विवादास्पद तरीके से 6 करोड़ रुपये की कमाई की है। ग्रेस एक सब्सक्रिप्शन बेस्ड प्लेटफॉर्म पर फीडरिज्म के तहत ठूंस-ठूंस कर खाना खाती हैं, जिसे अनजान लोग देखना पसंद करते हैं और इसके लिए उन्हें मोटी रकम देते हैं। ग्रेस के वीडियो और तस्वीरें, जिनमें वह अलग-अलग तरीके से खाना खाती हैं, दुनियाभर में लोगों के बीच काफी चर्चित हैं। ग्रेस ने इस यात्रा की शुरुआत ओनलीफैंस पर अपनी प्राइवेट तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करके की थी। इसके बाद उन्होंने फीडरिज्म की ओर कदम बढ़ाया, जिसमें लोग किसी व्यक्ति को खाने के कामुक अंदाज में भोजन करते हुए देखते हैं। इस प्रकार के कंटेंट से ग्रेस को बहुत बड़ी कमाई हुई है। उन्होंने बताया कि यह वीडियो बनाना उनके लिए आनंददायक है और उनके फैंस उन्हें खाने के अलग-अलग अंदाज में देखना पसंद करते हैं। फीडरिज्म की अवधारणा नई नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में इस पर अधिक चर्चा होने लगी है।ग्रेस के मुताबिक, कई लोग उन्हें पास्ता या नूडल्स खाते हुए देखना पसंद करते हैं और इस दौरान वे उनसे अजीबोगरीब अनुरोध भी करते हैं। उदाहरण के लिए, एक बार उनसे टमाटर स्पेगेटी खाते समय अपनी नाभि को सहलाने की मांग की गई। इसके अलावा, कामुक अंदाज में खाने, चबाने और निगलने जैसी ध्वनियों की भी डिमांड की जाती है। हालांकि, ग्रेस का वजन अधिक नहीं है, क्योंकि वह अपने शरीर को मेंटेन रखने के लिए जिम में कड़ी मेहनत करती हैं। उनका कहना है कि खाने के वीडियो बनाकर मोटी रकम कमाना उनके लिए एक सपने जैसा काम है।

# ऋषभ पंत की टेस्ट में शानदार वापसी, तोड़ा महेंद्र सिंह धोनी का रिकॉर्ड

### भारत ने बांग्लादेश को दिया 515 रनों का लक्ष्य



नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय विकेटकीपर एवं बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 634 दिनों बाद टेस्ट क्रिकेट में धमाकेदार वापसी करते हुए अपने बल्ले से बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में जोरदार प्रदर्शन किया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में पंत ने न केवल अपनी लय वापस पाई बल्कि महेंद्र सिंह धोनी का एक बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। मैच की पहली पारी में पंत ने 39 रन बनाए, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 124 गेंदों पर 11 चौके और 4 छक्कों की मदद से शानदार शतक जड़ा।

यह पंत का छठा टेस्ट शतक था, जिसने उन्हें भारतीय विकेटकीपरों में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक बनाने के मामले में धोनी के साथ खड़ा कर दिया। धोनी ने अपने करियर में 90 टेस्ट मैचों में 6 शतक बनाए थे, जबकि पंत ने केवल 34 टेस्ट मैचों में ही यह मुकाम हासिल कर लिया। इसके साथ ही पंत भारतीय विकेटकीपरों में सबसे अधिक बार 90 प्लस रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 12 बार 90 से अधिक रन बनाए हैं, जबकि धोनी ने 11 बार यह उपलब्धि हासिल की थी।

पंत ने सिर्फ धोनी का रिकॉर्ड ही नहीं तोड़ा, बल्कि शिखर धवन का भी एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने धवन को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में 32वां स्थान हासिल किया। पंत ने अब तक 34 टेस्ट मैचों की 60 पारियों में 2400 से अधिक रन बनाए हैं, जिनमें 6 शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं। धवन अब 33वें स्थान पर हैं।

पंत और शुभमन गिल (119 नाबाद) के बीच 167 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की बदौलत भारत ने अपनी दूसरी पारी में 287 रन बनाकर बांग्लादेश के सामने 515 रनों का विशाल लक्ष्य रखा है। गिल और पंत की शानदार बल्लेबाजी के चलते भारत ने तीसरे दिन भोजनावकाश के बाद चार विकेट पर अपनी पारी घोषित की। भारत ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाए थे, जबकि बांग्लादेश की टीम पहली पारी में केवल 149 रनों पर ढेर हो गई थी। भारत ने पहली पारी के आधार पर 227 रनों की बढ़त हासिल की थी और दूसरी पारी में 287 रन जोड़कर मेहमान टीम को एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। भारत ने मजबूत बढ़त बनाते हुए मैच को पूरी तरह से अपने पक्ष में कर लिया है।

# तीसरे दिन का खेल खत्म, 515 रन स्कोर के नीचे दबी बांग्लादेश की टीम






नई दिल्ली (ईएमएस)। ओपनर शुभमन गिल और विकेटकीपर ऋषभ पंत के शानदार शतक के बदौलत भारतीय टीम ने चेन्नई टेस्ट मैच में जीत की ओर बढ़ गई है। भारत ने बांग्लादेश को 515 रन का टारगेट दिया है। मेहमान टीम इस पहाड़नुमा लक्ष्य के सामने दबती दिख रही है। टीम ने दूसरी पारी में 158 रन पर 4 विकेट गंवा दिए हैं। बांग्लादेश को जीत के लिए अभी 357 रन दरकार हैं। तीसरे दिन का खेल खराब रोशनी की वजह से जल्दी खत्म किया गया। आर अश्विन ने दूसरी पारी में बांग्लादेश की पारी को हिला दिया। उन्होंने 3 विकेट और जसप्रीत बुमराह ने एक विकेट लेकर मेहमान टीम के सामने हार का संकट पैदा कर दिया। टीम इंडिया को चौथे दिन बड़ी जीत मिल सकती है। इस जीत में सुबह का सेशन अहम रहेगा। भारतीय गेंदबाज पहले सेशन में बांग्लादेश के 6 विकेट लेकर जीत हासिल करना चाहेंगे। बांग्लादेश की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी हुई। उसके ओपनर्स ने पहले विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की। लेकिन तभी साझेदारी को जसप्रीत बुमराह ने तोड़ा। बुमराह ने जाकिर हसन को 33 के निजी स्कोर पर यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई। जाकिर 33 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अश्विन ने दूसरे ओपनर शादमान इस्लाम को 35 के स्कोर पर और मोमिनुल हक को अश्विन ने 13 रन पर बोल्ड कर दिया। मुशफिकुर रहीम भी 13 रन बनाकर आउट हुए।

इसके पहले, भारत ने तीसरे दिन के खेल की शुरुआत 3 विकेट पर 81 रन से आगे खेलना शुरू किया। शुभमन गिल और ऋषभ पंत संभलकर शुरुआत की। दोनों ने अपने अपने शतक पूरे किए। गिल 176 गेंदों पर 10 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 119 रन बनाकर नाबाद लौटे। वहीं पंत 128 गेंदों पर 109 रन बनाकर आउट हुए। पंत ने 13 चौके और 4 छक्के जड़े। केएल राहुल 19 गेंदों पर 22 रन बनाकर नाबाद लौटे। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने 2 विकेट लिए।

पंत ने टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ा। पंत ने पिछला टेस्ट बांग्लादेश के खिलाफ ही 2022 में खेला था। उन्होंने तब मीरपुर टेस्ट में 93 रन की पारी खेली थी और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं गिल 2024 में भारत की ओर से टेस्ट में सर्वाधिक सेंचुरी जड़ने वाले बल्लेबाज बने हैं। गिल ने इस साल 7 टेस्ट में तीन शतक जड़ दिए हैं। केएल राहुल ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 8000 रन भी पूरे किए। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप इतिहास में गिल का यह पांचवां शतक है।

# जसप्रीत बुमराह के 400 इंटरनेशनल विकेट पूरे, छठे भारतीय गेंदबाज



मुंबई (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई में हुए पहले टेस्ट के दूसरे दिन जसप्रीत बुमराह ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। बुमराह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी प्रारूपों में 400 विकेट पूरे करने वाले केवल 10वें भारतीय गेंदबाज और देश के छठे तेज गेंदबाज बने। उन्होंने 400वां विकेट बांग्लादेश के हसन महमूद लिया। बुमराह ने पहली पारी में 50 रन देकर 4 विकेट लिए। उन्होंने शादमान, मुशफिकुर रहीम, हसन महमूद और तस्कीन अहमद को पवेलियन की राह दिखाई।

### अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बुमराह

162 टेस्ट विकेट, 149 वनडे विकेट और 89 टी20ई विकेट

बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी 227वीं पारी में 400वां विकेट लिया। ऐसा करके बुमराह ने कपिल देव, जहीर खान, ईशांत शर्मा और मोहम्मद शमी की नवीनतम लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट, अनिल कुंबले- 499 पारियों में 953 विकेट, रविचंद्रन अश्विन - 369 पारियों में 744 विकेट, हरभजन सिंह - 442 पारियों में 707 विकेट, कपिल देव- 448 पारियों में 687 विकेट, जहीर खान- 373 पारियों में 597 विकेट, रवीन्द्र जड़ेजा - 397 पारियों में 570 विकेट, जवागल श्रीनाथ - 348 पारियों में 551 विकेट मोहम्मद शमी - 188 मैचों में 448 विकेट, ईशांत शर्मा - 280 पारियों में 434 विकेट, जसप्रीत बुमराह -227 पारियों में 400* विकेट ।

बुमराह ने साल 2018 में टेस्ट डैब्यू किया था। वह तीनों फार्मेट में चैंपियन गेंदबाज हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में एंट्री के बाद से ही टीम इंडिया में उनके राह खुले। बुमराह भारत के लिए टेस्ट फार्मेट में हैट्रिक भी ले चुके हैं।

# बांग्लादेश के टेस्ट मैच खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने शाकिब अल हसन

चेन्नई (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला रोमांचक होता दिख रहा है। दोनों टीमों के गेंदबाजों को पिच से खूब मदद मिल रही है, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने दम दिखाकर मैच में पकड़ मजबूत रखी। इस बीच शाकिब अल हसन के नाम एक खास रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। शनिवार को बांग्लादेश क्रिकेट इतिहास में अनुभवी ऑलराउंडर हसन ने अपना नाम दर्ज करा लिया। वह टेस्ट मैच खेलने वाले अपने देश के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। 37 वर्ष और 181 दिन की उम्र में शाकिब चेन्नई में भारत के खिलाफ बांग्लादेश के पहले टेस्ट के तीसरे दिन मैदान पर उतरे और उन्होंने स्पिनर मोहम्मद रफीक का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2008 में आखिरी बार 37 वर्ष और 180 दिन की उम्र में टेस्ट मैच खेला था। एक दशक से भी ज्यादा समय से बांग्लादेश क्रिकेट में अहम भूमिका निभा रहे शाकिब ने इस नई उपलब्धि के साथ अपने शानदार करियर को और भी आगे बढ़ाया है। खेल के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माने जाने वाले शाकिब काफी समय से खेल रहे हैं और टीम के लिए उनके योगदान ने क्रिकेट जगत पर बड़ी छाप छोड़ी है। शाकिब की उपलब्धि महत्वपूर्ण है, सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर का विश्व रिकॉर्ड इंग्लैंड के विल्फ्रेड रोड्स के नाम है, जिन्होंने 1930 में 52 वर्ष और 165 दिन की उम्र में अपना अंतिम टेस्ट खेला था। रोड्स का रिकॉर्ड, साथ ही उनका उल्लेखनीय 30 साल का टेस्ट करियर, क्रिकेट की सबसे लंबे समय तक चलने वाली उपलब्धियों में से एक है।हालांकि, मैदान पर बांग्लादेश ने खुद को एक मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ मुश्किल स्थिति में पाया। शुभमन गिल ने तीसरे दिन अपना सातवां टेस्ट अर्धशतक बनाया और ऋषभ पंत अपने 12वें अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे, जिससे भारत एक मजबूत स्थिति में है।

# एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए हरमनप्रीत सिंह नॉमिनेट



नई दिल्ली (ईएमएस)। एफआईएच हॉकी प्रो लीग और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए चुना गया है। 28 वर्षीय डिफेंडर ने इससे पहले 2020-21 और 2021-22 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता था। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए फिर से चुना जाना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों में शामिल होने पर मैं बहुत खुश हूं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि यह मेरी टीम के समर्थन के बिना संभव नहीं हो पाता। एफआईएच हॉकी प्रो लीग और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में मैंने जितने भी गोल किए हैं, वे सब टीम की बदौलत ही संभव हो पाए हैं।हरमनप्रीत को 2024 में आयोजित सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों को ध्यान में रखने के बाद थियरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैक वालेस (इंग्लैंड) के साथ नामित किया गया है। हॉकी के कैप्टन कूल ने अपने शानदार डिफेंस और पेनल्टी कॉर्नर से बेहतरीन गोल करने की क्षमता के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 में कांस्य पदक जिताया। उन्होंने ओलंपिक में आठ मैचों में 10 गोल किए, इसमें सात गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए , जबकि बाकी तीन गोल पेनल्टी स्ट्रोक से आए।उन्होंने कहा, पेरिस 2024 ओलंपिक न केवल साल 2024 का सबसे शानदार टूर्नामेंट था, बल्कि मेरे अब तक के पूरे करियर का सबसे शानदार सफर था। टीम ने हमेशा मेरा साथ दिया है, खासकर पिछले साल विश्व कप के दौरान, जब मैं पेनल्टी कॉर्नर से गोल नहीं कर सका था। लेकिन टीम ने मुझे किसी भी तरह से खुद को दोषी नहीं मानने दिया जबकि उन्होंने ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करने और पदक जीतने के लिए समर्थन दिया। मेरे दिमाग में हमेशा यह बात रही कि मुझे टीम द्वारा मुझ पर रखे गए भरोसे पर खरा उतरना है।ओलंपिक खेलों के बाद छोटे ब्रेक से लौटने के बाद, हरमनप्रीत ने चीन के मोकी में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 पर अपनी नजरें टिकाईं। टीम की अगुवाई करते हुए उन्होंने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए, जिसमें भारत ने चीन में अपना खिताब बरकरार रखा।

# एम्मा राडुकानू पैर की चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से रिटायर

सोल (ईएमएस)। ब्रिटिश टेनिस स्टार एम्मा राडुकानू को लगातार पैर की चोट के कारण शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की डारिया कसात्किना के खिलाफ कोरिया ओपन के क्वार्टर फाइनल से हटने का फैसला किया है। 21 वर्षीय खिलाड़ी, जिसने यू युआन के खिलाफ अपने पिछले मैच में एम्मा के साथ असुविधा के लक्षण दिखाए थे, विश्व नंबर 13 के खिलाफ शुरू से ही संघर्ष करती रही। पहले सेट के पांचवें गेम के बाद एम्म को मेडिकल टाइमआउट की आवश्यकता थी, लेकिन खेल जारी रखने के प्रयासों के बावजूद उन्होंने शुरुआती सेट 6-1 से हारने के बाद अंततः रिटायर होने का फैसला कर लिया। चोट से उबरना बहुत मुश्किल साबित हुआ, जिससे सोल में उनका अभियान छोटा हो गया। अपने आखिरी मैच में राडुकानू ने चीन की यू युआन पर सीधे सेटों में जीत हासिल की। दुनिया में 70वें स्थान पर काबिज ब्रिटिश खिलाड़ी ने लगातार छह गेम जीतकर पहला सेट अपने नाम कर दूसरे पर कब्ज़ा कर लिया। उसने अंततः अपने सातवें मैच प्वाइंट को बदलकर 6-4, 6-3 से जीत हासिल की और सोल में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली कसात्किना का सामना हमवतन डायना श्नाइडर या यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक से होगा।

# एआईसीएफ ने शतरंज ओलंपियाड ट्रॉफी के गायब होने पर दर्ज की शिकायत




चेन्नई (ईएमएस)। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने शतरंज ओलंपियाड ट्रॉफी के गायब होने की घटना के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज करवा दी है। यह ट्रॉफी भारतीय पुरुष टीम द्वारा पिछले चरण में जीती गई थी। गायब ट्रॉफी के चलते एआईसीएफ को एक प्रतिकृति बनवानी पड़ी और उन्हें माफी भी मांगनी पड़ी।इस घटना के समय भारतीय पुरुष टीम बुडापेस्ट में हो रहे ओलंपियाड के 45वें संस्करण में स्वर्ण पदक जीतने के करीब है। एआईसीएफ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार रायजादा ने बताया कि 'गैप्रिंडाशविली ट्रॉफी' जो ओपन और महिला डिविजन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम को दी जाती है, एक माह से अधिक समय से गायब है। यह तब हुआ जब अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने ट्रॉफी बुडापेस्ट लाने का अनुरोध किया। रायजादा ने कहा, फिडे से ट्रॉफी लाने का अनुरोध मिलने के बाद, हम 30 दिनों से अधिक समय तक इसका पता नहीं लगा सके। इसके बाद हमारे द्वारा आधिकारिक पुलिस शिकायत दर्ज की है।एआईसीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम ना बताने की शर्त पर कहा कि फिडे के अनुरोध के बाद उन्होंने ट्रॉफी को हर जगह खोजने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। अधिकारी ने कहा, यह वास्तव में शर्मनाक स्थिति है और इस मामले में पूरी जिम्मेदारी की आवश्यकता है। हालांकि, एआईसीएफ ने एक प्रतिस्थापन ट्रॉफी का ऑर्डर दिया है, जो मूल ट्रॉफी जितनी विशेष नहीं होगी, लेकिन फिर भी इस मूल ट्रॉफी के समान बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने इस गड़बड़ी के लिए खेद व्यक्त किया।

# सरनदीप सिंह बने दिल्ली की सीनियर टीम के नए मुख्य कोच

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर सरनदीप सिंह को आगामी घरेलू सत्र के लिए दिल्ली की सीनियर क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच बनाया गया है। उनकी नियुक्ति दिल्ली की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने की है। उनके सहायक कोचों में गेंदबाजी वी अरविंद और बल्लेबाजी कोच बंटू सिंह को बनाया गया है। जो पिछले साल से इस पद पर कार्यरत हैं।

दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) द्वारा बने नए ढांचे के तहत, सीनियर पुरुष टीम के पास सफेद गेंद क्रिकेट के लिए अतुल वासन और लाल गेंद के लिए रॉबिन सिंह जूनियर के रूप में दो मेंटोर है। महिला टीम की मेंटोर की जिम्मेदारी रीमा मल्होत्रा को मिली है। पिछले कोच देवांग गांधी निजी कारणों से इस सत्र में उपलब्ध नहीं होने के कारण कोच के पद के लिए आवेदन नहीं किया है।सरणदीप (44 वर्ष) ने 2000 से 2003 के बीच भारत के लिए तीन टेस्ट और पांच वनडे मैच खेले हैं। इसके अलावा, सरणदीप पूर्व भारतीय विकेटकीपर एमएसके प्रसाद के अंतर्गत उत्तर क्षेत्र से राष्ट्रीय चयनकर्ता रहे हैं।

# जायसवाल ने एक और रिकॉर्ड तोड़ा, गावस्कर से आगे निकले



नई दिल्ली (ईएमएस)। टेस्ट क्रिकेट में धमाका करने वाले यशस्वी जायसवाल ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया है। उन्होंने 10 टेस्ट के बाद सबसे अधिक रन बनाने के मामले में ऑस्ट्रेलिया के मार्क टेलर को पछाड दिया है। अब यशस्वी रिकॉर्ड की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया के सर डॉन ब्रैडमैन पहले नंबर पर है।जायसवाल ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 10 रन बनाए। उन्होंने पहली पारी में 56 रन की शानदार पारी खेली थी। इस तरह यशस्वी ने मैच में कुल 66 रन बनाए। यह जायसवाल का 10वां टेस्ट है। उन्होंने 10 टेस्ट मैचों में 64.35 की औसत से 1094 रन बनाए हैं। 147 साल के टेस्ट इतिहास में सिर्फ तीन बल्लेबाज हैं, जिन्होंने पहले 10 टेस्ट के बाद जायसवाल से ज्यादा रन बनाए हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमैन पहले 10 टेस्ट के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में पहले नंबर पर हैं। ब्रैडमैन ने 10 टेस्ट के बाद 1446 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के एवर्टन वीक्स (1125) दूसरे और जॉर्ज हैडली (1102) तीसरे नंबर पर हैं। चौथे नंबर पर यशस्वी हैं और पांचवें नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के मार्क टेलर हैं। मार्क टेलर ने 10 मैच के बाद 1088 रन बनाए थे। भारतीय बल्लेबाज जायसवाल के बाद 10 टेस्ट में सबसे अधिक रन सुनील गावस्कर के हैं। साल 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू करने वाले गावस्कर ने 10 टेस्ट के बाद 978 रन बनाए थे।

# विराट कोहली का स्पिनर्स के खिलाफ संघर्ष जारी, बांग्लादेश टेस्ट में खराब प्रदर्शन



चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एक बार फिर एशियाई पिचों पर स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करते नजर आए। बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में पहले टेस्ट मैच कि दोनों पारियों में कोहली स्पिन गेंदबाजों के सामने जूझतें नहीं आए। कोहली ने पहली पारी में 6 और दूसरी पारी में 17 रन बनाकर एक बार फिर अपनी कमजोरियों को उजागर किया। पहली पारी में, कोहली को हसन महमूद की ऑफ-स्टंप डिलीवरी पर आउट होना पड़ा, जबकि दूसरी पारी में वह मेहदी हसन मिराज के खिलाफ पगबाधा आउट हुए। अल्ट्राएज के अनुसार, वह गेंद पहले बल्ले का किनारा लेकर गई थी, और यदि उन्होंने डीआरएस (डीसिजन रिव्यू सिस्टम) लिया होता, तो वह बच सकते थे। लेकिन कोहली ने ऐसा नहीं किया, जिससे एशिया में स्पिनरों के खिलाफ उनकी खराब फॉर्म का सिलसिला जारी रहा। 2021 से टेस्ट फॉर्मेट में स्पिनरों के खिलाफ कोहली ने 1094 गेंदों का सामना करते हुए सिर्फ 499 रन बनाए हैं, जिसमें 18 बार आउट होने का सामना करना पड़ा। उनका औसत 27.72 और स्ट्राइक रेट 45.61 रहा है। इस वर्ष, सभी प्रारूपों में उनका प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा है। 2024 में, उन्होंने 15 मैचों की 17 पारियों में केवल 319 रन बनाए हैं, जिसमें औसत 18.76 है और सिर्फ एक अर्धशतक शामिल है। कोहली के टेस्ट फॉर्म का औसत इस समय आठ साल के निचले स्तर पर है। 114 टेस्ट मैचों में, उन्होंने 193 पारियों में 48.74 की औसत से 8,871 रन बनाए हैं, जिसमें 29 शतक और 30 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका आखिरी औसत इससे कम नवंबर 2016 में था।

विराट कोहली का 2020 से अब तक का दौर भी खराब रहा है। 30 टेस्ट मैचों में 52 पारियों में, उन्होंने केवल 2 शतक और 8 अर्द्धशतक के साथ 32.72 की औसत से 1,669 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 186 है। 2023-25 आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में, कोहली ने 5 टेस्ट की 8 पारियों में 49.00 की औसत से 392 रन बनाए हैं, जिसमें 1 शतक और 2 अर्द्धशतक शामिल हैं। भारतीय टीम न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी आगामी श्रृंखला में कोहली की फॉर्म में सुधार की उम्मीद कर रही है, जिससे उन्हें एक बार फिर अपने पुराने रंग में लौटने का मौका मिलेगा।



ब्राजील और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच काहिरा, मिस्र में तीसरे आईडब्ल्यूएफ व्हीलचेयर हैंडबॉल विश्व चैम्पियनशिप 2024 सेमीफाइनल के दौरान प्रतिस्पर्धा करते संयुक्त राज्य अमेरिका के चेस वुल्फ (बीच में)।

# 400 सौ क्लब में शामिल हुए बुमराह, बीसीसीआई सचिव शाह ने दी बधाई





नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में 400 अंतर्राष्ट्रीय विकेट पूरे करने पर बधाई दी। बुमराह ने चाय के ब्रेक से ठीक पहले अपना 400वां विकेट हसन महमूद को आउट करके पूरा किया। बुमराह 400 विकेट लेने वाले भारत के 10वें गेंदबाज और छठे तेज गेंदबाज बने हैं। बुमराह से पहले कपिल देव, जवागल श्रीनाथ, जहीर खान, ईशांत शर्मा और मोहम्मद शमी ये उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। बीसीसीआई सचिव शाह ने एक्स पर लिखा, बुमराह ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 400 विकेट पूरे कर एक और कीर्तिमान बनाया है। आपकी शानदार यॉर्कर और मैच जिताने वाली गेंदबाजी ने हमेशा टीम को प्रभावित किया है। इस मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए बधाई, जसप्रीत! आगे और भी विकेटों की उम्मीद है। चेन्नई में 4 विकेट लेने के बाद बुमराह के अंतर्राष्ट्रीय करियर में अब कुल 401 विकेट हो गए हैं। उन्होंने 196 मैचों में 21.01 की औसत से ये विकेट हासिल किए हैं, इसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6 विकेट पर 19 रन है। 37 टेस्ट मैचों में बुमराह ने 20.49 की औसत से 163 विकेट लिए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6 विकेट पर 27 रन रहा है। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम 10 बार पांच विकेट भी हैं।

30 साल के बुमराह ने वनडे मैचों में 149 विकेट 23.55 की औसत से लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6 विकेट पर 19 रन है। वनडे में भी उनके नाम दो बार पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड है। 70 टी20 मैचों में उन्होंने 17.74 की औसत से 89 विकेट लिए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3 विकेट पर 7 रन रहा है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज अनिल कुंबले (953 विकेट), रविचंद्रन अश्विन (744 विकेट), और हरभजन सिंह (707 विकेट) हैं।

# इस्पात मंत्रालय ने सेल के साथ मिलकर 'स्वच्छता ही सेवा' 2024 अभियान के तहत 'स्वच्छता दौड़' का किया आयोजन



नई दिल्ली। इस्पात मंत्रालय ने देश की महारत्न सार्वजनिक उपक्रम कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के साथ मिलकर आज 21.09.2024 को नई दिल्ली के नेहरू पार्क में 'स्वच्छता दौड़' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व इस्पात सचिव श्री संदीप पौंड्रिक ने किया। सेल अध्यक्ष श्री अमरेंदु प्रकाश, इस्पात मंत्रालय और सेल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में कार्मिकों ने इस दौड़ में भाग लिया। सेल 'स्वच्छता ही सेवा' 2024 अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2024 तक अपने संयंत्रों और इकाइयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। 'स्वच्छता दौड़' इस्पात मंत्रालय और सेल द्वारा स्वच्छता और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए पहलों में से एक है।

# निदेशक प्रभारी ने ब्लास्ट फर्नेस विभाग में सुरक्षा पहलुओं का लिया जायजा





बोकारो। बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बी के तिवारी ने आज दिनाँक 21 सितम्बर को संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में सेफ्टी वॉक कर सुरक्षा पहलुओं का जायज़ा लिया. इस दौरान उनके साथ अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) श्री एल दास, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा) श्री बी के सरतापे, मुख्य महा प्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) श्री एम पी सिंह, महाप्रबंधक (सुरक्षा) श्री आनंद रौतेला सहित ब्लास्ट फर्नेस के वरीय अधिकारी उपस्थित थे. निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सेफ्टी वॉक के दौरान ब्लास्ट फर्नेस विभाग के अधिकारियों से सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा की, साथ ही उन्हें पीपीई के इस्तेमाल और सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया. निदेशक प्रभारी ने शॉप फ्लोर में बेहतर हाउस कीपिंग पर भी बल दिया तथा सुरक्षा पहलुओं को और पुख्ता बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

# बीएसएल में स्वच्छता दौड़ का आयोजन






बोकारो। बीएसएल में जारी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 21सितंबर को पूर्वाहन गांधी चौक से इस्पात भवन तक स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया. स्वच्छ भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने तथा स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता के उद्देश्य से इस दौड़ का आयोजन किया गया. स्वच्छता दौड़ को बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बीरेन्द्र कुमार तिवारी ने फ्लैग-ऑफ किया. दौड़ के आरंभ होने से पहले उन्होंने सभी को स्वच्छता शपथ भी दिलाई. स्वच्छता दौड़ में श्री तिवारी के साथ अधिशासी निदेशक (परियोजना एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (माइंस) श्री जयदीप दासगुप्ता, बीजीएच केप्रमुख डॉ बी बी करुणामय, बीएसएल के मुख्य महाप्रबन्धक एवं वरीय अधिकारी सहित सीआईएसएफ के जवान, सेल फुटबॉल अकादमी के कैडेट्स, डीएवी-इस्पात विद्यालय तथा बीजीएच के नर्सिंग स्कूल की छात्राएँ इत्यादि शामिल हुए.

# महाप्रबंधक, छत्रसाल सिंह ने किया पीआरएस डाटाबेस केंद्र का शुभारंभ



धनबाद, (हाजीपुर), पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक, छत्रसाल सिंह द्वारा आज 21.09.2024 को पटना में यात्री आरक्षण प्रणाली डाटाबेस केंद्र (पीआरएस डाटाबेस केंद्र) का शुभारंभ किया गया।यात्री आरक्षण प्रणाली, पीआरएस से संबंधित सभी ऑनलाइन गतिविधियाँ, जो अब तक कोलकाता स्थित डाटाबेस में की जाती थीं, उन्हें अब पटना में किया जाएगा। इससे कोलकाता डाटाबेस पर पूर्व मध्य रेल की निर्भरता नहीं रहेगी। इसके प्रारंभ हो जाने से नियत समय पर ट्रेनों की चार्टिंग, ट्रेनों के कोचों में किसी तरह के बदलाव, गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन सहित रेल परिचालन से जुड़ी समस्त जानकारी अब अद्यतन रूप से उपलब्ध होगी। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक, अमरेन्द्र कुमार, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, जयंत कुमार चौधरी तथा दानापुर मंडल एवं मुख्यालय के वरिष्ठ उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार, आर एन चौरसिया को सरस्वती चन्द्र, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने दी।

# भाजपा द्वारा परिवर्तन यात्रा रथ को लेकर राजगंज में आयोजित की बैठक



राजगंज, (धनबाद),शनिवार को राजगंज राम जानकी ठाकुरबारी मंदिर परिसर में 23। 9।2024 को परिवर्तन यात्रा रथ जो बढ़ाकर नदी से लेकर गोविंदपुर तक पहुंचेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता राजगंज मंडल अध्यक्ष, रणजीत सिंह ने किया। संचालन, महामंत्री संजीत सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से टुंडी विधानसभा चुनाव प्रभारी, सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश कुमार राही उपस्थित हुए। बैठक में राजगंज मंडल से परिवर्तन यात्रा में भारी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेकर नदी पहुंचेंगे। जहां सभी शक्ति केंद्र में बैठक कर बूथ सत्यापन करना, हर बूथ का व्हाट्स ऐप ग्रुप बनाना है। हर बूथ का जातीय समीकरण का आंकड़ा निकालना। 29। 9।2024 को प्रधानमंत्री की मन की बात को सभी बूथ में बूथ कमेटी के साथ कार्यक्रम करना। विधानसभा चुनाव में हर बूथ में कमल फूल खिलाकर भाजपा को जितना है। इसी को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन रमेश महतो ने किया। बैठक में टुंडी विधानसभा के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी विक्रम पांडेय, रामप्रसाद महतो,नीलकंठ रवानी, शिव प्रसाद वर्मा, गीता बेसरा, राजू रजक, सुरेश किस्कू, गौतम साव, अमरेश कुमार, झरी महतो, आर के चौधरी, सुबोध सिंह, संजय निषाद, अजय साहनी, पप्पू साव, राजेंद्र महतो, लखी चंद्र रजवार, विश्वनाथ रवानी, नेपाल महतो, अशोक कुमार, अशोक झा, मनोज सिंह, हराधन रवानी, सुधीर महतो, संजय कुमार चौधरी, डब्लू सिंह, सपन पंडित, सुनील कुमार साव, सतनारायण कुम्हार, मसूदन मंडल, गणेश रवानी, प्रेम सोरेन, कामेश्वर प्रसाद महतो, इनके अलावे अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# "फ्लैट स्टील उत्पादों की प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी में प्रगति" विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न









बोकारो। बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में बोकारो स्टील प्लांट तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स, बोकारो चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय "फ्लैट स्टील उत्पादों की प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी में प्रगति" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ए पी टी -एफ एस 2024 का समापन 21 सितम्बर को हुआ. दो दिनों के सम्मलेन में देश-विदेश से जुटे एक सौ से अधिक एक्सपर्ट्स, शोधकर्ताओं और अभियंताओं ने फ्लैट स्टील उत्पादों की नवीनतम प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी पर तीस से अधिक तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए और जानकारी का आदान-प्रदान किया. सम्मलेन के दूसरे दिन हॉट फॉर्मिंग अनुप्रयोग के लिए एडवांस्ड हॉट रोल्ड स्टील शीट का उत्पादन, हॉट रोलिंग के दौरान माइक्रो स्ट्रक्चर एवं मैकेनिकल प्रॉपर्टीज़ का प्रेडिक्शन, एज स्लाइवर डिफेक्ट का निवारण, डबल एज डिफेक्ट का निवारण, पप कोइल जेनेरशन में रिडक्शन, हाई स्ट्रेंथ स्टील की गल्वेनाइज़िंग तथा गल्वाअनिलिंग में प्री-कोट की भूमिका, रोलिंग आयल डेवलपमेंट सहित अन्य तकनीकी विषयों पर पेपर प्रस्तुत किए गए. इस्पात की भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सम्मेलन में उद्योग और रिसर्च संस्थाओं द्वारा फ्लैट स्टील उत्पादों की प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी एक-दूसरे से साझा की गई. सम्मेलन के समापन सत्र में बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बी के तिवारी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स मुख्यालय ,कोलकाता के सेक्रेटरी जेनरल ब्रिगेडियर अरुण गांगुली, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद,अधिशासी मिदेशक (माइंस) श्री जयदीप दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (क्वालिटी) श्री मनोहर लाल सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे.

# दुमका में स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त ढंग से संपन्न हुई पहले दिन की झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा

दुमका : झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 को लेकर उपायुक्त दुमका आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आज 21 सितंबर को झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के लिए जिले में 30 परीक्षा केन्द्रों में 3 पालियों में परीक्षा का आयोजन किया गया। आज के परीक्षा में कुल 9396 अभ्यर्थी आवंटित थे, जिसमें कुल 4419 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। 4977 अभ्यर्थी इस परीक्षा में अनुपस्थित थे। परीक्षा के सुचारुरूप से आयोजन हेतु कुल 783 वीक्षकों, 18 पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट-कम-उड़नदस्ता, 30 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 40 सेन्टर ऑब्जर्बर, पेट्रोलिंग पुलिस 1/3 सशस्त्र बल 18 टीम, पेट्रोलिंग पुलिस ऑफिसर 1/3 सशस्त्र बल, 02 लाठी बल, 02 लाठी बल 30 टीम लगाये गये थे।

# ऑटो चालकों के बीच आई कार्ड का वितरण किया गया : दिनेश सोनी




रांची। 21 सितंबर 2024 को झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह प्रदेश संगठन मंत्री आनंद वर्मा एवं प्रदेश कार्यकारी सदस्य एवं रांची स्टेशन मार्ग अध्यक्ष भोला सिंह के देखरेख में ओरमांझी बूटीमोड़ कोकर कांटाटोली परिचालन करने वाले सीएनजी ऑटो चालक मालिकों को झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ का आई कार्ड का वितरण सभी चालकों को महासंघ के पदाधिकारी द्वारा पहनाया गया और महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने रांची शहर में परिचालन करने वाले सभी ऑटो चालक मालिक को से अपील किया है कि रांची शहर में परिचालन करने वाले ऑटो चालक मालिक अपना आई कार्ड अपना आवेदन भर के बनवा ले। आई कार्ड चालक का मान्यता प्राप्त पहचान होता है। सरकारी विभाग में भी आपका पहचान पत्र आई कार्ड करेगा कि आप चालक है और आई कार्ड रहने से यात्री भी निडर होकर बैठेगा की इन ऑटो चालक का पहचान है। इनके गले में आई कार्ड है। हमको यह सही सलामत घर तक पहुंचाएंगे। इसकी गारंटी यूनियन के पदाधिकारी लेते हैं। इसलिए की यात्री को किसी भी प्रकार का कोई भी तरह का परेशानी होता है तो उसे चालक का आई कार्ड का फोटो खींच कर यूनियन के ग्रुप व्हाट्सएप नंबर पर भेजने का कृपा करेंगे ताकि वैसे ऑटो चालकों का पहचान कर यूनियन द्वारा कार्रवाई की जाए सके। ऑटो चालक मालिकों को आई कार्ड वितरण किया गया उन सब का नाम इस प्रकार से है प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह प्रदेश संगठन मंत्री आनंद वर्मा प्रदेश कार्यकारी सदस्य एवं रांची स्टेशन मार्ग अध्यक्ष भोला सिंह राम अक्रवाल सिंह जयशंकर सिंह ताहिद अंसारी अब्दुल्लाह अंसारी आशुतोष ठाकुर जोगेंद्र मांझी करमचंद भोक्ता सुदर्शन भोक्ता रामदेव उरांव दशरथ पंडित रणजीत पंडित योगेश्वर कुमार यादव कैलाश पंडित खूबलाश पंडित दिलीप कुमार सोनी आकाश पांडे चंद्र देव पंडित महादेव प्रसाद मेहता भोला सिंह आरूप मोदक एवं सैकड़ो ऑटो चालक को मालिकों को आई कार्ड वितरण किया गया।

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का न्यायालय, बोकारो

**नोटिस**

**प्रथम पक्ष**

आकाश कुमार पिता राजकुमार पासवान,
पता सेन्टल सौंदा, थाना भुरकुंडा,
जिला रामगढ़, झारखण्ड– 829126

**द्वितीय पक्ष**

1. श्री कुमार नीरज पिता स्व0 बलीराम सिंह
   पताः– भागीरथी नगर, नन्दुआ स्थान,
   पो0+थाना– चास, जिला बोकारो।
2. श्री अमित कुमार दूबे पिता कालीदास दूबे
   पताः– बेलुन्जा, नियर दूर्गा मन्दिर, नन्दुआ स्थान,
   पो0– चास, थाना– चास(मु0), जिला बोकारो।

**सूचना बनाम् द्वितीय पक्ष**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रथम पक्ष आकाश कुमार पिता राजकुमार पासवान, पता सेन्टल सौंदा, थाना भुरकुंडा, जिला रामगढ़, झारखण्ड– 829126 के द्वारा अधोहस्ताक्षरी को एक आवेदन पत्र (प्रति संलग्न) देकर सूचित किया गया है कि मौजा चास के खाता सं0–609 एवं प्लॉट सं0–2880 रकवा–05 डी0 भूमि जो कि नन्दुआ स्थान आशा आई0टी0आई0 कॉलेज के पास है को आपके द्वारा कब्जा करने एवं 6.25 लाख रूपये का रंगदारी माँगने का आरोप लगाया गया है। उक्त के संदर्भ में मामले की सुनवाई हेतु **दिनांक–24.09.2024** को निर्धारित की गई है। निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को आप अपना पक्ष अधोहस्तारी के न्यायालय में रखने हेतु निश्चित रूप से उपस्थित हो।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
बोकारो

PR 336607 Law(24-25)#D

# दीक्षांत समारोह को लेकर छात्र संघों के प्रतिनिधियों के साथ की गयी बैठक

दुमका : स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में शनिवार को विभिन्न छात्र संघों के प्रतिनिधियों के साथ दीक्षांत समारोह के आमंत्रण समिति के समन्वयक डॉ अजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें 24 सितंबर 2024 को होने वाले दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन पर चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित छात्र संघ के प्रतिनिधियों ने मांग की कि टॉपरों की उत्तर पुस्तिका और कुछ पीएचडी शोधार्थियों की थीसिस सार्वजनिक की जाए ताकि शिक्षक और छात्र उसे देख सकें और मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता आए। साथ ही सभी ने कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर में हो और उसमें उस सत्र के सभी छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकों को भी आमंत्रित किया जाए तथा दीक्षांत समारोह में होने वाले खर्च की जानकारी सार्वजनिक की जाए और शुरुआत में छात्र-छात्राओं और छात्र प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पूरे कार्यक्रम पर चर्चा की जाए। मालूम हो कि गुरुवार को दीक्षांत समारोह के आमंत्रण समिति के संयोजक और डॉ शम्स तबरेज खान ने भी विभिन्न छात्रावासों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समारोह के सफल आयोजन पर चर्चा की थी। बैठक में उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. शम्स तबरेज खान, छात्र नेता श्यामदेव हेम्ब्रम, अभिषेक गुप्ता, अमन कुमार साह, धनंजय कुमार, मनोज सोरेन, संदीप मिर्धा, अजरुद्दीन अंसारी, राकेश मिश्रा, विमल हेम्ब्रम, राजीव बास्की आदि मौजूद थे।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

**67वीं औपबंधिक सूची जिला–बोकारो (पार्ट–1)**

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी कार्तिक महतो द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से की गई अनुशंसा तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अब्बास खॉ एवं कार्तिक महतो (दुगदा, बोकारो) के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–1618/24 2. आवेदक–गुलाम सरवर वारसी, पिता–मो0 हबीब शाह वारसी 3. ग्राम–रटारी, पोस्ट–दुगदा, थाना–दुगदा, प्रखण्ड–चंद्रपुरा 4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–गले में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–2248/24 2. आवेदक–संजय कुमार महथा, पिता–उपेन्द्र महथा 3. ग्राम–रटारी, पोस्ट–दुगदा, थाना–दुगदा, प्रखण्ड–चंद्रपुरा 4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष ,पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–2249/24 2. आवेदक–प्रकाश महतो, पिता–श्री राम महतो 3. ग्राम–तारानारी, पोस्ट–तारानारी, थाना–चन्द्रपुरा, प्रखण्ड–चंद्रपुरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–35 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–2250/24 2. आवेदक–मोहन गिरी, पिता–गुलाब गिरी 3. ग्राम–ढोरी बस्ती, पोस्ट–ढोरी , थाना–बेरमो, प्रखण्ड–बेरमो 4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–2251/24 2. आवेदक–बिकाश चन्द्र प्रजापती, पिता–परमानन्द महतो 3. ग्राम–बाराडीह , पोस्ट–बाँधडीह, थाना–जरीडीह, प्रखण्ड–जरीडीह 4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष ,पहचान चिन्ह–दाहिने कलाई पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–2252/24 2. आवेदक–दिनेश कुमार गोस्वामी , पिता–स्व0 चिन्ता नाथ गोस्वामी 3. ग्राम–टाँड बालीडीह , पोस्ट–जरीडीह , थाना–जरीडीह , प्रखण्ड–जरीडीह 4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–1619/24 2. आवेदक–नरेश कुमार गोस्वामी , पिता–श्री गोपाल गोसाई 3. ग्राम–चलकरी , पोस्ट–चलकरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें बांह में गदा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–1620/24 2. आवेदक–मेघलाल सोरेन , पिता–स्व0 सांझूल सोरेन 3. ग्राम–हरलाडीह , पोस्ट– हरलाडीह चलकरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–1621/24 2. आवेदक–भोला केवट, पिता–स्व0 रेवालाल केवट 3. ग्राम–चलकरी उत्तरी , पोस्ट–पेटरवार , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–1622/24 2. आवेदक–लुखेश्वर केवट , पिता–स्व0 रेवालाल केवट 3. ग्राम–चलकरी उत्तरी , पोस्ट–पेटरवार , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–34 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–1623/24 2. आवेदक–होपना मांझी , पिता–स्व0 रोहन मांझी 3. ग्राम–झरनाटांड , पोस्ट–चलकरी बस्ती , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–38 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर टिके का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–1624/24 2. आवेदक–असमुन निशा , पति–मो0 जियारत हुसैन 3. ग्राम–चलकरी , पोस्ट–चलकरी उत्तरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–महिला , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें ठेहुने के उपर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–1625/24 2. आवेदक–सोनी देवी , पति–पान बाबु केवट 3. ग्राम–चलकरी उत्तरी , पोस्ट–चलकरी उत्तरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–महिला , आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन पर ऐला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–3143/24 2. आवेदक–दशमी देवी , पति–स्व0 झूठन सोरेन 3. ग्राम–रौ रौ टोला , पोस्ट–बरलंगा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर खोदने का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–1626/24 2. आवेदक–उपासी देवी , पति–कन्हाय केवट 3. ग्राम–चलकरी उत्तरी , पोस्ट–चलकरी उत्तरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–1627/24 2. आवेदक–जीतलाल माँझी , पिता–स्व0 संझूल माँझी 3. ग्राम–हरलीडीह , पोस्ट–चलकरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर टिका का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–1628/24 2. आवेदक–विश्वनाथ माँझी , पिता–स्व0 रोहन माँझी 3. ग्राम–झरनाटांड , पोस्ट–चलकरी बस्ती , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–1629/24 2. आवेदक–बुधराम माँझी , पिता–स्व0 होपन माँझी 3. ग्राम–मायापुर टोला , पोस्ट–रोहर , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के तरफ घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–1630/24 2. आवेदक–किसुन माँझी , पिता–स्व0 सावना माँझी 3. ग्राम–लोपो , पोस्ट–मुगांसरला , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाभी के सामने तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–1631/24 2. आवेदक–लालु माँझी , पिता–विशुन माँझी 3. ग्राम–कानीडीह , पोस्ट–चलकरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती में सफेद दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–1632/24 2. आवेदक–मुरलीधर नायक , पिता–हिरालाल नायक 3. ग्राम–कानीडीह , पोस्ट–चलकरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाये गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–1633/24 2. आवेदक–पार्वती देवी , पति–स्व0 शिवधन हेम्ब्रम 3. ग्राम–बुढनगोड़ा , पोस्ट–मुंगासरला , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–महिला , आयु–अंकित नही है। , पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–1634/24 2. आवेदक–परनी देवी , पति–नारायण माँझी 3. ग्राम–कानीडीह , पोस्ट–चलकरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–महिला , आयु–57 , पहचान चिन्ह–नाक में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–1635/24 2. आवेदक–उगनी देवी , पति–लखन माँझी 3. ग्राम–श्यामपुर , पोस्ट–राधानगर , थाना–बालीडीह , प्रखण्ड–बालीडीह 4. लिंग–महिला , आयु–57 , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–1636/24 2. आवेदक–रतन मुर्मू , पिता–स्व0 महादेव माँझी 3. ग्राम–कानीडीह , पोस्ट–चलकरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट पर अइला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–1637/24 2. आवेदक–लिलमती देवी , पति–सुखदेव माँझी 3. ग्राम–असनाटाँड , पोस्ट–बिरनी , थाना–नावाडीह , प्रखण्ड–नावाडीह 4. लिंग–महिला , आयु–55 , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–1638/24 2. आवेदक–परमेश्वर हाँसदा , पिता–स्व0 सुराय माँझी 3. ग्राम–खेतको टोला बनुआडीह , पोस्ट–चलकरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–33 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाये पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–1639/24 2. आवेदक–राम कुमार माँझी , पिता–स्व0 शबरन माँझी 3. ग्राम–रोहिनटांड बालीडीह , पोस्ट–बालीडीह , थाना–जरीडीह , प्रखण्ड–जरीडीह 4. लिंग–पुरूष , आयु–77 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–1640/24 2. आवेदक–आनंद सोरेन , पिता–स्व0 धनेश्वर सोरेन 3. ग्राम–दरिदाग , पोस्ट–गोमिया , थाना–गोमिया , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–1641/24 2. आवेदक–सिमोनी देवी , पति–सोमय माँझी 3. ग्राम–कानीडीह , पोस्ट–चलकरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–महिला , आयु–38 , पहचान चिन्ह–गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–1642/24 2. आवेदक–उर्मिला देवी , पति–मिहीलाल मुर्मू 3. ग्राम–झिंझुको , पोस्ट–चलकरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–महिला , आयु–44 , पहचान चिन्ह–गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–1643/24 2. आवेदक–संतोषी देवी , पति–सुबास प्रसाद हाँसदा 3. ग्राम–खुटरी , पोस्ट–तुपकाडीह , थाना–जरीडीह , प्रखण्ड–जरीडीह 4. लिंग–महिला , आयु–43 , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–1644/24 2. आवेदक–सुकरमुनी देवी , पति–स्व0 शिवचरण माँझी 3. ग्राम–बारूसोरा , पोस्ट–चलकरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–महिला , आयु–61 , पहचान चिन्ह–चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–1645/24 2. आवेदक–सुमती देवी , पति–पुनाराम माँझी 3. ग्राम–आम्बाटोला , पोस्ट–चाँपी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–महिला , आयु–44 , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–1646/24 2. आवेदक–अधनू माँझी , पिता–शिवन माँझी 3. ग्राम–कानीडीह , पोस्ट–चलकरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष , पहचान चिन्ह–गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–1647/24 2. आवेदक–सोना राम मरांडी , पिता–किस्टो माँझी 3. ग्राम–कानीडीह , पोस्ट–चलकरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाँये गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–1648/24 2. आवेदक–गोबर्धन मुर्मू , पिता–चैतु माँझी 3. ग्राम–कानीडीह , पोस्ट–चलकरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाँये गाल पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–1649/24 2. आवेदक–पैरो देवी , पति–राम किशुन माँझी 3. ग्राम–पतकी , पोस्ट–मिर्जापुर , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–महिला , आयु–81 , पहचान चिन्ह–नाक पर अइला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–1650/24 2. आवेदक–बिशेश्वर मांझी , पिता–भोड़ा माँझी 3. ग्राम–जैना बस्ती , पोस्ट–जैनामोड़ , थाना–जरीडीह , प्रखण्ड–जरीडीह 4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष , पहचान चिन्ह–दोनो बाँह पर सिखा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–1651/24 2. आवेदक–सिमोती देवी , पति–लोवीन माँझी 3. ग्राम–पिपराडीह उलगड्डा , पोस्ट–उलगड्डा , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–महिला , आयु–53 , पहचान चिन्ह–दायें पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–1652/24 2. आवेदक–पाकुवा देवी , पति–शिवचन्द माँझी 3. ग्राम–पतकी , पोस्ट–मिर्जापुर , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–महिला , आयु–48 , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–1653/24 2. आवेदक–शकील अहमद अंसारी , पिता–स्व0 अब्दुल कयुम अंसारी 3. ग्राम–इस्लामपुर , पोस्ट–मखदुमपुर , थाना–बालीडीह , प्रखण्ड–चास 4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–ठुडी में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–1654/24 2. आवेदक–राजेन्द्र प्रसाद नायक , पिता–स्व0 बंधु नायक 3. ग्राम–चलकरी , पोस्ट–चलकरी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार 4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 336247 Home(24-25)#D

# कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण व सुचारू रूप से संपन्न हुई परीक्षाःउपायुक्त

## रविवार की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन है तैयार

धनबाद, झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 जिले के सभी 74 केंद्रों पर कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से तथा आयोग के मार्गदर्शन के अनुसार संपन्न हुई। उपरोक्त बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा ने पहले दिन की तीनों शिफ्ट की परीक्षा संपन्न होने के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान मीडिया से कही। उपायुक्त ने कहा की मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं डीजीपी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में परीक्षा से संबंधित दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए सभी सेंटरों पर परीक्षाएं संचालित की गई। किसी भी सेंटर से कदाचार करने या विधि व्यवस्था से संबंधित कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। उपायुक्त ने बताया कि परीक्षा अवधि में उन्होंने विभिन्न सेंटरों का तथा जिला कोषागार का निरीक्षण किया। सभी जगह सभी चीज शांतिपूर्ण पायी गई। उन्होंने मीडिया को बताया कि परीक्षा के लिए धनबाद में 28,116 परीक्षार्थियों के शामिल होने की संभावना थी। जिसमें प्रथम एवं द्वितीय शिफ्ट में 8678 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं तृतीय शिफ्ट में 8656 परिक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा 74 मजिस्ट्रेट, 82 सेंटर ऑब्जर्वर, 41 पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट, 8 फ्लाइंग स्क्वॉड के अलावा 540 से अधिक जवान व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। उपायुक्त ने कहा कि रविवार, 22 सितंबर को, भी जिले के 74 सेंटरों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। पत्रकार वार्ता में वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दनन ने मीडिया को बताया कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से हर सेंटर में पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। परीक्षार्थियों की अच्छे से तलाशी ली गई थी। सभी सेंटरों पर सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर लगाए गए थे। जिस कारण कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि इसके अलावा पुलिस ने कुछ दिनों से जिले के हर होटल, धर्मशाला, लॉज इत्यादि में नियमित चेकिंग की। जिससे परीक्षा में बाधा उत्पन्न करने वालों को पहचाना जा सके। इसके अलावा पुलिस ने झारखंड प्रतियोगी परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय, अधिनियम, 2023 से संबंधित पंपलेट एवं पोस्टर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, लॉज, होटल इत्यादि के आसपास लगाए थे। इस अधिनियम में कदाचार करने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने का प्रावधान है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शनिवार की तरह ही रविवार की परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन की पूरी तैयारी है। पत्रकार वार्ता में उपायुक्त, माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दन, सिटी एसपी, अजीत कुमार के अलावा प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे1



## जे.जी.जी.एल.सी.सी.ई. - 2023 को लेकर प्रातः 5:30 बजे से कार्यरत रहा कंट्रोल रूम



धनबाद। झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 को जिले के 74 केंद्रों पर शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा के निर्देश पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया ।

अनुमंडल कार्यालय के सामने स्थापित कंट्रोल रूम शनिवार सुबह 5:30 बजे से कार्यरत रहा। अनुमंडल पदाधिकारी, उदय रजक कंट्रोल रूम के वरीय प्रभार में रहे। जबकि कार्यपालक दंडाधिकारी, रविंद्र नाथ ठाकुर इसके प्रभार में रहे।

कंट्रोल रूम परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिका के ट्रेजरी तक पहुंचाने का कार्यरत रहा। रविवार को भी सुबह 5:30 बजे से कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा।

# कोयला नगर शॉपिंग सेंटर में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियानका आयोजन





धनबाद । बीसीसीएल के कोयला नगर शॉपिंग सेंटर मेंस्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री विद्युत साहा के दिशा निर्देशन में इस अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया गया, जिसमें कोयला भवन के विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक (कार्मिक) श्री नीरज कुमार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समस्त आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।महाप्रबंधक श्री विद्युत साहा ने इस अवसर पर स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि, "स्वच्छता को अपनाकर हम न केवल अपने जीवन को ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं, बल्कि एक स्वस्थ समाज का भी निर्माण कर सकते हैं।"

महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री कुमार मनोज ने स्वच्छता के विभिन्न लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, "स्वच्छता को अपनाने से ट्यूबरक्लोसिस, टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू जैसी अनेक संक्रामक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। इसलिए हमें अपने जीवन में स्वच्छता को अनिवार्य रूप से अपनाना चाहिए।"

# उपायुक्त ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण





धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा ने आज जिले में आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 जे.जी.जी.एल.सी.सी.ई. - 2023 के दौरान लुबी सर्कुलर रोड स्थित श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट, एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय, हिरक रोड स्थित माउंट लिटेरा जी स्कूल सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस क्रम में उन्होंने ऑब्जर्वर, सेंटर सुपरीटेंडेंट, स्टेटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी से सुरक्षा, विधि व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल जैमर सहित अन्य सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। साथ ही कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# उपायुक्त ने किया डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

### एसओपी का पालन करते हुए प्रश्न पत्रों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने का दिया निर्देश





धनबाद, झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा ने जिला कोषागार स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने प्रश्न पत्रों को आयोग द्वारा निर्धारित एसओपी के तहत समय पर और सुरक्षित तरीके से संबंधित परीक्षा केंद्रों में पहुंचाने का निर्देश दिया।साथ ही संबंधित परीक्षा केन्द्र के कोड का प्रश्न पत्र के बॉक्स में लगे कोड के साथ अच्छे से मिलान करने, निर्धारित वाहन और निर्धारित रूट से गंतव्य तक पहुंचने का निर्देश दिया।डिस्पैच सेंटर में उपायुक्त, माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## झारखंड होम गार्ड वेलफेयर एसोसिएशन का विशाल महासम्मेलन रविवार को विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन की बनेगी रणनीति



धनबाद, झारखंड होम गार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के ओर से रविवार 22 सितंबर को धनबाद गांधी सेवा सदन में विशाल महासम्मेलन का आयोजन किया गया है । जिसमें झारखंड सहित अन्य राज्यो से एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल होंगे। इसे लेकर एसोसिएशन ने सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमे संगठन के अधिवक्ता, अभय कांत मिश्रा ने कहा की होमगार्ड जवान पुलिस जवान की तरह ही काम करते है, लेकिन वे सुविधा इनको नही मिलती है। इनको काफी कम वेतन मिलती है। अब सरकार समान काम का समान वेतन देने की बात कर रही है, लेकिन पूरी काम ली जाएगी तब, ना तो पीएफ दिया जाता है न कोई सरकारी सुविधा। इस सभी की मांग को लेकर रविवार को सम्मेलन में आगे की रणनीति तय की जायेगी1

# गोल्फ ग्राउंड में दो दिवसीय तृतीय झारखंड पिकलबॉल चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ






धनबाद, गोल्फ ग्राउंड में शनिवार को दो दिवसीय तृतीय झारखंड पिकल बॉल चैंपियनशिप का आरंभ हुआ। चैंपियनशिप में धनबाद, कोडरमा, रांची, देवघर गिरीडीह, हजारीबाग के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में उद्घाटन के मौके पर विशिष्ट अतिथि तालपत्रा सेक्रेटरी स्टेट ड्राइव, झारखंड पिकलबॉल के सचिव प्रभात कुमार उपाध्यक्ष बी सुधीर, ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव कुमार,पार्षद अशोक पाल, पार्षद अंजना देवी,रंजन गुप्ता सेक्रेटरी बिहार पिकलबॉल एसोसिएशन, कौशल किशोर, प्रिया रंजन, सुसंकर, सुमित सरकार शंकर चौधरी, नरेश कुमार विकास कुमार गुंजन नयनी सिमरन,श्रीजन प्रखर उपस्थित थे। उपाध्यक्ष बी सुधीर ने बताया कि धनबाद में पहली बार पिकलबॉल का राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है और प्रतियोगिता में खिलाड़ी बहुत ही दमदार और शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

## बिनोद बिहारी महतो की 101वीं जयंती धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय



धनबाद, आगामी 23 सितंबर को बिनोद बिहारी महतो का 101 वां जयंती बिनोद बिहारी महतो जन जागरण ट्रस्ट के द्वारा भेलाटांड़ में मनाया जायेगा। इस संदर्भ में शनिवार को भेला टांड़ में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से ट्रस्ट के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद,सचिव इंद्र नारायण महतो व सचिव अरुण प्रसाद,कोषाध्यक्ष, राजकिशोर महतो, उपाध्यक्ष, गणपत महतो, गोपाल यादव,ए दिगंबर, सुदीस्ट कुमार,दिगंबर महतो, रामचंद्र महतो, समाजसेवी बसंत यादव, ट्रस्टी बीके सिन्हा,नवल प्रसाद, रामस्वरूप प्रसाद, मदन महतो शक्ति महतो ने अपने अपने विचार को रखा साथ ही बिनोद बिहारी महतो का जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया । उक्त बैठक में नंदलाल महतो, गोलक बिहारी महतो, राजेश महतो, तुलसी महतो,अनिल महतो, रमेश महतो, मगाराम महतो, गोरा चंद महतो आदि उपस्थित थे।

## जे पी ग्रुप ऑफ इंस्ट्यूशन बना धनबाद का पहला आईएनसी मान्यता प्राप्त कॉलेज

धनबाद, बाईपास बलियापुर रोड कोला कुसमा मंझलाडीह सरायढेला स्थित जे पी ग्रुप ऑफ इंटीट्यूशन का जे पी कॉलेज ऑफ नर्सिंग को इंडियन नर्सिंग काउंसिल की ओर से मान्यता मिल गई है। इसके तहत नर्सिंग के पाठ्यक्रम की शुरुआत होगी।कॉलेज में पाठ्यक्रम पर नामांकन प्रक्रिया शुरू है। चेयरमैन प्रदीप मंडल, मैनेजिंग डायरेक्टर ने कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार, आर एन चौरसिया को बताया जे पी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन भारत सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के मानक व गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए स्थापित एक वैधानिक संस्था है। इसमें विद्यार्थी निश्चिंत होकर पाठ्यक्रम में अपना नामांकन कर सुरक्षित व उज्जवल भविष्य की और अग्रसर होंगे।आगे मैनेजिंग डायरेक्टर नित्यानंद मंडल ने नेशनल नर्सिंग काउंसिल द्वारा जे पी इंस्टीट्यूशन को मिले, इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए आभार व्यक्त किया। नित्यानंद मंडल ने कहा धनबाद जिला समेत झारखंड एवं निकटवर्ती वेस्ट बंगाल के विद्यार्थियों के लिए जे पी इंस्टीट्यूशन में पाठ्यक्रम करने में काफी सुविधा होगी। प्रिंसिपल सोवोना भट्टाचार्य ने कहा नर्सिंग पाठ्यक्रम की शिक्षा के गुणवत्ता के साथ विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## चिराग पासवान के आगमन को लेकर धनबाद जिला अध्यक्ष, दिलीप कुमार के नेतृत्व में आयोजित की गई बैठक



धनबाद। लोक जनशक्ति पार्टी के धनबाद जिला अध्यक्ष, दिलीप कुमार के नेतृत्व में लोदना मोड़ के समीप बैठक आयोजित की गई 1उक्त बैठक में लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, चिराग पासवान के धनबाद आगमन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई 1 ज्ञात हो की 29/9/24 को चिराग पासवान का धनबाद में प्रस्तावित कार्यक्रम आयोजित की गई है 1 इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धनबाद जिला अध्यक्ष, दिलीप कुमार नें लोगों से आह्वान किया की ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनावे 1 उक्त बैठक में काफी संख्या में लोक जनशक्ति पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद थे 1

# धनबाद, गोमो खंड में चलाया गया मजिस्ट्रेट चेकिंग

## अभियान के साथ-साथ मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान





### जांच अभियान के दौरान बिना टिकट रेल यात्रा करने वाले यात्रियों से 3 लाख 58 हजार 580 रूपये जुर्माने के तौर पर वसूल की गई

धनबाद, धनबाद मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है | इसी क्रम में धनबाद- गोमोह खंड में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग अभियान एवं मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान के साथ-साथ चन्द्रपुरा, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गई | इस जांच अभियान में कुल 852 यात्रियों को पकड़ा गया 1 इस संदर्भ में अमरेश कुमार, वरीय मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी नें हिंदी दैनिक समाचार पत्र कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार सह ब्यूरो चीफ को जानकारी दी की इस जांच अभियान में जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे | इस दौरान उनसे 3 लाख 58 हज़ार 580 रूपए जुर्माने के रूप में राशि वसूल की गई व कड़ी हिदायत दी गई 1 चेकिंग अभियान में 162 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था 1

चेकिंग टीमों ने स्टेशनों एवं विभिन्न मेल, एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग की गई 1 आगे उन्होंने बतलाया की इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है, ताकि वे टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## बिना चालान बालू का परिवहन करते 2 हाइवा व एक टाटा 407 जब्त

### एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया जारी





धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक के नेतृत्व में बीती रात टुंडी और बलियापुर थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया।

इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि जांच के क्रम में टुंडी थाना क्षेत्र के घुरनीबेड़ा से एक हाइवा संख्या जेएच 10 सी.एल. 1226 तथा लोधरीया मोड़ के पास एक टाटा 407 संख्या जेएच 01 ए.पी. 1445 को बिना परिवहन चालान बालू का परिवहन करते पकड़ा गया।

वहीं अभियान की दूसरी कड़ी में बलियापुर थाना क्षेत्र में बिना परिवहन चालान बालू का परिवहन करते हाइवा संख्या जेएच 10 सी.वी. 7760 को पकड़ा गया।सभी वाहनों को संबंधित थाना को सुपुर्द कर एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी, उदय रजक, अंचल अधिकारी गोविंदपुर, धर्मेन्द्र दुबे, अंचल अधिकारी टुंडी, जितेन्द्र प्रसाद, अंचल अधिकारी बलियापुर, सुदीप एक्का तथा आवंटित पुलिस बल शामिल थे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।